e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 63

रविवार

05.03.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

*कोई फायदा नहीं होता जिन्दगी पर लगाम लगाने का ये नहीं मुड़ेगी, आपके मोड़ने से..*

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 32° |
| न्युनतम | 18° |

## क्विक न्यूज

### अभियंता वीरेंद्र राम की रिमांड अवधि तीन दिन बढ़ी

**रांची :** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद शनिवार को ईडी कोर्ट में पेश किया। ईडी के न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में ईडी की ओर से फिर से पूछताछ करने के लिए आवेदन दिया गया। ईडी ने अदालत से पांच दिनों का रिमांड मांगा लेकिन अदालत ने तीन दिनों के रिमांड की मंजूरी दी। इसके पूर्व ईडी ने 23 फरवरी को पांच दिनों की रिमांड पर वीरेंद्र राम को ईडी को सौंपा था। इसके बाद 28 फरवरी को फिर से चार दिनों की पुलिस रिमांड पर ईडी को सौंपा था। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### विधायक कैश कांड में तीनों विधायकों को राहत, हाई कोर्ट ने एफआइआर निरस्त किया

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अदालत ने शनिवार को कैश कांड मामले में कांग्रेस के तीनों विधायकों को बड़ी राहत दी है। अदालत ने अरगोड़ा थाने में दर्ज जीरो एफआईआर को विधि सम्मत नहीं बताते हुए निरस्त कर दिया। साथ ही विधायकों की याचिका स्वीकृत कर दी। इस मामले की सुनवाई 24 फरवरी को हुई थी और अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के विधायक कुमार जय मंगल ने सरकार गिराने का आरोप लगाते हुए विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और विकसल नमन कोंगाड़ी पर मामला दर्ज करवाया था। इसके बाद कांग्रेस के खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने विधायक अनूप सिंह द्वारा कैश कांड में करायी गयी जीरो एफआईआर के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। राजेश कच्छप ने हाई कोर्ट में क्रिमिनल रीट दाखिल कर इस पूरे मामले में जांच की मांग की थी।

### 13 मार्च तक बजट सत्र स्थगित

**रांची :** होली को देखते हुए झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 13 मार्च तक स्थगित कर दिया गया है. इसके बाद झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शनिवार का दिन होली के नाम रहा. जहां आम हो या खास सभी होली की खुमारी में दिखे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी और कहा कि लोगों का जीवन में रंगों से भरा रहे. उन्होंने कामना की कि पूरे झारखंड में खुशियां रहे. विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने भी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि राज्य में सभी लोग सुख शांति से त्योहार मनाए. पूरा झारखंड अब होली की खुमारी में है. 13 मार्च से फिर विधानसभा का बजट सत्र शुरू होगा. तब तक सभी लोग होली के रंग में सराबोर होंगे.

### होली पर भारत आएंगे ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज 8 से 11 मार्च तक भारत के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ ऑस्ट्रेलिया के व्यापार और पर्यटन मंत्री डॉन फैरेल और एक उच्च-स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल आएंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों के अलावा सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा करने के लिए पीएम मोदी और पीएम अल्बनीज वार्षिक शिखर सम्मेलन का आयोजन करेंगे। पीएम अलबनीज दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे।

### शव छुपाने के मामले में अभियुक्त को उम्रकैद

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एसएम शहजाद की अदालत ने शनिवार को पत्नी की हत्या कर शव छुपाने के मामले के दोषी महबूद आलम को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वह पिठोरिया के करकट्टा गांव रहने वाला था। अदालत ने सजा के साथ-साथ उस पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। महबूद आलम पर शादीशुदा होने के बावजूद धोखा देकर गुलशन परवीन नामक महिला से शादी करने और भेद खुलने पर उसे पत्थर से मारकर हत्या कर दी थी।

गिरिडीह में जेएमएम के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए हेमंत सोरेन

# अलग राज्य जेएमएम की देन : हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** जेएमएम के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होने गिरिडीह पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन। पार्टी द्वारा आयोजित स्थापना दिवस समारोह स्थल झंडा मैदान से संबोधन के क्रम में पूंजीपति और भाजपा पर जमकर हमला बोला। स्वर्ण जयंती को लेकर उत्साह चरम पर था। अपने सम्बोधन के दौरान सीएम हेमंत ने कहा की शिबू सोरेन ने अलग राज्य के लिए लंबा लड़ाई लड़ा। और अब सरकार को अस्थिर करने के लिए भाजपा सारा तिकड़म अपना रही है। अब सरकार ऐसा फार्मूला अपना रही है की भाजपा क्या कोई भी अगले चालीस साल तक सता में आने वाला। कहा की राज्य के वृद्धों को उनका अधिकार देने के लिए वृद्धा पेंशन दिया जा रहा है। विधवा बहनों को पेंशन दिया जा रहा है। सावित्री बाई फुले योजना से बेटियो को जोड़ा जा रहा है। जिसे बेटियो को उनके सपनों को पूरा किया जा सके। 20 लाख राशन कार्ड वितरण कर राशन दिया जा रहा है। सीएम हेमंत के पूरे राज्य वाशियो को मेहनती बताते हुए कहा की पशिना चुआ कर कोई मेहनत करना झारखंडी से सीखे। सीएम हेमंत ने कहा की झारखंड आंदोलन इस बात के सबूत है की मूलवाशियों को उनके अधिकार देने के लिए खतियान लागू किया गया। लेकिन एक बार बाहरी ताकते मूलवासियों पर लगातार हमला कर रही है। और अब इसका जवाब देना होगा। क्योंकि देश में आजादी को जलियांवाला बाग कांड से देखा जाता है तो झारखंड ने ऐसे कई जलियांवाला कांड देख चुका है। सीएम हेमंत ने संघर्ष को झारखंडी परंपरा से जोड़ कर स्थापना दिवस में उमड़ी भीड़ को भावुक करने का प्रयास भी किया। सीएम हेमंत ने लोगो को आगाह किया को उनका पैसा बैंक में भी सुरक्षित नहीं रह गया है। क्योंकि गुजरात के एक आदमी ने पूरे देश को पूंजीपति के हाथो गिरवी रख दिया है इस कार्यक्रम में गिरिडीह विधायक सुधीर कुमार सोनू, गांधी विधायक सरफराज अहमद, गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, जिलाध्यक्ष संजय सिंह समेत हजारों लोग उपस्थित थे।



### सम्मानित होंगे आंदोलनकारी

इस कार्यक्रम के दरमियान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा उन आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जाएगा. जिन्होंने झारखंड आंदोलन के दौरान दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ राज्य अलग करने की लड़ाई लड़ी थी. देर शाम को सीएम यहां पर सभा को सम्बोधित करेंगे. कहा जा रहा है कि इस कार्यक्रम में 20 से 25 हजार की भीड़ उमड़ सकती है. यहां जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि 4 मार्च 1973 को गिरिडीह जिले में झामुमो की स्थापना की थी. कहा कि इस बार विशेष आयोजन किया गया है.

नियोजन नीति के मुद्दे को लेकर भाजपा व आजसू ने किया जोरदार हंगामा

# नियोजन नीति पर हंगामा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा और आजसू के विधायकों नियोजन नीति के मुद्दे को लेकर जोरदार हंगामा किया। विपक्ष के हंगामे के कारण प्रश्नकाल पूरी तरह से बाधित रहा। स्थिति यह रही कि स्पीकर को दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के कारण न तो सदन में एक भी अल्पसूचित, तारांकित और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आये। पहले स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12 बजे दिन तक के लिए स्थगित की थी। दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने सरकार से नियोजन नीति पर जवाब देने की मांग करने लगे।

**नियोजन नीति को लेकर उहापोह की स्थिति : लोबिन हेम्ब्रेन**

विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रेन में अपनी ही सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद किया। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि राज्य में नियोजन नीति को लेकर उहापोह की स्थिति है। उन्होंने कहा कि इसी सदन से नियोजन नीति पारित हुई थी और अब दो दिन पहले सरकार ने कैबिनेट से नई नियोजन नीति को मंजूरी दी है, जो विधेयक सदन से पारित हो गया उसे बिना वापस लिए फिर से कैबिनेट से पारित कराना नियमसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार सदन का अवमानना कर रही है। चलते सत्र में सरकार ने 1932 आधारित नियोजन नीति पारित कराई।



### सरकार नियोजन नीति पर 13 मार्च को सदन में जवाब देगी : आलमगीर आलम



संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि किस कारण से हाई कोर्ट ने नियोजन नीति को रद्द किया है यह सभी सदस्य जानते हैं। यह सही है कि नियोजन नीति को कैबिनेट से पारित कराया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार 13 मार्च को इस मामले पर सदन में जवाब देगी की किस कारण से नियोजन नीति पारित हुआ और किस कारण से रद्द हुआ। यह गलत है। विपक्ष के लगातार हंगामे को देखते हुए स्पीकर में विधानसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### सरकार बताए, 1932 पर क्यों बैकफुट पर आई : नीलकंठ सिंह मुंडा



भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने भी सरकार पर सदन की अवमानना करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसी सदन से सर्वसम्मति से नियोजन नीति पारित हुई है। इस समय 1932 आधारित स्थानीय नीति पारित की गई थी। अभी जो कैबिनेट आए नियोजन नीति आयी है वाज 2016 वाली नीति है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि 1932 पर सरकार क्यों बैकफुट पर आई है। यह झारखंड के लोगों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति पर हाई कोर्ट ने क्या निर्णय दिया है।

# रांची में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि

## बर्ड फ्लू से डरने की जरुरत नहीं : स्वास्थ्य मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** होली से पहले बर्ड फ्लू की दस्तक ने चिकन प्रेमियों के रंग में भंग डाल दिया है। होली के त्योहार से पहले झारखंड में बर्ड फ्लू की दस्तक से लोग परेशान हैं। बोकारो के बाद रांची में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इस मामले पर शनिवार को विधानसभा के बाहर स्वास्थ्य मंत्री ने बयान दिया। उन्होंने लोगों से नहीं घबराने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों के सवालों पर उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू की खबरें आ रही हैं। पशुपालन मंत्री और विभाग सारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। डरने की बात नहीं है। साथ ही कहा कि जब-जब बर्ड फ्लू आया है, हम ज्यादा मुर्गा खाये हैं। हां, मुर्गा को थोड़ा ज्यादा भूनकर खाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, दुमका और अन्य जिलों के साथ साथ राजधानी रांची में भी तीन मार्च को बर्ड फ्लू के मामले सामने आ चुके हैं। पशुपालन विभाग ने कोलकाता सैंपल भेजकर इसे कंफर्म किया है। रांची में भी जेल चौक के पास स्थित केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के आवासीय परिसर में आधा दर्जन मुर्गियों के बर्ड फ्लू से मरने की पुष्टि हो चुकी है। फिलहाल, पशुपालन निदेशालय की ओर से जेल मोड़ चौक के एक किमी की परिधि में आने वाली मुर्गियों का सर्वे करने का निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिया गया है। इस दायरे में आने वाली सभी मुर्गियों को मारे जाने की तैयारी है। साथ ही 10 किमी क्षेत्र को सर्विलांस घोषित कर दिया गया है।



मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस और श्रम विभाग का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा तमिलनाडु

# तमिलनाडु में अधिकारियों से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर तमिलनाडु में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति की जानकारी लेने के लिए झारखण्ड पुलिस और श्रम विभाग के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार देर शाम तमिलनाडु पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने दौरा कर तमिलनाडु सरकार के अधिकारियों और प्रवासी श्रमिकों से बातचीत कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल को वहां के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि एक पुराने मामले के तथकथित घटना का वीडियो सोशल मीडिया द्वारा वायरल किया गया। अधिकारियों ने कहा प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा तमिलनाडु सरकार के लिए सर्वोपरि है। प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया गया कि सावधानी बरतते हुए उत्तर की दिशा में जाने वाली ट्रेनों में आरपीएफ के अतिरिक्त बल को तैनात करने का निर्देश भी तमिलनाडु सरकार द्वारा दिया गया है।

### सीएम हेमंत ने दिया हर संभव सहायता करने का निर्देश

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने श्रम विभाग और झारखण्ड पुलिस को तमिलनाडु सरकार के संबंधित अधिकारियों से निरंतर संपर्क स्थापित कर प्रवासी श्रमिकों को हर संभव सहायता करने और जरूरत पड़ने पर प्रवासी श्रमिकों की राज्य वापसी का निर्देश भी दिया है।



### प्रवासी श्रमिकों से की मुलाकात

झारखण्ड सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने झारखण्ड राज्य के विभिन्न प्रवासी श्रमिक समूहों से मुलाकात की। तथा उन कार्यस्थलों का भी दौरा किया जहां से झारखण्ड के प्रवासी नियंत्रण कक्ष को प्रवासी श्रमिकों द्वारा संपर्क किया जा रहा था। प्रवासी श्रमिकों को कोई भी परेशानी होने पर तमिलनाडु एवं झारखण्ड सरकार द्वारा नीचे दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की बात कही।

**तमिलनाडु पुलिस द्वारा जारी नंबर**

0421-2203313, 9498101300, 9408101320

**झारखण्ड प्रवासी कंट्रोल रुम का नंबर**

**व्हाट्सएप न0**

9470132591, 9431336427, 9431336398, 9431336472, 9431336432

**लैंडलाइन न0**

0651-2481055, 0651-2480083, 0651-2481037, 0651-2480058, 0651-2482052

# मरकच्चो के आर्कोसा ग्राम को मिला सम्मान राष्ट्रपति व मंत्री ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल में उतराने के लिए जिला प्रशासन कोडरमा कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के द्वारा शुरू की गयी नीलांबर पीतांबर जल समृद्धि योजना, बिरसा आम बागवानी योजना, कृषि विभाग का भुमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कई योजनाओं का चयन कर जल संरक्षण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इतना ही नहीं जल शक्ति मंत्रालय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा जल संसाधन विभाग की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। उपायुक्त आदित्य रंजन की पहल से कोडरमा जिला में हमार गांव हमार जिम्मेदारी की शुरुआत कर गांवों को विकास की डोर से जोड़ा जा रहा है। जिले के करीब 120 गांवों में हमार गांव हमार जिम्मेदारी चलाकर गांव का विकास किया जा रहा है।उपायुक्त की पहल से शुरू की गई हमार गांव हमार जिम्मेदारी का बेहतर प्रदर्शन से कोडरमा जिला को जल शक्ति अभियान के तहत कैच दा रैन में जरगा पंचायत के कंझाटांड के पार्वती देवी एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम में मरकच्चो के आर्कोसा गांव की पूजा देवी को सम्मान मिला। आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू द्वारा कैच दा रैन के लिए पार्वती देवी और जल शक्ति मंत्रालय के मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम के लिए पूजा देवी को सम्मानित किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि कोडरमा जिला के लिए गौरवान्वित पल है। जिला प्रशासन कोडरमा के टीम द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निरंतर बेहतर कार्य किये जा रहे हैं, कोडरमा जिला हर क्षेत्र में बेहतर करते आगे बढ़ रहा है। उपायुक्त ने जिला प्रशासन कोडरमा के टीम, स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ साथ इस मुहिम में जुड़े ग्रामीणों को धन्यवाद दिया है।बता दें कि स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान के लिए स्वच्छता, तरल कचरा प्रबंधन, ओडीएफ प्लस ग्राम, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण (कैच था रैन) श्रेणियों में कार्य करने वाली महिला प्रतिनिधि स्वच्छ ग्राही नेचुरल लीडर को सम्मानित करने हेतु 15 फरवरी तक ऑनलाइन नॉमिनेशन किया गया था, उक्त संदर्भ में कोडरमा जिला से कुल चार श्रेणी में 4 प्रतिभागियों को नामित किया गया था। जिसमें से जल शक्ति अभियान के तहत कैच था रैन में जरगा पंचायत के कंझाटांड को एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम में मरकच्चो के आर्कोसा ग्राम को चयनित किया गया था।



# दो ईनामी नक्सली गिरफ्तार

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सक्रिय प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सलियों को तगड़ा झटका लगा है। संगठन के 25 लाख के इनामी नक्सली सैक सदस्य गौतम पासवान एवं 15 लाख के ईनामी मनोहर गंझू दस्ते का कंपनी कमांडर रामाशीष यादव उर्फ चलितर यादव उर्फ अंगद को सुरक्षाबलों ने धर दबोचा है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित हंटरगंज थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने नक्सलियों के सेफ जोन के रूप में चिन्हित कौलेश्वरी सब जोन अंतर्गत कोल्हुआ ईलाके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली के विरुद्ध चतरा के विभिन्न थानों में 10 से अधिक दुर्दांत नक्सल मामले दर्ज है, जिसमे पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। गिरफ्तार नक्सली चतरा के गिद्धौर थाना क्षेत्र के केंदुआ गांव का रहने वाला है। एसडीपीओ ने बताया कि हंटरगंज थाना क्षेत्र के लूटा फाटा इलाके में हुए पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में भी रामाशीष शामिल था।

# भगवान भरोसे चल रहा है स्टेट बैंक ऑफ इंडिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय में संचालित भारतीय स्टेट बैंक नगर उंटारी शाखा की व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है। एसबीआई बैंक से यदि कोई खाताधारक पैसा निकलवाने या जमा कराने के दौरान काउंटर में बैठे कर्मचारी द्वारा घंटों इंतजार करवाया जाता है। इन दिनों शादी-ब्याह का सीजन चल रहा है। जिन्हें पैसों की आवश्यकता पड़ती है उनका सारा दिन बैंक के चक्कर काटते ही गुजर जाता है। यहां लोग सुबह से ही लाइन लगाकर बैंक में बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं। लेकिन शाम होने तक भी उनका काम नहीं हो पाता है। इनमें विशेषकर वृद्ध पुरुषों महिलाओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस वजह से रोजाना सैकड़ों ग्राहकों को अपनी ही रकम निकलवाने के लिए बैंक का चक्कर काटना तथा घंटो लंबी लाइन में लगकर बड़ी मुश्किल से रुपए निकाल पा रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों को टालमटोल कर सुबह से शाम तक बैठाए रहते हैं और शाम होने पर कोई बहाना बना कर उन्हे घर वापस लौटा दिया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि शहर के मुख्य शाखा होने के बावजूद भी इस बैंक में तीन चार कर्मचारी के भरोसे काम चलता है। इस बैंक में रोजाना कोई ना कोई कर्मचारी गायब ही नजर आते हैं। जबकि जानकारी के अनुसार एसबीआई शाखा नगर उंटारी में लगभग 1 लाख 36 हजार खाताधारकों का खाता है बावजूद एसबीआई की शाखा में इन दिनों अवस्थाओं की भरमार है।

**बैंक का व्यवस्था नहीं बदला तो खाता बंद करवा देंगे : ग्राहक**

शहर के व्यापारियों व ग्राहकों ने बताया कि शाखा में समुचित स्टाफ ना होने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उनका कहना है कि शाखा में कोई भी काम लेकर आने पर उनका काम सही समय पर नहीं हो पाता है बल्कि एक काम को कराने में 10 से 15 दिन लग जाते हैं। वही नगदी, जमा, निकासी, चालान, पेंशन संबंधित मामलों में पहले जहां 15 से 20 मिनट में काम हो जाता था वहां अब 3 से 5 घंटे लग रहे हैं। ऐसे में लोगों को बैरंग वापस लौटना पड़ता है। ग्राहकों का कहना है कि ऐसी स्थिति आगे भी रहे तो अपने अकाउंट को यहां से बंद करा लेंगे।

**चेंबर ऑफ कॉमर्स ने शीघ्र सुधार करने की मांग**

चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई ने एसबीआई शाखा के कार्यप्रणाली पर असंतोष जताया है। चेंबर अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर ने एसबीआई शाखा के चीफ मैनेजर को पत्र लिखकर बैंक की कार्यप्रणाली से लोगों में व्याप्त असंतोष को दूर कर व्यापक सुधार करने का आग्रह किया है। दिए गए पत्र में चेंबर अध्यक्ष ने लिखा था कि एसबीआई शाखा की कार्यप्रणाली और निष्क्रियता से व्यवसायियों बुजुर्गों समेत आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पढ़ रहा है। बैंक में कार्यरत अधिकारियों और कर्मियों द्वारा समय से कार्यों का निष्पादन नहीं किए जाने और टालमटोल के साथ-साथ ग्राहकों को दौड़ाने वाले कार्यशैली से ग्राहकों को परेशानी और बढ़ जा रही है। इस संबंध में कई बार शिकायत की जाने के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण और अफसोस जनक है। उन्होंने एसबीआई शाखा के चीफ मैनेजर से जमा एवं निकासी के लिए दो-दो काउंटर की व्यवस्था करने ग्राहकों द्वारा मांगे जाने पर समय से स्टेटमेंट देने बैंक अधिकारियों और कर्मियों को ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार नहीं करने तथा उनसे शालीनता पूर्वक से बात कर समझाने एवं मुख्य बाजार में एसबीआई का एटीएम लगवाने का आग्रह किया हैं।

**क्या कहा शाखा प्रबंधक देवनीश बोदरा ने इस संबंध में**

एसबीआई शाखा के शाखा प्रबंधक ने देवनीश बोदरा बताया कि इस बैंक में कर्मचारियों की कमी होने से ग्राहकों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि कम से कम पांच कैसियर की जरूरत है जिससे कि लोगों को लेने देने में परेशानी ना हो। इसी वजह से बैंक में भीड़ बनी रहती है हालांकि इस मामले में उच्च अधिकारियों को अवगत किया जा चुका है जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## शोक सभा का किया गया आयोजन



**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालिका उच्च विद्यालय रमना के प्रारंभिक सचिव स्व प्रदुमन प्रसाद गुप्ता के पुत्र 50 वर्षीय दिलीप प्रसाद गुप्ता के आकस्मिक निधन पर शनिवार को बालिका उच्च विद्यालय में शोक सभा कर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रर्थना की गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सीना में दर्द के शिकायत पर स्वजनों ने जिला मुख्यालय गढ़वा के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इनके दो पुत्र एवं एक पुत्री हैं। शोक सभा में मुख्य रूप से विद्यालय के संस्थापक महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, प्रभारी प्रधानाध्यापक चतुरगुन महतो, शिक्षक धर्मदेव उरांव, लक्ष्मी साहु, प्रियंका कुमारी, पूजा कुमारी, मोतीचंद राम, रामजी राम, चम्पा देवी व छात्राएं उपस्थित थे।

## नावा बाजार थाना परिसर मे होली एवं सबे ए बरात को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नावा बाजार थाना परिसर मे शनिवार को होली एंव सबे ए बरात को लेकर अचंलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव के अध्यक्षता मे शांती समिति का बैठक किया गया।जिसका संचालन हिन्दू मुस्लिम एकता समिती के सचिव मोहम्मद यासीन खान ने की। मौके पर अंचलाधिकारी ने कहा कि होली व शबे बरात आपसी भाईचारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार को मनाएं एक समुदाय दूसरे समुदाय लोगों को मदद कर मिल्लत के साथ त्यौहार संपन्न कराएं। नशे की हालत में रंग में भंग ना डालें उससे आपसी सौहार्द बिगड़ता है इस पर ध्यान रखा जाए।वही विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुरजीत कुमार ने कहा कि संस्कृति सभ्यता के संदर्भ में त्योहार की प्रथा परंपरागत तरीके से मनाएं भौतिक संस्कृति एवं अभौतिक संस्कृति के अनुकूल त्यौहार को दिशा की गति प्रदान करें ताकि समाज में सभी समुदाय वर्गो के रहने वाले लोगों को ठेस ना पहुंचे आपसी मिलत भाई चारे के साथ होली शबे बरात त्यौहार बुराई पर अच्छाई की ओर जीवन की कालचक्र दशा को परिवर्तन करने की सिखलाता है। वही नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने कहा के हुड़दंगयों को खैर नहीं। फेसबुक व्हाट्सएप पर गलत मैसेज डालने वाले युवकों को तथाकथित करवाई की जाएगी ।डीजे पर अश्लील गीत एवं सौहार्द बिगाड़ने वाला गीत तथा क्षेत्र में नशा शराब पर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मौके पर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, पांडु अचंल निरीक्षक अजय कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक नंदकिशोर दास, आलोक सोरेन, कुणाल राजा, मुकेश कुमार, एएसआई प्रदुमन पासवान, उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम, मुखिया चंदन कुमार, जमालुद्दीन खान, पुर्व मुखीया अजय कुमार गुप्ता, दामोदर चौधरी, मुन्ना राम, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सोनी, सुरेश प्रसाद, भगवान साहु, मिस्टर अंसारी, कपिलदेव ठाकुर, गुलाम नबी, वकील अंसारी, सहित सैकड़ो बुधिजीवी उपस्थीत थे।

## उंटारी रोड थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड :** थाना परिसर में शनिवार को होली पर्व व शबे ए बरात को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो व संचालन उंटारी रोड़ जिला पार्षद अरविंद कुमार सिंह ने किया। बैठक में थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने कहा कि होली व शबे ए बरात त्योहार आपसी सौहार्द वातावरण में संपन्न करें वहीं होली में समितियों को अश्लील गाना नहीं बजाने की बात कही। साथ ही क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों से कहा की होली के दिन आने जाने वाले राहगीर व अपने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो से अपील करें कि किसी को जबरदस्ती रंग नहीं लगाना है, व शराब बेचने और पीने वाले लोगों पर विशेष ध्यान देंगे क्योंकि शराब हीं झगड़ा का कारण बन जाता है ,असामाजिक तत्वों के लोगों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। वहीं बैठक में थाना प्रभारी ने यतायात नियमों को बताते हुए लोगों से आग्रह किया की मोटरसाइकल पर तीन लोड नहीं चलें, बिना हेलमेट मोटरसाइकल नहीं चलायें और अपने वाहन के सभी जरूरी कागजात ले कर ही चलें मौके पर उंटारी रोड़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ललित राम, एएसआई राजकुमार शर्मा, पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान, समाजसेवी कृष्णा पाल, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, उप मुखिया दुर्गेश कुमार, डॉ योगी सिंह, अरबिंद मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।।

## सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर थाना परिसर में शांति समिति का बैठक होली पर्व व शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक में अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने किया वही मुख्य अतिथि सदर अंचल अधिकारी जेके मिश्र इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे। पूर्व मुखिया प्रेम प्रकाश ठाकुर सुआ कौड़िया रामनवमी जनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार इस मौके पर उपस्थित पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह अनिल विश्वकर्मा मुकेश पांडे सुबोध कुमार विश्वकर्मा एएसआई शहंशाह सिद्दीकी इस बैठक में खासकर होली और शबे बरात के लेकर बहुत महत्वपूर्ण बैठक किया गया इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हिंदू मुस्लिम दोनों धर्म मिलकर सादगी से होली पर्व शबे बरात को मनाए इस मौके पर अंचल अधिकारी जेके मिश्र ने बताया कि पर्व के दौरान किसी तरह के अफवाह से बचें ऐसे में सब एक साथ मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से होली और शबे बरात को हिंदू मुस्लिम मिलकर मनाए इस मौके पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पर्व के दौरान किसी भी तरह का हुड़दंग आई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा गलत काम करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा हर एक चौक चौराहे पर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था की जाएगी अगस्ती कर सभी क्षेत्र में इस मौके पर थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि होली पर्व में काफी शराब का सेवन करते हैं नहीं शराब का सेवन करें पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने हिंदू-मुस्लिम को सादगी से मिलकर त्यौहार मनाने के बाद की है।क्या कहते हैं दोनों समुदाय के लोग एक मामला उठाकर शराब पीकर बहुत से लोग है धांधली करते हैं तो सदर थाना प्रभारी के द्वारा आश्वासन मिला कि जो शराब पीकर धांधली करते हैं फोन किया जाए उनको पकड़ कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर अबुल अंसारी संतोष प्रसाद साव सुआ मुखिया पति उपाध्याय सिंह कौड़िया उप मुखिया प्रमोद राम सुरेंद्र तिवारी सुलेमान अंसारी बसंत मेहता सुदर्शन ठाकुर जायरून निसा हवाई मन मंच संचालन करते प्रेम प्रकाश ठाकुर थे।

## क्षेत्र में अमन व शांति के लिए यज्ञ अत्यंत जरूरी : विकास दुबे



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्र में अमन व शांति के लिए वातावरण की खुशबू के लिए आसपास के जगहों में हरियाली के लिए यज्ञ जैसे पुनीत कार्य कराना हर्षपूर्ण बातें हैं। यज्ञ जीवन की अमूल्य धरोहर है यह उक्त बातें विश्रामपुर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी विकास दुबे ने कहा। श्री दुबे आज लालगढ़ में चल रहे शिव प्राण प्रतिष्ठा के यज्ञ में सम्मिलित होकर कथावाचक को चंदन का टीका लगाकर सम्मानित किया। विकास दुबे ने बताया यज्ञ से बड़ा पुनीत कार्य विश्व में कुछ नहीं वैसे माता-पिता को मैं बारंबार प्रणाम करता हूं जो धर्म की रक्षा के लिए अपने जीवन को वैदिक अनुष्ठान में समर्पित कर हवन पूजन में दान पुण्य में अलौकिक संसार से मोह के बंधन को छोड़कर ऐसे शुभ कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता हो। विकास दुबे ने बताया आने वाला विश्रामपुर विधानसभा का चुनाव 2024 कई मायने में महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इस बार इतिहास को बदलने की क्षमता रखने वाले विकास दुबे चुनावी महासमर में है विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को विनोद सिंह के समय से ही सताया जा रहा है आने वाले सभी जनप्रतिनिधियों ने जनता का जितना मजाक उड़ाया अब बर्दाश्त से बाहर है। जनता के बीच में मची हाहाकार तथा क्षेत्र भ्रमण में जनता की आकांक्षाओं को धराशाई होता देख मैं काफी कुंठित होता हूं। विधि व्यवस्था धराशाई हो गई जनता त्रस्त है प्रशासन बालू सहित अन्य कार्यों में मोटी उगाही कर रही है विधायक अपने इशारों पर लोगों को नचा रहे हैं। विकास दुबे ने आज यज्ञ भूमि पर जनता को आश्वस्त किया की दुख के दिन अब दूर हो गया है आने वाला समय सिर्फ विकास दुबे का होगा फिर एक एक जनता विश्रामपुर विधानसभा का प्रतिनिधित्व करेगा ना कि विकास दुबे करेगा विकास दुबे ने विकास की गंगा बहाने का भरपूर समर्थन किया तथा विश्रामपुर पांडू नवा बाजार उंटारी रोड मझियां बरडीहा कांडी सभी प्रखंडों में उच्च शिक्षा बहाल करने के लिए राज्य स्तरीय स्कूल खुलवाने की पहल करने की बात कहां मौके पर ऊंटारी जिला पार्षद अरविंद सिंह भाजपा के वरीय नेता अलख पांडे सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## होली व शब ए बरात को लेकर पिपरा में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पिपरा थाना परिसर में शनिवार को होली व शब ए बरात को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कर रहे थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से होली और शब ए बरात का त्योहार शांतिपूर्ण तथा आपसी भाईचारे के माहौल में मनाने के साथ ही उन्होंने होली के दौरान हुड़दंग और अफवाहों से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट करनेवालों पर प्रशासन की नजर है लोग उससे परहेज करें। वहीं किसी भी प्रकार की घटना की सूचना तत्काल थाना को देने की बात कही। मौके पर एसआई अभय आनंद, पिनिश मुंडा, एएसआई छोटन राम तूरी, उमेश महतो बीपीओ प्रभात कुमार विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइयां भाजपा नेता लालबहादुर सिंह, बबलू सिंह, सुनिल सिंह धर्मेंद्र कुमार, निसार अहमद आदि मौजूद थे।

## होली पर्व को लेकर विश्रामपुर थाना परिसर में हुआ शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शशि रंजन व संचालन युवा भाजपा नेता मनीष कुमार ने किया। बैठक में दोनो समुदाय के लोगों ने होली व सबेबरात को शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मानने का निर्णय लिया गया। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि सभी त्योहार संस्कृति का हिस्सा है। इसे संस्कार के साथ मनाने का प्रयास करें। मिलजुलकर पर्व मनाने से उसका महत्व और भी बढ़ जाता है। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि पर्व के दौरान अफवाह से बचें। कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि पुलिस असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। पर्व के समय पुलिसगस्ति बढ़ा दी जाएगी। विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने लोगों से एक दूसरे के साथ मिलजुलकर दोनो पर्व मनाने का आग्रह किया। बैठक में पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, एसआई विजय कुजूर, एएसआई अनिल सिंह, संजय सिंह, बीरेंद्र तिवारी, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, नप के प्रथम अध्यक्ष देव नारायण सिंह, उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह, मो. सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, मो.सफी आलम, विजय कुमार रवि, रामकुमार ठाकुर, निरंजन सिंह, रामजी विश्वकर्मा, सोना देवी, यदुनी राम, राजकुमार मेहता, कुकू पासी, दुखनंदन चंद्रवंशी, शिव कुमार ठाकुर, आजम खलीफा सहित काफी संख्या में दोनो समुदाय के लोग मौजूद थे।

## होली के रंग में रंगे पोलपोल वासी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पोलपोल में पहली बार बुनियादी विद्यालय के मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष व समाजसेवी संजय कुमार सिंह के द्वारा कराया गया। होली मिलन समारोह का उदघाटन पूर्ब जिला परिषद उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, पूर्ब जिप अध्यक्ष प्रभा देवी, पूर्ब जिप उपाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह, पूर्व नगर निगम उपाध्यक्ष मनोज सिंह, बरवाडीह जिप सदस्य संतोषी शेखर, दया सिंह ,ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वही लोगों ने एक दूसरे की अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। भोजपुरी कलाकारों ने रंगारंग होली गीत से लोगों को सोरोवार कर दिया गया। भोजपुरी सम्राट चंदन यादव व भोजपुरी गायिका अदिति राज ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर महफ़िल का शमा बांधे रखा। कलाकारों ने होली गीत गाकर हर किसी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। अदिति राज ने आ गईल होली आ गइल हो पिया बिन मन पगला गईल हो। होली गीत गाकर हर किसी का दिल जीत लिया।वही नर्तकियों ने होली गीत पर जमकर ठुमके लगाए।

## होली व शब ए बारात को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** शनिवार को खरौंधी थाना परिसर में रंगों का त्योहार होली महापर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर खरौंधी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी गणेश महतो के अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रखंड वासियों से अपील किया कि यह होली आपस में मिलजूल कर मनाएं एवं अपील करते हुए कहा कि असमाजिक तत्वो को बढ़ावा न दें। साथ ही खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार ने सभी प्रखण्ड वासियों को होली पर्व को शुभकामनाएँ देते हुआ कहा की किसी भी असमाजिक तत्वों का प्रयोग नहीं करें और शांति पूर्वक मनाये, अगर शांति सौहार्द कोई बिगाड़ने की कोशिश करें तो उन्हें चिन्हित कर सूचित करें। साथ ही उन्होंने कहा ही अशांति फैलाने वाले लोगो को चिन्हित करते हुए करवाई की जाएगी। साथ ही फेसबुक, वाट्सअप तथा ट्विटर जैसे शोशल मीडिया पर झूठी अपवाह फैलाने वाले पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी। इसके अलावा अश्लील गाने, डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही अवैध शराब बिक्री पर नकेल कसने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों समुदाय के लोग आपसी तालमेल के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके के साथ होली मनाएं, ताकि सम्प्रदायिक घटना न हो। इस मौके पर खरौंधी मुखिया पति कृष्णा प्रसाद साह, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पशु पक्षियों के लिए पानी का व्यवस्था करना मानव का धर्म : पूर्व मुखिया अनिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परसोडीह पंडा नदी में जलस्तर नीचे जाने के उपरांत बढ़ते तापमान को देखते हुए पशु, पक्षी एवं जंगली जानवरों को प्यास बुझाने को लेकर पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान ने अपनी निजी खर्च से चुवाड़ी एवं गड्ढा खोद वाकर पानी का इंतजाम किया है। ज्ञात हो कि केतार प्रखंड क्षेत्र में इकलौता शादाबह नदी पिछले कई वर्षो से लगातार जलस्तर नीचे जाने को लेकर सुख जाया करता है। जिससे बड़े पैमाने पर पशु पक्षी एवं जंगली जानवरों को पानी पीने को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसी बिंदु को ध्यान में रखते हुए पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान ने जगह जगह अपने गांव के पंडा नदी के समीप चुवाड़ी एवं गड्ढा खुदाई करवाकर पानी का इंतजाम करवाया है। श्री पासवान ने कहा कि आज के परिवेश में मनुष्य अपनी जीवन यापन करने के लिए अपने घरों में ठंडा पानी पीने को लेकर फ्रिज का इंतजाम करते हैं परंतु हम सब भूल जाते हैं की पशु पक्षी भी एक प्राणी है जिनका ख्याल रखना हम सबों का दायित्व बनता है। जिन्हें पानी और भोजन अवश्य रूप से चाहिए तभी उनका जीवन बच सकता है। इसलिए उन प्राणियों इधर-उधर पानी को लेकर भटकना न पड़े इसके लिए हमने पानी का इंतजाम करवाया है। इस मौके पर धनेश्वर मेहता, वृंदा वर्मा, बचू बैठा, बैजनाथ रजवार, देवकुमार ठाकुर, गौरी शंकर मेहता, सनजय ठाकुर, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## नीलगाय व पशुओं से बचाव के लिए तकनीक का सहारा लें किसान

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आत्मा पलामू की ओर से मेदिनीनगर सदर प्रखंड के जोड़ पंचायत स्थित खनवा गांव में आज कृषक वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला कृषि पदाधिकारी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल के विभिन्न प्रजाति एवं सिंचाई के अलग-अलग पद्धतियों के बारे में व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी दी।जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार मांझी ने टपक सिंचाई पद्धति से खेती करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि टपक सिंचाई पद्धति किसानों के लिए बेहतर है। इस पद्धति के प्रयोग से किसान पानी की बचत कर सकते हैं, साथ ही फसल का उत्पादन भी अधिक ले सकेंगे। उन्होंने किसानों के अनुरोध पर नीलगाय के प्रकोप से बचने के लिए कुछ यांत्रिक संरक्षण प्रदान करने एवं उन्हें उपलब्ध कराने से संबंधित उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए पहल करने का आश्वासन दिया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक दिलीप कुमार पांडेय ने किसानों को कम पानी वाली खेती करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पलामू कम बारिश वाला क्षेत्र है। इसे देखते हुए किसान फलदार पौधों को लगायें। उन्होंने फलदार पौधों के लाभ से लोगों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने मोटे अनाज वाले फसलों को अपनाकर उसकी खेती करने की पहल शुरू करने की बातें कही। साथ ही नीलगाय से फसल को बचाने के लिए तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीक का प्रयोग कर जानवरों से फसल के नुकसान को बचाया जा सकता है।कृषि विज्ञान केंद्र चियांकी के वैज्ञानिक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि किसानों को अधिक आमदनी वाली खेती को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने ज्वार, बाजरा आदि मोटे अनाज की खेती करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मोटे अनाजों की खेती से किसान को एक ओर जहां फायदा होगा, वहीं दूसरी ओर उनके सेहत भी बने रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांग बच्चों को कृत्रिम अंग उपकरण उपलब्ध कराया गया

**रांची :** संसाधन केंद्र चितरपुर में समावेशी शिक्षा के तहत चितरपुर , गोला एवं दुलमी प्रखंड के विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय के द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम में विकलांग सेवा संस्थान के टेक्निकल एसिटेंट जॉन खलखो, रिसोर्स शिक्षक पोवेल कुमार, राजेंद्र प्रसाद, बासुदेव कुमार गंझू,प्रियंका कुमारी, तापेश्वरी देवी, कलावती कुमारी, अक्षरा कुमारी, आशीष कुमार महतो, राखी कुमारी, लीला प्रसाद साहू, दीपक मुर्मू, श्याम कुमार महतो, मिथिलेश गंजू, रोशनी कुमारी, सादिया परवीन, हुसैन हाशमी समेत अन्य उपस्थित थे।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हिंदी कार्यशाला का हुआ आयोजन

**रांची :** क्षेत्रीय कार्यालय राँची द्वारा एक दिवसीय क्लासरूम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप क्षेत्र प्रमुख, राँची सोनालिका ने की। साथ ही उप क्षेत्र प्रमुख मुकेश कुमार एवं एमएलपी प्रमुख भास्कर मंडल ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया। मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में विजय भूषण सिन्हा, वरिष्ठ प्रबंधक(राभा), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया उपस्थित रहें। संकाय के रूप में अंचलीय राजभाषा प्रभारी राजेश कुमार तथा क्षेत्रीय राजभाषा अधिकारी शारदा साव द्वारा कार्यशाला के अन्य सत्र संचालित किए गए। शाखाओं से आए 21 प्रतिभागियों के बीच राजभाषा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे। क्षेत्र प्रमुख के कर कमलों से सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शाखाओं में राजभाषा कार्यान्वयन था। कार्यक्रम के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने कहा हिंदी व्यवहार की भाषा है।

**झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित**

# मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को होली की बधाई व शुभकामनाएं दी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पंचम् विधानसभा के एकादश (बजट) सत्र की की कार्यवाही समाप्ति के उपरांत झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, विधायक प्रदीप यादव,राजेश कच्छप, इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की एवं अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश तथा अबीर-गुलाल लगाकर होली त्योहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने समस्त झारखंड वासियों को पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। होली मिलन समारोह के उपरांत प्रेस-मीडिया के प्रतिनिधियों से बात-चीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि होली त्योहार सभी के बीच खुशियां बांटने का त्योहार है। इस वर्ष की होली एक-एक झारखंड वासियों के जीवन में खुशियों का नया-नया रंग लेकर आए, यही ईश्वर से मैं आज के दिन प्रार्थना करता हूं।

# झारखंड में बदलने वाला है मौसम का मिजाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार राज्य के कई जिलों में छह मार्च को बादल छाये रहेंगे। इतना ही नहीं सात और आठ मार्च को बारिश की भी संभावना है। शेष दिनों में मौसम में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में बदलाव की कोई संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार सबसे अधिक तापमान 36.0 डिग्री सेल्सियस जमशेदपुर में दर्ज किया गया। यह सामान्यि से 2.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस सिमडेगा केवीके में दर्ज किया गया। छह मार्च को राज्य के दक्षिण, पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रहेंगे। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा में देखने को मिलेगा। सात मार्च को राज्य के उत्तगर-पश्चिमी, दक्षिण-पश्चिम और निकटवर्ती मध्यक भागों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रहेंगे। कहीं-कहीं मेघ गर्जन के



साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। कुछ जगहों पर वज्रपात की आशंका भी है। इसका असर पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, हजारीबाग, रांची, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा आदि जिलों में देखने को मिलेगा। आठ मार्च को राज्य के पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्कीर बारिश होने की संभावना है। इसका असर पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, हजारीबाग, रांची, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा आदि जिलों में देखने को मिलेगा।

# आजसू ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) रांची विश्वविद्यालय के द्वारा रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे विश्वविद्यालय के सैकड़ों छात्र छात्राएं शामिल हुए। मौके पर आजसू रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने सभी छात्र छात्राओं को होली की शुभकामनाएं दी।मौके पर आशुतोष कुमार, रोहित चौधरी, सुरेश भगत, सुमित बेसरा , विशाल कुमार यादव, प्रियांशु शर्मा, हरीश मुंडा , उत्तम कुमार, सपन कुमार सिंह, के अलावा अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के कई सदस्य मौजूद थे।

# रांची में होली व शब-ए-बारात पर सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में होली और शब-ए-बारात पर सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किये गए हैं।उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की ओर से विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिये आदेश जारी किया गया है। दोनों पर्व को देखते हुए संप्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता और निगरानी बरतने का आदेश उपायुक्त ने दिया है। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, सदर और बुंडू, सभी पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिला के सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में होली एवं शब-ए-बारात पर्व के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के



लिए 06 मार्च के पूर्व थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक करने का आदेश दिया गया है, ताकि सांप्रदायिक सद्भाव, शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था बनी रहे। उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध धारा 107 की कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

# राज्य के 28 पुलिस कर्मियों पर होगी विभागीय कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के 28 पुलिसकर्मियों पर एक साथ विभागीय कार्रवाई होगी। इस संबंध में आईजी ट्रेनिंग ने आदेश जारी किया है। जानकारी के मुताबिक चंद्रशेखर तिवारी, अमित कुमार सिंह, पुष्पा कुमारी, अजय कुमार सिंह, मोहम्मद शाहिद हैदर, प्रियंका कुमारी, सुधाकर कुमार, हरिपद महतो, परमेश्वर उरांव, संदीप प्रताप सिंह, रूपसेन प्रमाणिक, चंद्रशेखर राव, हरेंद्र कुमार, लोदरो हेंब्रम, अनमोल कुमार, विनय कुमार पासवान, शैलेश कुमार, प्रताप साहू, मोहम्मद इरफान खान, सुजीत कुमार चौबे, ओम प्रकाश, विनय रंजन उपाध्याय, मनीष कुमार, संटू कुमार, उषा रानी महतो, मुकेश कुमार झा, सुरेश दांगी और सुधीर कुमार पर विभागीय कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि टीटीएस जमशेदपुर में 16 फरवरी को आयोजित द्वितीय पाली पीटीएस प्रशिक्षण के पेपर सात (मैनेजमेंट ह्यूमन




बिहेवियर एंड एटीट्यूड विषय) के दौरान केंद्र अधीक्षक डीएसपी जयश्री कुजुर ने कुल 28 पुलिसकर्मियों को कदाचार करते हुए पकड़ा था। इसके बाद आईजी ट्रेनिंग ने इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ इनके संबंधित जिला और इकाई में विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने का आदेश दिया है।

# डीजीपी छह मार्च को करेंगे समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डीजीपी अजय कुमार सिंह छह मार्च को अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में सभी रेंज के डीआईजी, जिले के एसएसपी और एसपी उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में झारखंड पुलिस मुख्यालय से सभी को पत्र जारी किया गया है। जारी किये गये पत्र में कहा गया है कि सभी रेंज के डीआईजी पुलिस मुख्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। साथ ही जिले के एसपी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक



में शामिल होने का आदेश दिया गया है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार समीक्षा बैठक के दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी। इसमें अपराध नियंत्रण और संगठित आपराधिक गिरोह के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई, नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान, विधि व्यवस्था, अवैध शराब कारोबारी, मादक पदार्थ कारोबारी, मानव तस्करी सहित अन्य शामिल हैं। इसके अलावा डीजीपी वारंट, कुर्की निष्पादन की स्थिति, कोर्ट परिसर, जज और उनके आवासीय परिसर की सुरक्षा के संबंध में भी समीक्षा करेंगे।

# विस में स्पीकर ने हंगामा करने पर भाजपा विधायकों को लगायी फटकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन शनिवार को नियोजन नीति को लेकर भोजनावकाश के बाद भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। विपक्ष के विधायक वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान विपक्षी विधायक सदन में रिपोर्टर मेज को थपथपा कर नारेबाजी करते नजर आए। विपक्षी विधायकों के इस आचरण पर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो काफी नाराज हो गए। उन्होंने बार- बार विधायकों से मेज नहीं थपथपाने की अपील की लेकिन विपक्ष के विधायक उनकी अपील को नजरअंदाज करते रहे। विधायक मुख्यमंत्री इस्तीफा दो, वादा तोड़ने वाली सरकार हाय-हाय, युवा विरोधी सरकार होश में आओ के नारे लगा रहे हैं। विधायकों के हंगामे से स्पीकर नाराज हो गये और विधायकों को फटकार लगायी। इस बीच कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और उमा शंकर अकेले वेल में आकर बीजेपी विधायकों का विरोध किया। इस हंगामे के बीच विधायक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाय हाय के नारे लगा रहे हैं। विपक्ष के आचरण से नाराज स्पीकर ने कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आपलोग रिपोर्टिंग टेबल से हटकर हंगामा करें नहीं तो बहुत कुछ हो सकता है। विपक्ष के हंगामे के बीच बजट पर चर्चा जारी है। भाजपा के विधायक चर्चा में भाग नहीं ले रहे हैं।

**सदन में सो रहे थे मंत्री बादल पत्रलेख और विधायक दीपक बिरुवा**

इधर विपक्ष नियोजन नीति पर विपक्ष सदन में जोरदार हंगामा कर रहा था और दूसरी तरफ सत्ता पक्ष के मंत्री बादल पत्रलेख और विधायक दीपक बिरूवा सदन में सो रहे थे। भाजपा विधायक ने उनका मजाक उड़ाया। विधानसभा के संतरी ने जाकर मंत्री बादल पत्रलेख को जगाया तो विधायक मथुरा महतो ने विधायक दीपक बिरुआ को जगाया। भाजपा विधायक ने कहा कि देखो सरकार सो रही है। इस बीच भाजपा विधायक फर्श पर बैठ गये ओर नारेबाजी करने लगे। भाजपा विधायक नियोजन और स्थानीय नीति की मांग कर रहे हैं। विधायक प्रदीप यादव ने बीजेपी विधयकों को सदन से बाहर निकालने की मांग की। भाजपा विधयकों के हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी।

# होली मिलन समारोह में गिले-शिकवे दूर कर मिले गले

**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची :** होली का त्यौहार ऐसा त्यौहार है जहां लोग आपस के गिले-शिकवे भूलकर गले मिल जाते हैं । ऐसी ही एक तस्वीर सामने आई है, जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में बेरमो विधायक अनूप सिंह और जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी दोनों को एक साथ होली मिलन समारोह के दौरान गले मिलवा दिये, मौका था झारखंड विधानसभा के दौरान होली मिलन समारोह का । बता दे कि डॉक्टर इरफान अंसारी



के विरुद्ध अरगोड़ा थाना में बेरमो विधायक अनूप सिंह ने जीरो एफ आई आर दर्ज कराई थी। दोनों के बीच खूब आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चला था । दोनों विधायकों को लेकर कई तरह के कयास भी लगाए जा रहे थे । मामला चाहे जो भी रहा हो और यह मामला कोर्ट में भी चल भी रहा है, लेकिन जो तस्वीर झारखंड विधानसभा में देखने को मिली, यह अपने आप में एक सुखद अनुभव प्रदान करता है। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी कहा कि होली मिलन समारोह इसी लिए मनाया जाता है कि लोग गिले-शिकवे भूलकर गले मिल जाते हैं, बुरा ना मानो होली है।

# जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मैक्लुस्कीगंज में कक्षा-दशय के भैया-बहनों का विदाई समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्?घाटन विद्यालय के संरक्षक रामसेवक प्रसाद अध्यक्ष जितेन्द्र नाथ पाण्डेय, स्वं कोषाध्यक्ष कुलदीप साहु के द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं भारतभाता के पूजन के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लखन कुमार गुप्ता के द्वारा उद्बोधन दिया गया जिसमें



उन्होने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की । इस कार्यक्रम का संचालन संजय प्रसाद के द्वारा किया गया। कक्षा-नवम के भैया-बहनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए एवं भैया- बहनो को उपहार दिये गए। इस कार्यक्रम में श्रीरमा- शंकर सिंह, ममता गुप्ता, सरिता गुप्ता, विजय कुमार, सुशीला कुजूर, प्रीति कुमारी, संतोष गुण्डा, पिंकी कुमारी, संजू कुमारी, मान्ती देवी उपस्थित रहे।

# हाई कोर्ट ने पीड़ित को मुआवजा मामले में शपथ पत्र दाखिल करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नाबालिग को एसिड पिलाए जाने के मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए आज सुनवाई की। कोर्ट ने एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज से पूछा है कि पीड़ित बच्ची को मुआवजा मिला है या नहीं। इस संबंध में उन्हें शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि शपथ पत्र के बाद कोर्ट मुआवजा के संबंध में




आदेश पारित करेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। दो महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी। हजारीबाग के इचाक थाना में इसकी प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले को लेकर तत्कालीन चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा गया था। इसके बाद एक समाचार पत्र में छपी खबर के आधार पर हाई कोर्ट ने इस मामले में संज्ञान लिया था। पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि मामले में पुलिस अनुसंधान कर रही है या नहीं। आरोपित गिरफ्तार हुआ है या नहीं।

# सुकर पालन की उन्नत तकनीकी पर प्रशिक्षण का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** निदेशालय अनुसंधान, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अधीन पशु चिकित्सा संकाय में कार्यरत आईसीएआर ड्ड एफएमडी नेटवर्क यूनिट के जनजातीय उपपरियोजना (टीएसपी) के अधीन संचालित सुकर पालन की उन्नत तकनीकी विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को संपन्न हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीन वेटनरी डॉ सुशील प्रसाद में प्रशिक्षाणार्थियों को बताया कि कम खर्च में सस्ता संतुलित एवं पौष्टिक आहार सूकरों को उपलब्ध कराकर सुकरपालन व्यवसाय से अधिक से अधिक लाभ कमाया जा सकता है। उन्होंने प्रशिक्षाणार्थियों को बीएयू द्वारा विकसित संकर सुकर नस्ल 'झारसुक' को अपनाकर अधिकतम लाभ अर्जित करने की सलाह दी। साथ ही सुकरपालन में स्वस्थ्य प्रबंधन, वातावरण, आवास, पोषण, रख-रखाव पर विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया।

# होली को देखते हुए ट्रेनों के प्रस्थान के समय में किया गया परिवर्तन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** होली पर्व को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल पर विकास कार्यों के लिए ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक लिया जाएगा अतः रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन संख्या 18036 हटिया - खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन के प्रस्थान समय में निम्न अनुसार परिवर्तन किया गया है ।

**यह ट्रेन :** 1. यात्रा प्रारंभ दिनांक 04/03/2023, यात्रा प्रारंभ दिनांक 11/03/2023 एवं यात्रा प्रारंभ दिनांक 01/04/2023 को अपने निर्धारित समय 09:20 बजे के स्थान पर 2 घंटे 15 मिनट विलंब से अर्थात 11:35 बजे हटिया से प्रस्थान करेगी तथा 2. यात्रा प्रारंभ दिनांक 14/03/2023, यात्रा प्रारंभ दिनांक 17/03/2023, यात्रा प्रारंभ दिनांक 20/03/2023, यात्रा प्रारंभ दिनांक 23/03/2023, यात्रा प्रारंभ दिनांक 26/03/2023, यात्रा प्रारंभ दिनांक 29/03/2023, यात्रा प्रारंभ दिनांक 04/04/2023 एवं यात्रा प्रारंभ दिनांक 07/04/2023 को अपने निर्धारित समय 09:20 बजे के स्थान पर 2 घंटे 40 मिनट विलंब से अर्थात 12:00 बजे हटिया से प्रस्थान करेगी ।

# जी 20 में आए डेलीगेट्स ने अपनी भावनाओं को हस्ताक्षर कर यादगार बनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अद्भुत , अविस्मरणीय , लाजवाब जी-20 रांची में आए विदेशी अतिथियों ने अपनी भावनाएं सीबीसी/ पीआईबी के सन-बोर्ड पर उकेरा। बता दें कि जी-20 साइंस व तकनीक रांची बैठक में आए हुए डेलिगेट्स के लिखित यादों को सहेज कर रखने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो ( सीबीसी ) , रांची ने अपर महानिदेशक पीआइबी अखिल कुमार मिश्रा के निर्देशन में विशेष तौर से तैयार किए गए सन-बोर्ड स्टैंड पर अतिथियों के द्वारा उनके भावनाओं को सुरक्षित /संग्रहित किया गया ।ब्राजील से आए डेलीगेट् डा. फिलेपी सिल्वा ने लिखा कि भारत बहुत धन्यवाद झारखंड के अतिथि-सत्कार से मैं गदगद हुं। सऊदी अरबिया से जी-20 रांची बैठक में शामिल होने आयीं वैज्ञानिक डॉक्टर ईमान ने लिखा - भारत आपको ढेर सारा प्यार = धन्यवाद इंडिया। गूगल से भारत में अभिनंदन के लिए शब्द देख कर लिखा - सिंगापुर से आये प्रतिनिधि एलिजा ने अपनी भावना सन-बोर्ड पर दर्शाने से पहले अपने मोबाइल द्वारा भारत में अभिनंदन के लिए प्रचलित शब्द तलाश कर लिखा - नमस्ते ! थैंक्यू इंडिया। इंडोनेशिया व यूएइ से आए हुए प्रतिनिधियों ने लिखा अद्भुत - झारखंड का अतिथिसत्कार अभिभूत करने वाला। इस सबके अलावा रक्षा मंत्री, भारत सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. जी. सतीश रेड्डी ; रांची एसएसपी किशोर कौशल एवं भारतीय विदेश सेवा से रांची की पहली क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी पीआरओ मनिता आदि ने भी हस्ताक्षर किए।

# खलील की निधन पर माही संगठन ने किया शोक सभा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के संस्थापक सदस्य और समाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद खलील की निधन पर माही कार्यालय में संस्थापक संयोजक इबरार अहमद की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि मोहम्मद खलील एक सच्चे समाजिक योद्धा थे , जिसने अपनी निजी जरूरतों को तिलांजलि देकर अवाम की जरूरतों को सर्वोपरि माना। हजारों लोगों की उम्मीद की किरण बन उनकी समस्याओं का निराकरण किया। वह बेहद विनम्र, समर्पित समाजिक कार्यकर्ता थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय था। असहायों ,छात्र-छात्राओं के लिए वह लाईफ लाईन थे, उनकी



उम्मीदों को पूरा किया जाएगा। विचार व्यक्त करने वालों में उनके सहयोगी मोहम्मद सलाहुद्दीन, ग्यासुद्दीन भाई मुन्ना, मोहम्मद इम्तियाज, अंजुमन इस्लामिया कार्यकारिणी सदस्य मैं नजीब,नदीम अख्तर, मुस्तकीम आलम, मोहम्मद शकील, कामरान अहमद,हाजी नवाब, इबरार हसन, जावेद अहमद, मोहम्मद शमीम मोहम्मद मोहसिन, मोहम्मद इकबाल समेत अनेकों साथी मौजूद थे।

## एक्सिस का नया इंडेक्स फंड लॉन्च




**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपने नए फंड ऑफर - एक्सिस निफ्टी जी-सेक सितम्बर 2032 इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह निफ्टी जी-सेक सितम्बर 2032 इंडेक्स के घटकों में निवेश करने वाला एक ओपन-एंडेड टारगेट मैच्योरिटी डेट इंडेक्स फंड है। आदित्य पगारिया और हार्दिक शाह इस नए लॉन्च किए गए फंड को प्रबंधित करेंगे। इसकी न्यूनतम निवेश राशि 5,000 रुपये और उसके बाद एक रुपये के गुणकों में है। निकास शुल्क शून्य है। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 06 मार्च से 13 मार्च, 2023 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। एनएफओ के लॉन्च के बारे में, एक्सिस एएमसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, चंद्रेश निगम ने बताया कि मौजूदा यील्ड कर्व मध्यम से लंबी निवेश अवधि वाले निवेशक के लिए भौतिक अवसर प्रदान करता है। फंड की शीर्ष विशेषताओं में ये हैं शामिल - मुद्रास्फीति को आरबीआई के टोलरेंस बैंड के भीतर आने पर, आरबीआई की कठोर नीति लगभग समाप्त होती प्रतीत होती है; जो इस यील्ड कर्व में निवेश करने का अवसर देती है। चूंकि फंड को निष्क्रिय रूप से प्रबंधित किया जाता है और निफ्टी जी-सेक सितम्बर 2032 इंडेक्स के घटकों में निवेश किया जाता है, इसलिए प्रतिभूति चयन में कोई पूर्वाग्रह नहीं है।

## लुप्तप्राय झुमर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चोगा में शनिवार को 16 वां वार्षिक झुमर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन पातकुम प्राचीन कला सांस्कृतिक केंद्र चोगा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बंगाल, झारखंड के कई नामी गिरामी प्राचीन झुमर कला की प्रस्तुति किया। पातकुम प्राचीन कला सांस्कृतिक केन्द्र चोगा द्वारा प्राचीन झुमर कला संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन में 16 वर्षो से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे हैं। कार्यक्रम का अध्यक्षता सांस्कृतिक केंद्र के अध्यक्ष सभापति महतो व संचालन हृदय रंजन महतो ने किया। वहीं मुख्य अतिथि झारखंड मानवाधिकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार कीनु ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक हमारी पहचान है। अध्यक्ष सभापति महतो ने कहा कि आज के युवा पीढ़ी अपने प्राचीन कला को भुलाकर पर संस्कृति को अपना रहे हैं। मौके पर निर्देशक कमलाकांत महतो,हाड़ीराम महतो, प्रोफेसर श्रीकांत महतो,फुलकेश्वर महतो,डा सावन बेदिया, ब्रजकिशोर मानकी, प्रियरंजन महतो, अवनी, प्रशांत, सत्यवान महतो ,गुरूपद सिंह मुण्डा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## साकची शीतला मंदिर के पास 2 लोगों की जान लेने वाले सांड की मौत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार की सुबह शीतला मंदिर साकची के समीप एक सांड़ ने उत्पात मचाते हुए दो लोगो पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। सांड़ को काबू करने के लिए टाटा स्टील जू के डॉक्टरों ने उसे बेहोशी का इंजेक्शन दिया था, जिसका देर रात 2 बजे मौत हो गई। मामले को लेकर जिला पशुपालन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि देर रात चिकित्सकों की निगरानी में सांड़ ने दम तोड़ दिया। मौत की जांच के लिए चार लोगों की टीम गठित की गई है जो सांड़ का पोस्टमार्टम करेगी। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का असली कारण पता चल पाएगा। उन्होंने कहा आक्रोशित सांड़ को शांत करने के लिए इंजेक्शन के माध्यम से दवा दी गई थी। होश में आने के बाद उसके तनाव में आ जाने के कारण मौत हुई होगी।बता दें, साकची में शुक्रवार की सुबह सांड़ के हमले से अशोक अग्रवाल और राज किशोर की मौत हो गई थी।

## बाराद्वारी गांधी आश्रम में बच्चों के बीच भोजन वितरण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्धारा अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए शनिवार को गांधी आश्रम बाराद्वारी में बच्चों के बीच भोजन का पैकेट एवं मिठाई का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम शाखा सदस्य सविता गर्ग की बेटी के जन्मदिन के उपलक्ष में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, शाखा सचिव निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम देबूका, शाखा सदस्य सविता गर्ग, जी अग्रवाल, नीतिका आदि सदस्यों का योगदान रहा।

## अर्जुन मुंडा ने 5000 से अधिक युवाओं को सौप नियुक्ति पत्र

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑटोमोटिव स्किल डेवलपमेंट काउंसिल ( एएसडीसी ) ने झारखंड के सरायकेला जिले के काशी साहू कॉलेज में शनिवार को अप्रेंटिसशिप रोजगार मेला ( जॉब फेयर ) कौशल महोत्सव का सफल आयोजन किया । इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। महोत्सव में जनजातीय मामलो के मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव आर जया, सरायकेला के उपायुक्त अरवा राजकमल , एएसडीसी के सीईओ अरिंदम लाहिरी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे । इस जॉब फेयर में स्थानीय आदिवासी युवाओं ने हिस्सा लिया और 5000 से अधिक युवाओं को 11 कंपनियों द्वारा जॉब ऑफर किए गए। इस अवसर पर बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज जनजातीय कार्य मंत्रालय , कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय , एएसडीसी , एनएसडीसी और एनसीवीईटी ने आजीविका मिशन को एक नया आयाम दिया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने के लिए भविष्य में भी यह प्रयास किया जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार गरीबों , दलितों , शोषितों , वंचितों , पिछड़ों , युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए काम कर रही है।जनजातीय मामलों के मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव आर जया ने कहा कि यह जॉब फेयर कि झारखंड के आदिवासी छात्रों और ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए एक बेहतरीन मौका है । यूथ और इंडस्ट्री दोनों को एक प्लेटफॉर्म मिला है।

## एकलव्य मॉडल के प्रवेश परीक्षा में कक्षा 6 के बदले कक्षा 7 का दिया गया प्रश्नपत्र

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के एक छात्र को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा में वर्ग 6 के बदले वर्ग 7 का प्रश्नपत्र दिया गया। ईचागढ़ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुईडीह के पंचम वर्ग के छात्र रितेश सिंह मुण्डा का प्रवेश परीक्षा हेतु एस एस प्लस 2 उच्च विद्यालय चांडिल परीक्षा केंद्र में प्रवेश परीक्षा शुक्रवार को दिलाया गया। रितेश सिंह मुण्डा को प्रवेश पत्र भी 6वी वर्ग के प्रवेश परीक्षा में 222183 क्रमांक संख्या दिया गया था। जब उसे 7 वीं वर्ग का प्रश्नपत्र दिया गया तो वह उपस्थित शिक्षकों को इसकी सुचना भी दिया। मगर केंद्र संचालक व शिक्षक बच्चे को डांड कर उसी प्रश्नपत्र पर परीक्षा लिया गया। जिससे साफ प्रतित हो रहा है कि एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में किस तरह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। रितेश सिंह मुण्डा के पिता मृत्युंजय सिंह का आरोप है कि अगर ग़लती से दुसरा वर्ग का प्रश्नपत्र दिया गया था।

### होली पर्व व शब-ए-बरात के मद्देनजर डीसी व एसएसपी ने किया केन्द्रीय शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक

# शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों, बाइकर्स गैंग व असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के निर्देश

### शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन की तैयारी पूरी, आपसी भाईचारे के साथ मनायें त्यौहार : उपायुक्त

**संवेदनशील स्थान, हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी विशेष नजर- एसएसपी**

**फेक न्यूज का प्रचार-प्रसार नहीं करें, पुष्टि के लिए सबसे पहले प्रशासन से संपर्क करें- एसडीएम**

**सोशल मीडिया/फेक न्यूज़ व वीडियो पर 24×7 रखी जाएगी निगरानी**



बैठक में शामिल केन्द्रीय शांति समिति के सदस्य गण



विजया जाधव- उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम



प्रभात कुमार- एसएसपी, जमशेदपुर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** होली एवं शब-ए- बारात को शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहाद्र के साथ मनाये जाने को लेकर आज सिदगोड़ा टाउन हॉल, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त विजया जाधव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने केन्द्रीय शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर प्रशासन की अपेक्षाओं से अवगत कराया तथा शांति समिति सदस्यों से उनके सुझावों को सुना गया। जिसमे मानगो बस स्टैंड में स्टैंड के बाहर खड़ी बसों के कारण आवागमन में समस्या, बिरसानगर में अड्डाबाजी, सिदगोड़ा में नशीली पदार्थो का सप्लाई, शब ए बारात में जाकिरनगर कब्रिस्तान एवं जवाहरनगर में होने वाली भीड को लेकर पुलिस बल व ट्रैफिक पुलिस के प्रतिनियुक्ति की मांग, परसुडीह बाजार में सांड़ का खौफ, वारिस कॉलोनी में जलजमाव तथा अधिकांश शांति समिति के सदस्यों ने शहर में बाइकर्स गैंग का उत्पात, शराबियों का हुड़दंग जो शांति व्यवस्था बनाये रखने में बाधा बन सकती है तथा नागरिक सुविधाओं पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। होली पर्व एवं शब ए बारात के अवसर पर विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण हेतु उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। सूचनाओं के आदान प्रदान को लेकर साकची थाना परिसर में जिला कंट्रोल रूम 06 मार्च दोपहर से 09 मार्च के सुबह तक कार्यरत रहेगा। सभी बीडीओ/सीओ को अपने क्षेत्र अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों में 24म7 एम्बुलेंस, आवश्यक जीवन रक्षक दवा इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश है। जिले के सभी थाना क्षेत्रों को जोनवार बांटते हुए सुपर जोनल एवं जोनल दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

**आपसी भाईचारे एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाए त्योहार- डीसी**

उपायुक्त ने शांति समिति सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नागरिक सुविधाओं से संबंधी जितने भी शिकायत और सुझाव प्राप्त हुए हैं उन सभी का समाधान किया जाएगा। उन्होने विशेष तौर पर युवा वर्ग को सचेत करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी तरह का भ्रामक खबर दूसरों को फॉर्वर्ड नहीं करेंगे। जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रशासनिक तैयारी पूरी है। सभी चौक चौराहों में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल की निगरानी में नाकाबंदी रखेंगे। आपसी भाईचारे एवं हर्षोल्लास के वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी को भी जबरदस्ती रंग नहीं लगायें, भड़काऊ गीत व डीजे पर पूर्व की तरह ही मनाही रहेगी।

**3000 पुलिस बल रहेंगे तैनात, सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर -एसएसपी**

वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर 3000 पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। इसके अतिरिक्त 2 टुकड़ी रैप व आवश्यकतानुरूप दूसरे जिलों से भी पुलिस बल बुलाये जाएंगे। सभी संवेदनशील धार्मिक स्थलों, चौक-चौराहों को चिन्हित किया गया है, प्रयाप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। उन्होने कहा कि बाइकर्स गैंग विशेष रूप से सचेत रहें। दुर्गापूजा के दौरान 350 वाहन जब्त किए गए जिनमें करीब 200 अब भी थाना में पड़े हैं, इस बार भी कार्रवाई होगी।

**08 मार्च को रहेगा ड्राई ड-एसडीएम**

एसडीएम धालभूम ने बताया कि 08 मार्च को ड्राई डे रहेगा। सोशल मीडिया माध्यम से किसी भी तरह का फेक न्यूज आपके पास आए तो सबसे पहले नजदीकी थाना प्रभारी, बीडीओ, सीओ, एसडीओ या जिला स्तर के पदाधिकारियों के स्तर से उसकी सत्यता की पुष्टि होने पर ही दूसरों को फॉर्वर्ड करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश लुणायत, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एएसपी, निदेशक डीआरडीए, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विशेष पदाधिकारी जेएनएसी, सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी तथा अन्य मौजूद रहे।

## नाम्या स्माइल ने भेंट किया बैसाखी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के गोबरघुसी टोला काशीडीह निवासी खिरोद सिंह का विगत तीन महीना पहले फुटबॉल खेलते हुए पैर टूट गया था। घर में पैसे के अभाव के चलते उनका चिकित्सा बड़े अस्पताल में नहीं कर पा रहे थे। पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्ता से मिली जानकारी पर पूर्व विधायक तथा नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी की तरफ से बैसाखी का इंतजाम करवाकर मुहैया कराया।इस मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा, मंडल भाजपा के अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, महामंत्री इन्द्रनारायण महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष बिरेन्द्र सिंह, पंचायत प्रभारी कान्हाई प्रमाणिक, अमित सिंहदेव, बेलु सिंह, प्रकाश सिंह, सतप्रित सिंह, विजय सिंह सोय, समीर खान, सोनू श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद थे।

## विभिन्न दलों के नेताओं ने दी पूर्व सांसद सुनील महतो को श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** शहीद सुनील महतो स्मारक रक्षा समिति की ओर से जमशेदपुर के दिवंगत सांसद सुनील महतो के 16वें शहादत दिवस पर छोटा गम्हरिया स्थित उनके समाधि स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर सर्वप्रथम उनके अनुज व आजसू केंद्रीय सचिव सुसेन महतो ने समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से झामुमो जिला उपाध्यक्ष अमृत महतो, महेश्वर महतो, जगदीश महतो, आजसू केंद्रीय सचिव सत्य नारायण महतो, प्रो रविशंकर कुमार, जिलाध्यक्ष सचिन महतो, ज़िप सदस्य सुधीर महतो, कांग्रेसी नेता फूलकांत झा, दूर्गा सोरेन सेना के जिलाध्यक्ष सन्नी सिंह समेत कई नेता शामिल थे।

## आरकेएफएल प्लांट एक में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड कंपनी के प्लांट एक परिसर में 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शनिवार को शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ प्लांट हेड एम0 बालामुरली कृष्णा ने ध्वजारोहण कर किया। इस मौके पर उपस्थित एचआर प्रबंधक रिंटू मुखर्जी द्वारा सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। बताया गया है कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत कर्मचारियों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आगामी 11 मार्च को समापन के अवसर पर इन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर कंपनी के सेफ्टी ऑफिसर पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव लाभ समेत काफी संख्या में कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन नवकुंज आयोजन को लेकर 500 युवती व महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

### श्रद्धालुओं के धार्मिक नारा से गुंजायमान हुआ कलश यात्रा का रास्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** सरायकेला जिला के नीमडीह प्रखंड आदर्श ग्राम सोलोआना कमिटी झिमड़ी द्वारा सोना डूंगरी स्थित नव निर्मित राधा कुंज मंडप में 4 मार्च से लेकर अगले नो दिनों तक की जाने वाली श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन की आयोजन हेतु शनिवार को शाखा नदी से सोना डूंगरी नव निर्मित राधा कुंज मंडप तक 500 युवती व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। इस दौरान पूरे झिमडी पंचायत का वातावरण भक्तिमय हो गया। राधा कुंज मंडप परिसर में कलश यात्रा पहुंचने के बाद पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना किया गया।मौके पर मुख्य संरक्षक भीम रोहिदास ने कहा कि संसार के सभी प्राणी सुख की कामना रखते हैं। लेकिन अविनाशी सुख की उपलब्धि आध्यत्मिकता के अभाव में संभव नही है। । इसी दृष्टिकोण से इस नो दिवसीय श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में झारखंड,पश्चिम बंगाल सहित कई कीर्तन दलों का आगमन होगा।

## टेक-एक्स 2023 प्रदर्शनी में प्रशिक्षुओं ने लोगों को किया प्रभावित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** संस्थापक जे एन टाटा की 184वीं जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित 13वीं एसएनटीआई तकनीकी प्रदर्शनी, टेक-एक्स 2023 के दौरान प्रशिक्षुओं ने अपने इनोवेटिव आइडियाज और रचनात्मक समाधानों के साथ आगंतुकों को प्रभावित करते हुए एक जीवंत प्रदर्शनी में अपनी तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया।एसएनटीआई में आयोजित इस कार्यक्रम ने उद्योग के विशेषज्ञों, हितधारकों और जिज्ञासु लोगों सहित विविध दर्शकों को आकर्षित किया, जो यह देखने के इच्छुक थे कि प्रशिक्षुओं द्वारा की प्रस्तुति में क्या क्या खास होगा। प्रतिभागी टाटा मेटालिक्स, हुगली मेट कोक आदि थे ।

## सविता महतो ने सदन में उठाया ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की लाचार बिजली व्यवस्था सुधार की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** विधायक सविता ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चारो प्रखंड चांडिल, नीमडीह, कुकड़ू व ईचागढ़ में लाचार बिजली व्यवस्था की सुधार की मांग विधान सभा में उठाया। उन्होंने ईचागढ़ विधान सभा के सभी प्रखंडो में बिजली की व्यवस्था पोल, तार एवं इसनुलेटर के अभाव में प्राय विद्युत आपूर्ति बाधित रहती रहने, सभी गांवो में बिजली बिल प्रत्येक माह न देकर कई महीनों में एकाएक बिल उपभोक्ताओं को देते हुए नियम की दुहाई देते हुए बिना किसी सूचना के संपूर्ण गांव का ही बिजली कनेक्शन को बाधित करने, गरीब घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को परीकल्पना से भी अधिक बिजली का बिजली बिल देर से देने पर उन्हें मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों के साथ-साथ कानूनी परेशानियों का भी सामना करना पड़ने के साथ उन्होंने बिजली पोल, तार, इंसुलेटर और उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर विभाग को उपलब्ध कराने के साथ बिजली बिल की विसंगति को दूर करने का मांग सदन में उठाया। सरकार ने जवाब में उपभोक्ताओं को बिजली शिकायत से संबंधित कार्यो का त्वरित निष्पादन करने की बात कही हैं।

## करीम सिटी कॉलेज में फैकल्टी ऑफ कॉमर्स में हुई केंद्रीय बजट पर विभागीय संगोष्ठी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के वाणिज्य संकाय में शनिवार को विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इसका विषय था केंद्रीय बजट 2023-24 संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की. संगोष्ठी में एसी लाल (इन्कम टैक्स ऑफिसर, जमशेदपुर) मुख्य अतिथि के रूप में तथा सीएमए रमेश कुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए. यह संगोष्ठी स्नातकोत्तर वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई. वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ एमएम नजरी ने सेमिनार के विषयवस्तु पर प्रकाश डाला.मुख्य अतिथि एसी लाल ने केंद्रीय बजट के विभिन्न प्रस्तावों का विस्तार से वर्णन किया. उन्होंने खासतौर से सरकार द्वारा नए बजट में शामिल किए गए एमएसएमई तथा स्टार्टअप बिजनेस से संबंधित नीतियों की चर्चा की. विशिष्ट अतिथि रमेश कुमार शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा कृषि औद्योगिकरण के क्षेत्र में केंद्रीय बजट में शामिल की गई नीतियों की चर्चा की, जिसमें कृषि उपज के शत-प्रतिशत उपयोग के लिए खाद्य प्रशंस्करण इकाई के महत्व पर जोर दिया।संगोष्ठी में एमकॉम के विद्यार्थियों ने भी केंद्रीय बजट पर अपने विचार रखे. कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने अपने अध्यक्षीय भाषण में मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के आगमन पर उन्हें धन्यवाद दिया तथा विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की. उन्होंने वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ एमएम नजरी के प्रयासों की सराहना भी की. इस अवसर पर वाणिज्य संकाय के शिक्षक डॉ आफताब आलम, डॉ सैयद जाहिद परवेज तथा डॉ फौजिया तबस्सुम के अलावा प्रो मोहम्मद ईसा तथा अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने पेयजल समस्या के समाधान को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :**गर्मी के मौसम में जिलेवासियों को पेयजल की समस्या नहीं हो इसे लेकर जिला प्रशासन गंभीर है । उपायुक्त विजया जाधव ने कार्यालय कक्ष में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, पंचायती राज पदाधिकारी के साथ बैठक कर इस बाबत जरूरी निर्देश दिए। निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन बैठक में मौजूद रहे । उपायुक्त द्वारा पेयजल समस्या के त्वरित समाधान हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को दूरभाष नम्बर जारी करने का निदेश दिया गया ताकि किसी भी जगह पेयजल की समस्या होने पर जनता या जनप्रतिनिधि द्वारा संपर्क किया जा सके । इसके साथ ही समाहरणालय में एक वॉर रूम के गठन का भी निदेश दिया गया जिसके नोडल के रूप में निदेशक एन.आर.ई.पी होंगी । वार रूम में फोन के माध्यम से शिकायत या समस्या प्राप्त होते ही प्रतिनियुक्त कर्मी संबंधित पदाधिकारी या जिला पंचायत राज पदाधिकारी से संपर्क कर यथाशीघ्र समस्या का समाधान सुनिश्चित करेंगे । उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंताओं को सभी मुखिया से संपर्क स्थापित कर जिला के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित सोलर जलमीनार एवं हैण्ड पम्प में मरम्मतीकरण की आवश्यकता हो तो तत्काल इसे करने का निर्देश दिया गया।

संक्षिप्त खबरे

## जंगली हाथियों के झुंड ने फसलों को रौंदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मांरगलोईया पंचायत के जिलंगा और हेबना ग्राम में शुक्रवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने गांव में आधा दर्जन किसानों के खेतों में लगे मौसमी सब्जी सहित गेहूं, प्याज, टमाटर, मटर की फसल को चट कर गये एवं रौंद डाला। पीड़ितों में किसान दामोदर महतो, अनूप वर्मा बासुदेव महतो, विशेश्वर महतो, लाल देव महतो, विश्वनाथ महतो, रामवृक्ष महतो, भागीरथ महतो, लटूरी महतो, पिंटू कुमार के नाम शामिल है।ग्रामीणों ने बताया हाथियों का झुंड ने करीब चार लाख के फसलों की क्षति की है। घटना के बाद मांरगलोइया पंचायत मुखिया पति दिलीप उराँव ने घटनास्थल का जायजा लिया। और वन विभाग से मांग करते हुए कहा कि पीड़ित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए।

# इंटर स्टेट शराब माफियाओं के विरूद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** इंटर स्टेट शराब माफियाओं के विरूद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बड़े पैमाने पर नकली जहरीली अंग्रेजी शराब बनाने में प्रयुक्त सामान के साथ गिरोह के दो तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। इटखोरी थाना प्रभारी निरंजन मिश्रा के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने इटखोरी-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित भुरकुंडा जंगल के समीप से वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कोलकाता से आ रही विजय रथ नामक यात्री बस से बरामद किया है। प्लास्टिक के दो बड़े बोरों में बंद विदेशी शराब बनाने में प्रयुक्त रॉयल स्टैग और एमसी डेविल्स कंपनी का करीब पांच हजार पीस बारकोड, होलोग्राम, स्टीकर, शिलिंग कैप व ढक्कन के अलावे दो फर्जी इलेक्ट्रॉनिक बिल व तस्करी में प्रयुक्त टीवीएस अपाचे बाईक भी जप्त किया गया है।इटखोरी थाना क्षेत्र के पीतीज इलाके के जंगलों में संचालित अवैध शराब भट्ठियों में निर्मित नकली जहरीली शराब में असली स्टिकर और शिलिंग कैप लगाकर तस्करों ने होली के दौरान बिहार व अन्य राज्यों में जहरीली शराब आपूर्ति की साजिश रची थी।लेकिन एसपी के सटीक सूचना तंत्र ने तस्करों की योजना पर पानी फेर दिया है। डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी है। गिरफ्तार तस्कर पीतीज गांव के लक्ष्मण दांगी और जितेंद्र कुमार दांगी है। पुलिसिया कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों और माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक कई बिंदुओं पर की गई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सचिवालय सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड प्रमुख अनीता यादव के अध्यक्षता में शनिवार 4 मार्च को किया गया। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों में विकास के कार्य में तेजी लाने पर विशेष चर्चा किया गया। बताते चलें कि प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी खराब पड़े चापाकल एवं जल मीनार को जल्द बनाने की बातें कहीं। दूसरी तरफ हाई मास्ट लाइट मरम्मत करने की बातें की गई। तो वहीं मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों का सूची उपलब्ध कराने की बात प्रमुख ने कही। सभी जन वितरण प्रणाली के संचालकों के साथ प्रमुख ने बैठक करने की बात कही। उन्होंने महीने के 15,16 एवं 24, 25 तारीख को जांच की टीम पूरे प्रखंड में घूम कर इसकी जांच करेगी। महीने में विद्यालयों का भी विजिट करने के बाद प्रमुख ने कहीं। प्रखण्ड के सभी स्वास्थ्य विभाग में कितने स्वास्थ्य कर्मी हैं। उनका सूची स्वास्थ्य विभाग से प्रमुख ने मांगी है। मौके पर उपस्थित सरिता देवी कामेश्वर भुइयां लालो साव प्रियांशु देवी रहमति खातून पंचायत बीपीओ अजय कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा सेवक उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा महेश मिस्त्री मिथिलेश सिंह कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार जेएसएलपीएस बीपीएम अभिषेक कुमार बड़ा बाबू संजीत मिश्रा एवं अनेकों लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, भूमि-संरक्षण, मत्स्य विभाग, सहकारिता, सांख्यिकी विभाग समेत अन्य विभागों के कार्यो का समीक्षा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कृषि विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना वहीं पशुपालन विभाग से संचालित योजना यथा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम समेत मत्सय विभाग एवं सहकारिता विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अघतन स्तिथि की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में पेयजल आपूर्ति की मौजूदा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जिलेवासियों को किसी प्रकार के जल संकट से न गुजरना पड़े इसका खास खयाल रखा जाए। इस संबंध में उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दिये।बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, पंचायत राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, सीविल सर्जन श्यामनन्दन सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता अविक अंबाला समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दो घरों से महुआ जावा किया नष्ट



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत जपुआ टोला से जिला पुलिस अधीक्षक के मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने शनिवार को सौ किलोग्राम महुआ जावा को नष्ट किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि होली के त्यौहार में इस्तेमाल होने वाला शराब बनाने के लिए महुआ जावा डाला गया था। जो एस आई बिकाश सेठ व प्रशासन दल बल के साथ नष्ट किया है।

## महिला संगठनों ने श्रमदान देकर की जल निकाय की सफाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के बन्हे आजीविका महिला संकुल संगठन जेएसएलपीएस के तत्वावधान से श्रमदान के माध्यम से जल निकायों की सफाई अभियान कार्यक्रम के तहत् बानासांडी छठ तालाब की साफ- सफाई महिलाओं द्वारा किया गया। जिस द्वौरान महिला संगठन के लगभग 80 महिलाओं ने एक जुटता के साथ श्रमदान विधिवत रूप से नारियल तोड़कर प्रारंभ किया। अभियान के द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम प्रबंधन अनील डुंगडुंग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कहा कि महिलाओं के द्वारा श्रमदान कर लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने की दिशा में समाज की बेहतरी के लिए सामुदाय की सामुदायिक कार्य को बढ़ावा देने के उदेश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया। जिससे गाँव में सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण स्थापित होगा। वहि सामुदायिक संसाधनों का प्रबंधक, देखरेख, साफ-सफाई, निगरानी इत्यादि कार्यो में ग्रामीण समाज की भागीदारी सुनिश्चित होगी। श्रमदान कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधन अनील डुंगडुंग, जिला प्रबंधक पप्पू कुमार, बानासाडी पंचायत की मुखिया श्रीमति पार्वती देवी, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक राहुल रंजन पांडेय, चतरा जिला आकांक्षी कार्यक्रम के अंकिता कुमारी, बीपीओ- सुरेन्द्र प्रजापति, विकास कुमार, जावेद खान, दिलीप राणा, सामुदायिक समन्वयक लवकुश कुमार, सुमित्रा देवी, बन्हे संकुल के सदस्य मंजू देवी, बिनिता कुमारी, सरिता देवी, जेन्डर सीआरपी आरती देवी, सोनी कुमारी, बसन्ती देवी, रंजू देवी, अनिता देवी सहित 80 महिलाओं ने श्रमदान कार्यक्रम में भाग लिया।

# तामिलनाडु में हिंदी भाषियों पर की जा रही है चाकुओं व हथियारों से वार

➲सिमरिया क्षेत्र कई लोग झारखण्ड सरकार से बचाने की गुहार

➲हिंदी भाषी तामील छोड़ों वर्णा मौत की घाट उतारा जाएगा : तामीली

➲दर्जनों हिंदी भाषियों को अब तक उतारा जा चुका है मौत के घाट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/ सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के फतहा गाँव निवासी मो जौहर ने झारखण्ड सरकार से जान बचाने एवं तामील से सुरक्षित लाने की गुहार लगाया है। कहा है कि मैं तामीलनाडु में मोबाईल दूकान ने काम करता हूँ। जो इन दिनों अचानक चार दिनों से तामीलनाडु में हिंदी भाषियों पर मौत का साया मंडरा रहा है। तामील के ग्रामीणों ने हिंदी भाषियों पर कहर बरपा रहा है। तामीली का कहना है कि जितने हिंदी भाषी हैं जल्द तामील छोड़ो यहां हिंदी भाषियों की कोई जरूरत नहीं है। इसे लेकर वहां के ग्रामीण आग बबूला होकर हिंदी भाषियों को दौड़ा दौड़ा कर हत्या एवं चाकुओं से वार कर घायल कर रहें है। यहां तक की हिंदी भाषीयों को बसों ट्रेनों में चिन्हित कर चाकुओं से वार कर रहें है। ऐसे में बिहार, झारखण्ड के सैकड़ों कामगार लोग तामील में रोजगार करते हैं। जो इन दिनों कितने को मौत की घाट उतार दिए गये हैं या कितने अपने अपने जगह पर मजबूरन दुबके हुए हैं। यदि झारखण्ड सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा हिंदी भाषियों को लाने या बचाने के लिए वहां की सरकार से वार्ता नहीं की तो कितने लोगों की जाने जा सकती है। लोग कुल्हाड़ी, तलवार, चाकू, ईट से सड़कों पर दौड़ा दौड़ा कर हत्या व घायल कर रहें हैं जहां वहां की पुलिस भी मौजूद हैं फिर भी इस तरह का वारदात की जा रही है।

## प्रखंड सचिवालय में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सचिवालय में शनिवार 4 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड के सभी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि राजनीतिक दल के लोग एवं गणमान्य व समाज सेवी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सम्मिलित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए एक दूसरे को मिठाई भी खिलाए मौके पर उपस्थित संजीत कुमार सिंह जय शंकर पाठक मनोज कुमार पाल अनीता यादव कपिल कुमार मनोज कुशवाहा एवं दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# तीव्र गति से चल रही है रेलवे पुल का काम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** पत्थलगडा सीमा से सटे सिमारिया अंचल क्षेत्र इचाक के सीरिया नदी में पुल का निर्माण कार्य तेजी से जारी है दो महीने से काम चल रहा है इस पुल का टेंडर isc कंपनी द्वारा लिया गया है इस पुल की दूरी से हर एक पुल की दूरी तीन से चार किलो मीटर पर होगी इस पुल की लंबाई 40 मीटर और चौड़ाई करीब 18 मीटर है। साइड इंचार्ज ने बताया की यह पुल का टेंडर हर क्षेत्र में अलग अलग कंपनी द्वारा ली गई है। और वह इसी तरह अपने क्षेत्र में पुल बनाने का कार्य कर रहें है साइड इंचार्ज ने बताया की इस पुल का काम दो साल के अंदर समाप्त हो जाएगा उसके बाद ट्रैक का काम शुरू किया जाएगा और लगभग पांच साल के अंदर पूरी रेलवे लाइन बन के त्यार हो जाएगा।

## बालूमाथ थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक का किया बहिष्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड में हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों के द्वारा आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए एक सद्भावना कमिटी का एक सप्ताह पूर्वगठन किया गया था। जिसमें सर्वसम्मति से 6 मार्च सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाना था। जिसको लेकर आमंत्रण पत्र देने के लिए 10 सदस्यीय कमेटी लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव से मिलने गई हुए थी। जहां लातेहार उपायुक्त ने सद्भावना कमेटी के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार किया और कहा कि मैं सद्भावना कमेटी को नहीं मानता मैं सिर्फ शांति समिति को ही जानता हूं ।सदस्यों द्वारा कमिटी के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देने का प्रयास किया गया जिसे डीसी ने नकारते हुए कहा कि मैं सिर्फ शांति समिति को मानता हूं सरकार मुझे वेतन देती है इसलिए मैं सरकारी संगठन को ही मानता हूं। सद्भावना कमेटी को हम शून्य मानते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोग होली मिलन डांस करवाने के लिए करवा रहे हैं। जब उन्हें बताया गया कि यह सद्भावना कमेटी बालूमाथ प्रशासन की सलाह पर बनाया गया है तो उन्होंने कहा कि पुलिस हमसे ऊपर है क्या और सद्भावना के कमिटी के साथ दुर्व्यवहार किया। इससे आहत होकर बालूमाथ में दोनों समुदायों की एक आपातकालीन बैठक बालूमाथ में हुई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बालूमाथ थाना परिसर में शनिवार को आयोजित शांति समिति की बैठक का बहिष्कार किया जाएगा ।जिसके बाद पुलिस द्वारा शांति समिति की बैठक को स्थागित कर दिया गया। सद्भावना समिति के लोगों ने उपायुक्त के व्यवहार निंदा करते हुए एक स्वर में कहा कि सामाजिक संरचना में एक पदाधिकारी की भूमिका क्या होती है यह खुद उपायुक्त को समझ में नहीं आता है।

## लावालौंग के होसिर में पोस्ते के फसल पर पुलिसिया चाबुक, कई एकड़ खेती पर चला ट्रैक्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना के अति प्रभावित क्षेत्र कहे जाने वाले मांधनिया के होसिर में इन दिनों सक्रिय अफीम माफियाओं के विरुद्ध एक्शन में दिख रहे हैं,थाना प्रभारी बमबम कुमार। एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर शनिवार को वन विभाग और लावालौंग पुलिस के अधिकारियों के साथ मिलकर पुलिस ने अफीम के कारोबार व ट्रांसपोर्टिंग करने वाले की पुलिसिया कार्रवाई से काले धंधे से जुड़े गिरोह के सदस्यों पर शिकंजा कसने के लिए थाना प्रभारी अपनी पैनी नज़र रखे हुए हैं। माफियाओं के संरक्षण में वन भूमि तथा निजी भूमि पर लगाए गए पोस्ते के अवैध फसल को अभियान चलाकर वन विभाग और पुलीस प्रशासन ने संयुक्त रूप से विनष्ट किया गया। थाना प्रभारी बमबम कुमार की नेतृत्व में वन विभाग की संयुक्त टीम ने कई एकड़ से अधिक वन भूमि, निजी भूमि में लगे अवैध पोस्ते के फसल को ट्रैक्टर चलाकर विनष्ट किया है। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को बहकावे में न आकर गैरकानूनी कृत्यों में संलिप्त होकर अपना व अपने बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं करने की अपील की है। मौके पर थाना प्रभारी ने अफीम व पोस्ते से होने वाले नुकसान के साथ-साथ कानूनी उलझनों के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक किया। थाना प्रभारी ने पुलिस जागरूकता अभियान के बावजूद अफीम तस्करों का साथ देने वाले ग्रामीणों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। अभियान में वन विभाग के साथ साथ लावालौंग थाना के एस0 आई0 रोहित कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## दस्तावेज नवीस संघ ने होली मिलन समारोह में 91 सदस्यों को अंग वस्त्र एंव प्रोत्साहन राशि दे कर किया सम्मानित



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड दस्तावेज़ नवीस संघ के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दस्तावेज नवीस संघ के अध्यक्ष विजय सिंह और सचिव रामस्वार्थ सिंह के द्वारा सीनियर डीड राइटर सन्तन प्रसाद को सर्वप्रथम अबीर रंग लगा कर अंग वस्त्र एंव प्रोत्साहन राशि दे कर सम्मानित किया। विदित हो कि सन्तन प्रसाद वर्ष 1971 ई से दस्तावेज नवीसी का कार्य अंजाम दे रहे हैं। दस्तावेज नवीस संघ के सचिव श्री सिंह ने बताया कि 91 सदस्यों को होली की पावन अवसर पर अंग वस्त्र और होली खर्च के रूप में प्रोत्साहन राशि दी गई। खुशी की इस अवसर पर मिठाइयां तकसीम की गई।

## विदाई दी गई



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत जोसेफ स्कूल में 10 वीं एवं 12 वीं के छात्रों को दी गई विदाई। महुआडांड़ संत जोसेफ स्कूल में दसवीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर सर्वप्रथम सभी के लिए सुख शांति के लिए प्रार्थना की गई। समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल प्राचार्य फादर दिलीप ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी स्कूल की सबसे कीमती सम्पत्ति होते हैं। उनके बिना शिक्षक और विद्यालय कुछ भी नहीं है। छात्र जीवन के लिये दसवीं एवं 12 की परीक्षा काफी अहम होती है। इस परीक्षा में बेहतर तरीके से सफलता पाने पर आगे के सफलता आपके रास्ते में होगी। उन्होंने परीक्षा के लिए सभी को शुभकामनाएं दी।

## झारखंड आंदोलनकारी का जिला स्तरीय सम्मेलन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय अंतर्गत आदिवासी ओसावोड़ा भवन लातेहार में झारखंड आंदोलनकारी का जिला सम्मेलन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुरलीधर प्रसाद ने किए एवं सभा का संचालन चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी सत्येंद्र सिंह ने किया इस जिला सम्मेलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए झारखंड आंदोलनकारी साथी अपने अपने बातों को रखा झारखंड सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की उन्होंने कहा झारखंड बने 23 साल होने को है लेकिन आज तक पूर्ण रूप से झारखंड आंदोलनकारियों का चिन्हितिकरण नहीं हो पाया है। जिसके कारण सभी आंदोलनकारी ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपने जवानी पूरे झारखंड अलग कराने में गवा दिए और आज कई साल बीत जाने के बावजूद भी किसी तरह का सरकार के द्वारा मान सम्मान ना पेंशन दिया जा रहा है। इस सम्मेलन के माध्यम से एक झारखंड आंदोलनकारी जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से कमेटी का नाम झारखंड आंदोलनकारी मंच को के रूप में नामित किया गया। साथ ही जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में सत्येंद्र सिंह, सचिव नंदकिशोर सिंह, कोषाध्यक्ष बृजलाल गुप्ता एवं इस मंच के संरक्षक के रूप में एडवोकेट बिरसा मुंडा रंतु उरावं प्रभात में मुटकुम राम प्रमोद गंझू जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शिवलाल उरांव सुरेश उरांव दिनेश चंद्रवंशी हीरा नाथ राम धुरबिगन सिंह विष्णु देव गंजू महेश भगत प्रमोद गंजू सुजीत कुमार नागदेव राम शंकर उरांव लालू उरांव को बनाया गया सभी नव चयनित पदाधिकारियों को माला पहना कर स्वागत किया गया एवं संयुक्त रूप से शपथ शपथ ग्रहण कराया गया। मौके पर वीरेंद्र ठाकुर आफताब आलम खान राजू भास्कर कन्हाई सिंह नागेंद्र प्रसाद महाभारत पुराण धनेश्वर उनाव शंकरुड़ा महेश गंजू फूलचंद गंजू नानू गंजू दीनानाथ राम मकसूद आलम सुजीत कुमार मुकुम राम रमेश यादव डॉक्टर प्रभात मींस विश्वनाथ प्रसाद अनिल मींस ननकू साहू अली हुसैन लल्लन तुरी दिनेश चंद्रवंशी उदय बोदरा विनोद प्रसाद सिंह प्रमोद भगत महेश्वरा सुरेंद्र भगत विजय प्रसाद रामपाल उनाव गोपाल सिंह गुलाब प्रजापति विष्णु देव गंजू प्रमोद गंजू भुवनेश्वर गंजू कल्पना देवी कौशल्या देवी मैत्री कुंवर सविता देवी आदि लोग मौजूद थे।

# हिन्दू समाज हो चुका है संगठित : नरेंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय हिंदू परिषद जिला स्तरीय बैठक धर्मपुर समुदायिक भवन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र पांडे ने की मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए प्रदेश मंत्री दिलीप बैध संगठन मंत्री कन्हैयालाल बैठक में उपस्थित रहे। संबोधित करते प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र पांडे ने कहा कि अखिल हिंदू परिषद एक हेल्प लाइन जारी की है। जिससे कभी भी आपको तुरंत सहायता मिलेगा। भारत के किसी भी कोने में हो तीर्थ यात्रा। यात्री चाहे किसी भी आफत बीपत में हो, आपकी सहायता किया जाएगा। चिकित्सा सुरक्षा व्यवस्था हेल्पलाइन के माध्यम से किया जाएगा, प्रदेश मंत्री दिलीप बैद्य ने संबोधित करते हुए बताया कि समाज संगठित हो रही है। एक सशक्त नेतृत्व की जरूरत है, एक नेता की जरूरत है, जो हिंदू हित के लिए कार्य करें। जो आज समाज में छोटे स्थान से जिला स्तर तक एक से एक हिंदूवादी नेता उभर रहे हैं। वहीं प्रदेश संगठन मंत्री कन्हैयालाल जी ने सनातन परंपरा पर बखान दिया हनुमान चालीसा का महत्व को बताएं, सत्संग, आरती अनुष्ठान, हवन यह सब वैज्ञानिक आधारित है। जिससे मनुष्य में नई चेतना उत्साह उमंग ऊर्जा का संचार होती है। सर्वसहमति से जिला के अध्यक्ष के रूप में विनायक कांत पांडे को बनाया गया। उपाध्यक्ष अखिल नारायण सिंह, सचिव मंत्री राजेश उरांव, संगठन मंत्री नंदलाल प्रसाद गुप्ता एवं योगेश्वर सिंह साह मंत्री बनाया गया। वहीं प्रत्येक प्रखंडों में समिति बनाई गई। लातेहार प्रखंड ग्रामीण क्षेत्र से संतोष प्रसाद प्रखंड अध्यक्ष, एवं सरयू प्रखंड अध्यक्ष राघव राम को बनाया गया। अखिल भारतीय बजरंग दल समन्वयक प्रमुख मिलन शुक्ला अभिषेक पांडे, राज गुप्ता बनाया गया। इस बैठक में कमलेश प्रसाद मोहन चौधरी शंकर प्रसाद विनोद राम अरविंद उरांव, सौरव कुमार, रविंद्र भगत, मनोहर प्रसाद, प्रभु राम, वीरेंद्र प्रसाद, दिपकराम नागमणि, कमलेश उरांव, योगेश्वर सिंह, नरेश उरांव, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## होली व शबे ए बरात दोनों पर्व को शांतिपूर्ण मनाने को लेकर टंडवा प्रशासन हुआ सख्त



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली एवं शबे बरात दोनों त्योहारों को शांति एवम् सौहार्द पूर्ण मनाने हेतु हुड़दंगयो के ऊपर पैनी नजर रखने के लिए शनिवार को टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी रंथू महतो एवं पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। आपको बता दें कि शुक्रवार को दोनों त्योहारों को शांति पूर्ण मनाने हेतु थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। उसमें थाना प्रभारी श्री सिंह ने कहा था की पुलिस बलों के द्वारा पूरे थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च एवं पेट्रोलिंग किया जाएगा। जिसके मद्देनजर शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के मिश्रोल, राहम, कामता सराधू सहित थाना क्षेत्र के कई इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बलों के द्वारा गस्ती किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों को आर्थिक स्थिति समृद्ध करने वाला बजट : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दिया है। कहा कि राज्य के किसानों के आर्थिक स्थिति को समृद्ध करने वाला बजट है। मंगलेश ने कहा कि राज्य के किसानों का कृषि ऋ्रण माफ करने और फसल सुरक्षा बीमा योजना समेत किसानों के हितों में और भी कई योजना जो इस बजट में लाई गई है। वह आने वाले समय में राज्य के किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। राज्य सरकार के द्वारा किसानों को मोटे अनाजों के उत्पादन हेतु लगातार सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार के द्वारा दुग्ध उत्पादन की दिशा में बढ़ावा देने हेतु डेयरी प्लांट लगाने की योजना भी बहुत ही सराहनीय है। ने कहा कि कुल मिलाकर यह आम बजट झारखंड के किसानों के लिए बहुत ही शुभ संकेत है।

### जीवन में सफलता के लिए मेहनत जरूरी : अभिषेक वर्मा

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेंट्रल टीचर एलिज्बलिटी टेस्ट ( सीटेट ) के पहले ही प्रयास में चितरपुर प्रखण्ड के मायल पंचायत निवासी अभिषेक वर्मा पिता मनोज कुमार वर्मा ने सफलता अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने प्राइमरी स्टेज एवं एलीमेंट्री स्टेज के दोनों पेपर में सफलता पाएं है। अपनी इस सफलता पर उन्होंने बताया कि सीटेट की तैयारी मैंने घर बैठे ही किया था। सेल्फ स्टडी पर ध्यान दिया। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। परीक्षा में पास होने के बाद अभिषेक वर्मा ने कहा कि जीवन मे सफलता का मूल मंत्र कड़ी मेहनत हैं , यदि आप मेहनत पूरी ईमानदारी से करते हैं तो किसी भी परीक्षा में सफलता हासिल कर सकते हैं। सफलता के पीछे संघर्ष जरूरी होता हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में कभी भी कमी न करें, बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा जरूरी हैं। शिक्षा ही एक ऐसा हथियार हैं जिसे छीना नही जा सकता हैं । बताया गया कि सीटेट की परीक्षा देश स्तर में होती है, जिसमें लाखों की संख्या में प्रतिभागी भाग लेते हैं।

### श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट ने रंग रंगीला फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा शहर के नेहरू रोड में स्थित श्री श्याम मंदिर परिसर में रंगीला फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव की शुरुआत श्री श्याम प्रभु की ज्योत जलाकर की गई। पंडित बनवारी लाल ने मुख्य यजमान राजकुमार चौधरी को विधिवत रूप से भगवान गणेश की पूजा अर्चना कराकर श्री श्याम ज्योत को जलाकर उद्घाटन किया। फाल्गुन महोत्सव को लेकर बाहर से आए कारीगरों ने मंदिर परिसर को और श्री श्याम प्रभु को भव्य फूलों से सजाया संवारा। इस मौके पर स्थानीय कलाकार कमल बगड़िया, सांवर अग्रवाल, ध्रुव सिंह एवं विष्णु शर्मा ने सामूहिक रूप से श्याम चौरासी का पाठ कर पंच प्रभु की पूजा अर्चना किया। पंचवटी परिवार नहीं पैदल यात्रा कर श्याम प्रभु की निशान को मंदिर परिसर में सौंपा। इसके बाद बाहर से आए कलाकार अविनाश शर्मा और गंगा शर्मा ने एक से एक भजन कीर्तन कर भक्तों को झुमाया। इस दौरान दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन कीर्तन पेश कर उपस्थित सैकड़ों लोगों को खूब झुमाया। इसके बाद विशेष आरती का आयोजन किया गया।उसके बाद भोग और भंडारा का वितरण किया गया। इस मौके पर बगड़िया परिवार पादुका सेवा में लगा रहा।

## जिले में चल रहे विकास कार्यों की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा ने जिला समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। मिशन अमृत सरोवर की समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वही उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मिशन अमृत सरोवर के तहत प्राप्त नए लक्ष्य की जानकारी देते हुए कार्य प्रारंभ करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, आधार सीडिंग, वीर शाहिद पोटो हो खेल विकास योजना आदि की समीक्षा कर कार्य प्रगति की जानकारी ली एवं कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के तहत सृजित मानव दिवस का प्रखंडवार जायजा लिया तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्यों को गंभीरता से लेने एवं यथाशीघ्र कार्य सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित करने ज्यादा से ज्यादा कार्य दिवस सृजित करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने जिले के प्रत्येक गांव में ज्यादा से ज्यादा योजनाएं चयनित कर उनमें मनरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को कार्य देने का निर्देश दिया।

वही उन्होंने सभी जे0ई0 को एम0बी0 एंट्री का कार्य यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत वितीय वर्ष 2022-23 में लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति, प्रथम क़िस्त का भुगतान, आवास पूर्णता, अंतिम क़िस्त का भुगतान एवं लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी पूर्ण एवं संचालित योजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी मनरेगा डीआरडीए, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों, सहायक अभियंता, कनीय अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## थाना परिसर में होली एवं शबे बरात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** कुज्जू ओपी में होली और शबे बरात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई इस बैठक में ओपी प्रभारी बलवंत दुबे ने इस दोनों पर्व को देखते हुए कहा क्षेत्र में सौहार्द वातावरण में पर्व त्योहारों का आनंद लें आपसी भाईचारा कायम रहे एवं भाईचारे के साथ दोनों त्यौहारो को मनाएं, कोई भी सोशल एक्टिविटी गलत तरीके से ना हो और ना ही कोई होली त्यौहार के मौके पर उपद्रवी का माहौल बनाएं ना ही किसी तरह का दारू मदिरा का सेवन करें बैठक में शांति समिति के सदस्य एवं क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। शांति समिति बैठक के बाद थाना प्रभारी ने शांति समिति के सदस्यों को अबीर लगाकर होली की मुबारकबाद पेश की।

## स्वास्थ्य और पोषण विषय पर हुआ प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड के सभाकक्ष में शुक्रवार को पिरामल फाउंडेशन व नीति आयोग द्वारा स्वास्थ्य और पोषण विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मौके पर लोगों को स्वास्थ्य और पोषण के विभिन्न सूचकांकों को मद्देनजर रखते हुए गंभीर रूप से कुपोषित और अल्प रूप कुपोषित बच्चों के उपचार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। मेडिकल ऑफिसर शाहीन कौसर द्वारा उपस्थित सभी को जानकारी दी गई कि कुपोषित बच्चे की पहचान करने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है वही एमटीसी न्यूट्रिशन काउंसिलर कंचन कुमारी के द्वारा सभी को कुपोषण के चक्र के सभी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई और बच्चों को एमटीसी सेंटर तक पहुंचाने में उपस्थित सभी की जिम्मेदारी पर ध्यान आकृष्ट किया गया। मिथुन कुमार के द्वारा शिविर के दौरान कहा गया कि बच्चे के जन्म के 1000 दिन काफी महत्वपूर्ण है इस संबंध में उनके द्वारा विस्तार से सभी को जानकारी दी गई वहीं गांधी फेलो एकता कुमारी के द्वारा सभी को बताया गया कि कुपोषण होने से पहले ही माता और बच्चे के खानपान पर अगर अच्छी तरह से ध्यान दिया जाए एवं आवश्यक परामर्श दिया जाए तो बच्चे को कुपोषण से बचाया जा सकता है।मौके पर मेडिकल ऑफिसर शाहीन कौशर, बीटीटी मंजू देवी, महिला सुपरवाइजर ज्योति कुमारी एवं वहीदा रहमान, एमटीसी न्यूट्रिशन काउंसलर कंचन कुमारी, आंगनवाड़ी सेविका, सहिया, एएनएम, पिरामल फाउंडेशन से प्रवीण कुमार, मिथुन भंडारी, एकता कुमारी, श्रेया, ऋषिकेश आदि उपस्थित थे।

## केंदुआ 01 निवासी अशोक राणा के पुत्र की अपहरण के बाद हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के पंचायत बेडोकला ग्राम केंदुआ 01 निवासी सागर राणा उम्र 12 वर्ष पिता अशोक राणा को अपने चचेरा भाई ने अपहरण कर हत्या कर दी।घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 28 फरवरी को बच्चे का अपहरण कर लिया गया था।जिसकी लिखित शिकायत पिता अशोक राणा के द्वारा बरकट्ठा थाना में दिया गया था जिस आवेदन पत्र पर संज्ञान लेते हुए स्थानीय प्रशासन के द्वारा छानबीन शुरू किया गया।जिसके पश्चात संलिप्त आरोपियों के द्वारा पुलिस को खुब उलझाया परतुं पुलिस के द्वारा आरोपित आरोपियों से अपने तकनीक के अनुसार कडाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने सारे राज पुलिस के समक्ष उगल दिया।आरोपियों के द्वारा पिछले तीन दिनों से पुलिस एवं गुमशुदा परिजनों को घूमाता रहा एवं नवयुवक के हत्या करनें के बाद अपने ही परिजनों से 6 लाख रुपये फिरौती का मांग कर रहे थे।पुलिस ने शव को बीते रात कोल्हुआ कूदर स्थित दुलकी नदी के एक पत्थर के गुफा से बरामद किया।पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।जिसमें काशी यादव चचेरा भाई बिट्टू राणा,एवं एक अन्य का नाम शामिल है।पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के द्वारा थाना प्रभारी एवं वरीय अधिकारियों से मिलकर उपरोक्त दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग किया है ।

## एनडीए की जीत पर हेसला में विजयी जुलूस निकला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को मिली जीत पर जिले के सभी भाजपा आजसू के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जीत से आह्लादित नगर परिषद क्षेत्र हेसला महुआटांड़ तक कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला। जुलूस में ढोल- डीजे की धुन में भाजपा आजसू पार्टी के कार्यकर्ता एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते हवा में उड़ाते हेसला हनुमान मंदिर तक खात्म हुआ । जुलूस नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, आनन्द बेदिया, प्रदीप ठाकुर, दिनेश प्रजापति, प्रदीप बेदिया, सोमू खान, बबलु महतो, सुनिल बेदिया, भोला बेदिया सहित काफी संख्या में भाजपा आजसू के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया ने कहा कि एनडीए को मिली सफलता को रामगढ़ विधानसभा में अब तक के हुए विकास कार्यो की जीत है। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्ष ने जो जनता के बीच भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे थे। लेकिन जनता ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए उन्हें करारा जवाब दिया।

## सडक़ दुर्घटना में पति-पत्नी की मौत घंटों, जी टी रोड जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के कोन्हरा खुर्द स्थित जी.टी रोड पर हुई सडक़ दुर्घटना में ग्राम बरकट्ठा निवासी डीलो साव 34 वर्ष पिता फागू साव कि मौत घटनास्थल पर ही हो गई।जबकि पत्नी लीलावती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसे अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में दम तोड़ दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने बाइक संख्या छ्घ् 02 स्न 8663 से मौगडहा बरही अपने मामा घर से बरकट्ठा अपने घर पत्नी के साथ वापस लौट रहा था।वंही बरही कि ओर से आ रही मालवाहक वाहन(ट्रक)संख्या झ्क्क 23 ष्ठ 0131 ने बाइक सवार पति-पत्नी को अपने चपेट में ले लिया जिससे युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई।जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी को घायलावस्था में स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरकट्ठा ले जाया गया।जंहा चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करनें के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।हजारीबाग ले जाने के क्रम में रास्तें में ही दम तोड़ दी।परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है बताया जाता है कि घर का एकमात्र कमाऊ व्यक्ति था।इनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं।इन दोनों पती-पत्नी के मौत से छोटे बच्चों एवं परिजनों के समक्ष विकट स्थिति का समस्या उत्पन्न हो गया है।वंही घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने लगभग दो घंटें जी.टी रोड को जाम रखा।एवं आक्रोशित लोगों ने सडक़ निर्माण कार्य करवा रही एजेंसी राजकेसरी प्राइवेट लिमिटेड के कोषमा स्थित ऑफिस में तोडफोड़ करनें कि सूचना प्राप्त हो रही है।स्थानीय लोगों ने घटना की जिम्मेवारी सिक्सलेन सडक़ निर्माण करवा रही एजेंसी को ठहरा रहे हैं।लोगों के मुताबिक सडक़ सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर सडक़ का निर्माण कार्य किया जा रहा है।जिससे आये दिन सडक़ दुर्घटना होते रहती है।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और कार्यस्थल में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर साल 4 मार्च को पूरे भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2023 की थीम ÷हमारा लक्ष्य, सुनी हानि÷ है। इस खास मौके पर एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने सुरक्षा ध्वज फहराकर कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि सुरक्षा हमारी पहली और सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इसे हमेशा सर्वोपरि मानते आए हैं। सुरक्षा के प्रति सतर्क रहकर काम करना यह हम सब की जिम्मेदारी है। सुरक्षा दिवस के मौके पर परियोजना में क्विज कंपटीशन, पोस्टर मेकिंग स्लोगन जैसे प्रतिस्पर्धा भी आयोजित की गई जहां कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का उद्देश्य व्यक्तियों, समुदायों और संगठनों को सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करना और सुरक्षा जागरूकता की संस्कृति बनाना है। यह उन लोगों के प्रयासों को पहचानने और उनकी सराहना करने का अवसर है जिन्होंने कार्यस्थलों और समुदायों को सुरक्षित बनाने में योगदान दिया है। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी), श्रम और रोजगार मंत्रालय के सहयोग से, सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इस दिन विभिन्न गतिविधियों और पहल की जाती है। इन गतिविधियों में सुरक्षा अभियान, प्रशिक्षण सत्र, कार्यशालाएं, सेमिनार और मॉक ड्रिल शामिल हैं। एनएससी संगठनों को सुरक्षा ऑडिट करने, संभावित खतरों की पहचान करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिए प्रोत्साहित करता है। परिषद संगठनों को उनके सुरक्षा मानकों में सुधार करने और सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए संसाधन और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रदान करती है।

### ड्रेसर प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के नेतृत्व में झारखण्ड विधानसभा में झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिले रामगढ़ जिला में कार्यरत ड्रेसर लोग जिसमें मुख्य बाते रखी गई झारखण्ड में ड्रेसर की पढाई वर्षो से हो रही है जिसमें भारत सरकार के गजट में भी ड्रेसर की नियुक्ती में जगह दिया गया ।जिसको झारखण्ड सरकार के गजट में भी ड्रेसर फ्रंट लाइन में कार्य करता है प्राथमिकता देते हुए 1900 पदो पर नियमावली सुधार करने व पुर्व में जो कार्यरत ड्रेसर है उन्हे स्थाई करने की बात कहीं साथ ही 184 ड्रेसर को निकाला गया था उसे पुनः वापस रखने की बात बोले बहुत जल्द नोटिफिकेशन के माध्यम से सभी को स्थाई किया जाएगा साथ ही मंत्री जी ने तुरंत सचिव को तुरंत चिट्ठी लिखकर आदेश दिए सुधार हेतु !

### यज्ञ पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारा का आयोजन, शामिल हुए पूर्व विधायक

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखण्ड के धनबाद रोड स्थित अति प्राचीन व परम आस्था का प्रतीक मां भगवती मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ एवं 13वीं महोत्सव के समापन पर शनिवार को श्रद्धालु की भीड उमड़ पड़ी। वेदी पूजन, पाठ, हवन, पूर्णाहुति, महाआरती, कन्या भोजन, ब्राह्मण भोजन, विशाल भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यज्ञ अनुष्ठान के उपरांत भंडारा का प्रसाद पाना सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वहीं यज्ञ समिति के संरक्षक रमेश ठाकुर ने बताया कि भंडारा दोपहर 1बजे से प्रारंभ की गई जो देर संध्या करीब 8 बजे तक चलेगी। श्रद्धालुगण भारी संख्या में कतारबद्ध पंक्तियां में लगकर भंडारा का प्रसाद पाने के लिए अनुशासित तरीके से ले। जिसे यज्ञ समिति के लोग भंडारा का प्रसाद देने में लगे हुए थे। मौके पर मां भगवती सेवा संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र रजक,महायज्ञ समिति के संरक्षक रमेश ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, यज्ञ समिति के अध्यक्ष विपिन सिन्हा, भगवान केशरी, गुरुदेव गुप्ता, सचिव बलराम केशरी, काशी केशरी, रितेश गुप्ता, राजकुमार यादव, संतोष निषाद, नवल किशोर सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### चितरपुर महाविद्यालय का राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद दल ने किया निरीक्षण

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद टीम ने चितरपुर महाविद्यालय, चितरपुर का दो दिवसीय निरीक्षण दल के द्वारा का पूरा किया, इसके पूर्व महाविद्यालय की ओर से उपस्थित सभी अतिथि गण को झारखंड की लोक संस्कृति छौ नृत्य प्रस्तुत कर पुष्प वर्षा कर भव्य तरीके से स्वागत किया गया।निरीक्षण दल के कुल तीन सदस्यीय टीम मौजूद थी। महाविद्यालय के मूल्यांकन के लिए एस एस आर में दिखाए गए तमाम पक्षों का भौतिक एवम दस्तावेजी निरीक्षण एवम सत्यापन किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रशासनिक भवन,सभी विभागों के साथ,स्मार्ट क्लास, भूगोल, मनोविज्ञान और गृह विज्ञान के प्रयोगशाला, पुस्तकालय,कैंटीन, खेलकूद के मैदान, सामान्य पार्क,औषधि पार्क,बॉयज कॉमन रूम, गर्ल्स कॉमन रूम,सिक रूम, स्टाफ रूम, नियमित कक्षाएं कमरों छात्र एवं छात्राओं के वॉशरूम,महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई और स्वच्छता सहित सेमिनार हाल आदि का निरीक्षण किया गया। सत्यापन के क्रम में दस्तावेजों को देखने के बाद महाविद्यालय के प्राचार्या,परीक्षा नियंत्रक, प्रधान क्लर्क, सभी शिक्षकों, गैर शैक्षणिक कर्मियों, अध्ययन छात्र छात्राओं, पूर्व विद्यार्थियों, अविभावकों आदि सभी से टीम ने अलग अलग जानकारी ली। शिक्षकों ने डिजिटल बोर्ड में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के द्वारा आपने अपने विभागों के शैक्षणिक कार्यकलापों एवं उपलब्धियों को कॉलेज के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 10 लाभुकों को पशुधन दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 10 लाभुकों को कल्याण विभाग द्वारा बड़कागांव प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर एल गोसाई सिंह के हाथों मुर्गी, सुकर एवं बकरा का एक एक यूनिट का वितरण किया गया। 9 लाभुकों को शत-प्रतिशत अनुदान पर एवं एक लाभूक को 50त्न अनुदान पर पशुधन दिया गया। शत-प्रतिशत अनुदान पर एक - एक यूनिट पोटंगा पंचायत अंतर्गत जरजरा ग्राम के प्रमिला कुमारी एवं लक्ष्मण बेदिया को ब्रायलर, बिहारीलाल बेदिया एवं पंकज बेदिया को लेयर ककुट, जगरनाथ कुमार बेदिया एवं संगीता देवी को सुकर, हेवन देवी एवं मसो. सोमरी देवी को बकरा तथा पसरिया निवासी राजेंद्र सोरेन को ब्रायलर ककुट दिया गया। वहीं पोटंगा निवासी विनोद मुंडा को 50त्न अनुदान पर बकरा का एक यूनिट दिया गया। बकरा के एक यूनिट में चार बकरी के साथ एक बकरा, सूअर के एक यूनिट में 4 मादा एवं एक नर, ब्रायलर में 500 तथा लेयर में 400 चूजा का वितरण किया गया। साथ ही साथ सूअर एवं मुर्गी पालन के लिए मनरेगा के तहत सेड का भी प्रावधान है। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य अली रजा, वार्ड सदस्य देवेंन कुमार, अमृत रजक के साथ-साथ लाभुक उपस्थित थे।

## जीप सदस्य ने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के नापो खुर्द पंचायत के असनाटाड में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवन का उद्घाटन बड़कागांव पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी ने फीता काटकर किया। जिला परिषद सदस्य ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र नहीं रहने के कारण यहां के नौनिहालों बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षण कार्य करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। यहां के नौनिहालों के परेशानियों को देखते हुए विभाग के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण कराया गया। अब नौनिहालों बच्चे छत के नीचे अपना पठन पाठन करेंगे। उन्होंने कहा बच्चों का भविष्य सवारने एवं कुपोषण से बचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र बनाया गया है। पंचायत समिति सदस्य गणेश साव ने कहा आंगनबाड़ी केंद्र का साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना सेविका के हाथों में है। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष सहकारिता विभाग चंदर साव, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव, जिप सदस्य प्रतिनिधि दीपक करमाली, वार्ड सदस्य सुमित्रा देवी, मुनिया देवी, सेविका रेखा देवी, सहायिका सोनी देवी, मुनिया देवी, द्वारिका साव, बालेश्वर साव, कजरू साव, फिल्ममन टूटी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत अस्पताल पहुंचाकर दोस्त हुआ फरार

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी थाना क्षेत्र के खलारी बाजारटांड़ नावाडीह मुख्य पथ पर मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर के आमने सामने आने से बाइक सवार युवक की दुर्घटना ग्रस्त होने एक युवक की मौत हो गयी. घटना लगभग दिन के 10ः30 की बताया जाता है. घटना करकट्टा बस्ती खलारी बाजारटांड़ नावाडीह मुख्य पथ का बताया जा रहा है. जानकारी के अनुसार बाइक में सवार दो युवक खलारी के तरफ से मैक्लुस्कीगंज की ओर आ रहे थे. इसी क्रम में विपरीत दिशा से खाली ट्रैक्टर लेकर चालक सरपट चाल से खलारी ओर आ रहा था. बाइक व ट्रैक्टर के आमने सामने होने से बाइक सवार दोनों युवक ट्रैक्टर में ( बताया जाता ) टकरा गया. जिससे पीछे बैठा युवक दुर्घटना होने से मौत हो गया. मृतक युवक खलारी एसीसी कॉलोनी राहुल सेन लगभग (22 वर्ष) पिता समर सेन का इकलौता पुत्र था. मृतक के पिता एसीसी मध्य विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत है. दुर्घटना होने से घयाल युवक को जो दोस्त सुधांशू अग्रवाल बाइक चला रहा था,उसी ने आनन फानन में दुर्घटना ग्रस्त बाइक से ही डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल लाया. और चिकित्सकों जिम्मे पर छोड़ कर फरार हो गया. इसकी जानकारी जब मृतक के सगे सम्बंधियों व मृतक के दोस्तो को पता चला तो डकरा अस्पताल पहुँचे. जहाँ घयाल युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित बता दिया. खलारी थाना क्षेत्र में दुर्घटना होने की सूचना मैक्लुस्कीगंज पुलिस को मिली तो तत्काल दल बल के साथ पहुँचकर दुर्घटना ग्रस्त ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया. उसके बाद खलारी थाना को सूचना देते हुये घटना की जानकारी दिया गया. खलारी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राँची भेज दिया गया।

## टी शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेन रोड रांची आईआईसीसी व आईएनआईएफडी में आज टी शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका थीम होली सेलिब्रेशन था. सारे विद्यार्थियों ने इस कंपटीशन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सभी ने बहुत ही उत्साह और



लगन से टी शर्ट पेंटिंग की जिसमें शिक्षक गण में सपना कुमारी और किरण मिश्रा का अहम योगदान रहा अंत में सभी विद्यार्थियों की टीशर्ट पेंटिंग को इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर मो. महबूब आलम के द्वारा देखा गया और सराहा गया और 1स्ञ , 2ह्ष और 3त्र्ष पोजीशन का निर्णय लिया गया 1स्ञ पोजीशन पर सौम्या दुबे 2ह्ष पोजीशन पर मानसी कुमारी और सुनीता कुमारी और 3त्र्ष पोजिशन पर तासनीया खातून और अनुराधा जयसवाल रहीं।

## सरहुल पर्व मनाने को लेकर बैठक किया गया

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**खलारी :** प्राकृतिक पर्व सरहुल पूजा मनाने को लेकर कमाती धोड़ा में एक बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता राजकुमर उराँव व संचालन रँथु उराँव ने किया. बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कमाती धोड़ा, महावीर नगर मे प्रकृति पर्व सरहुल पूजा मनाने को लेकर चर्चा किया गया. बैठक मे रंथू उरांव, राजकुमार उरांव, सुभाष उरांव, बंधु पाहन, मुखिया तेज़ी किसपोटा, पारस उरांव, मलका मुंडा, शिवरथ मुंडा, सुनीता देवी, लक्ष्मण उरांव, लालदेव उरांव गोपाल उरांव आदि थे ।

### पूर्व मध्य रेल

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**क्र.सं. :** 1, **ई–निविदा सं. :** 209-DHN-2022-23, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** व. मं. अभि. /सम./धनबाद के अधीन धनबाद मंडल के लिए रेलवे के मापदंड के अनुसार 50 एमएम आकार के 1,00,000 घनमीटर मशीन क्रश्ड ट्रैक स्टोन ब्लास्ट की आपूर्ति तथा उसे किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में एफ.ओ.आर. पाकुड़ में लोडिंग। 10 (दस) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 14,12,51,000.00, **ब्याने की राशि (रू. में) :** ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 27.03.2023 को 17:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 28.03.2023 को 12:00 बजे से। **वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**
**पीआर/02260/डीएचएन/इंजी०/टी/22–23/32**

### झारखण्ड सरकार
### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**सूचना**

तद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित चापाकलों की मरम्मति एवं पेयजल की समस्या से संबंधित शिकायत विभागीय नियंत्रण कक्ष अन्तर्गत टॉल फ्री दूरभाष संख्या: 1800–3456–502 एवं मोबाईल संख्या: 94701–76901 पर प्रातः 08.00 बजे से लेकर संध्याः 08.00 बजे तक प्रतिदिन दर्ज करायी जायेगी। आम जनता से अपील है कि इस कार्यअवधि में विभागीय टॉल फ्री दूरभाश संख्या: 1800–3456–502 एवं मोबाईल संख्या : 94701–76901 पर शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से संबंधित शिकायतों को ईमेल आईडी– callcentredwsd.jharkhand@gmail.com पर भी दर्ज करायी जा सकती है।

उप निदेशक–I
प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट,
डोरंडा, राँची

**PR291956 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D**

### झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड

CIN U40108 JH2013 SGC OO1603
निगम कार्यालय : अभियंत्रण भवन, एच०ई०सी०, धुर्वा, राँची–4
(कार्मिक विभाग)

**आवश्यक सूचना**

सरकार के अवर सचिव, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार का कार्यालय आदेश संख्या 16 ज्ञापांक 395 दिनांक 27.02.2023 के आलोक में पंचम झारखण्ड विधानसभा का एकादशबजट सत्रा दिनांक 27.02.2023 से 24.03.2023 में पूछे जाने वाले विधानसभा प्रश्नोंकेस समय निष्पादन हेतु दिनांक 04.03.2023 (शनिवार) एवं दिनांक 18.03.2023 (शनिवार)को झारखण्ड ऊर्जाविकास निगम लिमिटेड एवं अनुषंगीकम्पनियों के कार्यालय सामान्य दिनों की भाँति खुला रहेगा। अतः सभी पदाधिकारी/कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतोंको टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्जकरायें।

Sd/-
(सुनील दत्त खाखा)
महाप्रबन्धक (कार्मिक–सह–सामान्य प्रशासन)

PR 291938 Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd(22-23)D

## चैती नवरात्र सह शतचंडी यज्ञ करकट्टा देवी मंडप में ध्वजारोहण किया गया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैती नवरात्र सह शतचंडी यज्ञ को लेकर करकट्टा देवी मंडप प्रांगण में शनिवार को पूरे विधि विधान के साथ ध्वजारोहण किया गया. ध्वजारोहण पंडित लोकनाथ पाण्डेय द्वारा कलश स्थापना व गणेश पूजन शुभ मुहूर्त में किया गया. तत्पश्चात आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. मौके पर प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, जिप सदस्य सरस्वती देवी, गणेश पाहन, अनिल कुमार पासवान, चितरंजन सिंह पप्पू, प्रमोद सिंह, हरेश सिंह, शम्भू दास, हरि प्रसाद गुप्ता, रविन्द्र नाथ पासवान, शियाराम सिंह, अवध प्रसाद गुप्ता, आशीष सिंह, नागेंद्र कुमार सिंह, टिंकु साहू, रविन्द्र रजक, बिनोद गुप्ता, सुबोध शर्मा आदि थे ।

### कार्यालय नगर पंचायत डोमचाँच।

**अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/2022–23 दिनांक 03.03.2023**

| क0सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | Const. Of P.C.Croad gurad wall and drain paver block from dr. Rajendra Prasad path domchanch high school bajrangbali temple to old house of arjun Mehta. | 12657747.00 | 253500.00 | 10000.00 | 04 Month |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | 13-03-2023 | | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | 20-03-2023 | | |
| C | Date of Hard copy receiving | | | 21-03-2023 | | |
| D | Date of opening Tender | | | 22-03-2023 | | |
| E | Name & Address of office inviting tender | | | Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch | | |
| F | Helpline No. | | | 9430497772 | | |

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत डोमचाँच।

PR 291928 (Urban Development) 22-23 (D)

### Office of Executive Engineer
### Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh

**Urgent Tender e- Procurement Notice**

**Tender reference :- 17/2022-23 Date :- 03.03.2023**

| Sl. No | Particulars | Details | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work - | Up gradation of Sub Divisional Lab Patratu Building with Provision of other General Item work etc. under D.W.&.S. Division Ramgarh Year 2022-23 | | | |
| | | Estimated Cost (in lakh) | E. M. Required (in Lakh) | Cost Of BOQ (in rupees) | Time of Completion |
| | | 10.82707 | 0.22000 | 2500.00 | 1 Month |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 13.03.2023 at 05.00 PM | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 20.03.2023 up to 05.00 PM | | | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 21.03.2023 up to 03.00 PM in the office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Ramgarh | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 21.03.2023 at 05.00 PM | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh | | | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06553-223193 | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 06553-223193 | | | |

1.Only Registered Contractor in this department may participate in the said tender.
2.Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
Note: - Updated estimated cost and earnest money should be taken as mentioned in the website.

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़

PR 291814 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

### सं0सं0:–18/आरोप –01–48/2022
### झारखण्ड सरकार स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा डॉ0 सुखदेव उराँव, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धुरकी, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आप प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धुरकी, गढ़वा में दिनांक–28.05.2012 से फरवरी, 2013 तक कार्यरत थे। आपका चयन एम0एस0 एनाटॉमी में होने के पश्चात् दिनांक–10.07.2014 से दिनांक–09.07.2017 तक रिम्स, राँची में शिक्षा ग्रहण किए। दिनांक–10.07.2017 से अबतक पारिवारिक दायित्वों के कारण अपने माता–पिता के बूढ़े होने के कारण सेवा से अनुपस्थित रहने का उल्लेख करते हुए आपके आवेदन दिनांक–21.04.2022 के द्वारा योगदान स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है। आप लगभग सात वर्षों से अधिक समय तक सेवा से अनुपस्थित रहे हैं।

झारखण्ड सेवा संहिता के नियम–76 के प्रावधानानुसार ''जबतक कि किसी मामले की खास परिस्थितियों को देखते हुए, राज्य सरकार अन्यथा निर्धारित न करे, सरकारी सेवक, भारत में बाह्य सेवा को छोड़कर अन्यत्र छुट्टी के साथ या बिना छुट्टी के कर्त्तव्य से पाँच वर्ष तक लगातार अनुपस्थिति के बाद सरकारी नियोजन में नहीं रह जाता है।''

उक्त संदर्भ में विभागीय पत्रांक–374(18) दिनांक–04.07.2022 के द्वारा आपसे स्पश्टीकरण पूछा गया, किन्तु आपका स्पश्टीकरण अप्राप्त रहा।

अतएव इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको निदेशित किया जाता है कि उक्त संबंध में आप अपना स्पश्टीकरण विभाग को दिनांक–15.03.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि क्यों नहीं सेवा संहिता के उक्त नियम के तहत उक्त अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाय।

निर्धारित अवधि तक जवाब अप्राप्त रहने पर यह समझा जाएगा की इस संबंध में आपको को कुछ नहीं कहना है एवं तद्नुसार आपके विरुद्ध नियमानुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इस आशय का एक पत्र आपके गृह पता–ग्रा०–सीलम टोंगरी टोली, पो०–सीलम, थाना–रायडीह, जिला–गुमला, 835207 पर भी भेजी गई है।

(विद्यानन्द शर्मा पंकज)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR 291966 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)D

### कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, गिरिडीह
(मध्याह्न भोजन योजना, कोषांग)

**-:अति अल्पकालीन-निविदा:-**

गिरिडीह जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत् प्रखण्ड स्तरीय गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 13.03.2023 के 12:30 बजे अपराह्न तक जिला के सभी प्रखण्डों के लिये निम्न विवरणी एवं शर्तों के अनुसार अल्पकालीन निविदा उप विकास आयुक्त, गिरिडीह के कार्यालय प्रकोष्ठ में जमा ली जायेगी एवं दिनांक 13.03.2023 के 02:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त, गिरिडीह के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी।

| समूह क्र0 | समूह में सन्निहित प्रखंडो का नाम | प्रखण्ड मुख्यालय से विद्यालयों की दूरी: 0–10 कि.मी. | 10–20 कि.मी. | 20–35 कि.मी. | कुल विद्यालयों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गिरिडीह | 124 | 126 | 101 | 351 |
| | बेंगाबाद | 99 | 115 | 13 | 227 |
| | गाण्डेय | 116 | 120 | 18 | 254 |
| 2. | जमुआ | 114 | 165 | 56 | 335 |
| | धनवार | 68 | 160 | 38 | 266 |
| | बिरनी | 88 | 72 | 65 | 225 |
| 3. | देवरी | 88 | 137 | 48 | 273 |
| | तिसरी | 63 | 87 | 46 | 196 |
| | गांवा | 69 | 87 | 31 | 187 |
| 4. | पीरटांड़ | 14 | 129 | 83 | 226 |
| | डुमरी | 86 | 140 | 63 | 289 |
| | बगोदर | 63 | 56 | 24 | 143 |
| | सरिया | 74 | 65 | 15 | 154 |
| | कुल योग | 1066 | 1459 | 601 | 3126 |

इच्छुक निविदादाता (प्रोपराइटर/पार्टनरशिप फर्म/कंपनी) प्रखण्ड समूहवार अथवा संपूर्ण जिला के लिए अल्पकालीन निविदा डाल सकते है। विस्तृत जानकारी जिला के पोर्टल https://giridih.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह0/– जिला शिक्षा अधीक्षक, गिरिडीह
ह0/– उप विकास आयुक्त, गिरिडीह

PR 291877 School Education and Literacy (22-23)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

**अति अल्पकालीन ई– निविदा (चतुर्थ आमंत्रण)**

**(P.R No 289551 )**

निविदा सं०:–15 of 2022–23 तिथि –03.03.2023

| क्र0 | कार्य का नाम | Maintenance of House keeping ,gardening , Catering ,security , Water supply , Electricity , Inverter , Generator Set with fuel etc. Arrangement in VISWA ( Hostel buiding ,Training Centre , dormitory building ) , Near Jora pool kanke Road Ranchi Under D.W. & S. Division, Gonda , Ranchi - For Year 2022-23 ( Month Sept. 2022 to August 2023) |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 30.88214 लाख |
| 2 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | 62,000.00 |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि (रू०) | 5,000.00 |
| 4 | कार्य समाप्ति की अवधि | 1 वर्ष |
| 5 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 06.03.2023 up to 05.00 P.M. |
| 6 | बीड प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | 13-03.2023 up to 03.30 P.M. |
| 7 | बैंक गारण्टी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं स्थान, | 14.03.2023 10:00 A.M. से 3:00 P.M. तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8 | निविदा खोलने की तिथि | 15.03.2023 up to 4.00 P.M. |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 10 | ई0 प्रोक्युरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0 | 8789136206 |
| 11 | ई0 प्रोक्युरमेंट केन्द्र का हेल्पलाईन नम्बर :– | |

नोट :– 1. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है तद्नुरुप परिमाण विपत्र का मूल्य तथा अग्रधन की राशि बढ़ या घट सकती है।

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

जल ही जीवन है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गोन्दा, राँची।

PR.NO.291946 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

### e- Procurement Cell
### OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
### BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT, BUILDING CIRCLE, HAZRIBAG.

**Notice Inviting Tender ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

Tender Reference No.- **BCD/BCHZB/BOKARO/27/2022-23** **Date:-28-02-2023**

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT CHIRUDIH, BLOCK- BERMO , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 2 | CONSTRUCTION OF HSC (HWC) BUILDING AT BHANDARIDAH, BLOCK- BERMO , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 3 | CONSTRUCTION OF HSC (HWC) BUILDING AT DUGDHA, BLOCK- BERMO , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 4 | CONSTRUCTION OF HSC (HWC) BUILDING AT GHATIYARI , BLOCK- BERMO , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 5 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT CHIDRI, BLOCK- GOMIA , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 6 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT HAZARI, BLOCK- GOMIA , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 7 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT HURLANG, BLOCK- GOMIA , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 8 | CONSTRUCTION OF HSC (HWC) BUILDING AT ARAJU, BLOCK- JARIDIH , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 9 | CONSTRUCTION OF HSC (HWC) BUILDING AT BAGDA, BLOCK- KASMAR , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 10 | CONSTRUCTION OF HSC (HWC) BUILDING AT CHANDIPUR, BLOCK- KASMAR , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 11 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT KEDLA, BLOCK- KASMAR , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 12 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT PONDA, BLOCK- KASMAR , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 13 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT ARGAMO, BLOCK- NAWADIH , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 14 | CONSTRUCTION OF HSC (HWC) BUILDING AT ARJUA, BLOCK- PETERWAR , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 15 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT JHUNJHKO, BLOCK- PETERWAR , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 16 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT PICHDI, BLOCK- PETERWAR , DIST- BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.03.2023 | |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 21-03.2023 को अपराह्न 11.30 बजे | |
| 3 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। | |
| 4 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546-222640 | |
| 5 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546-222640 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

**Nodal Officer,**
e- Procurement Cell
Office Of The Superintending Engineer,
Building Construction Department
Building Circle, Hazaribag.

PR 291870 (Building) 22-23 (D)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग

**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–58/2022–23**

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–58/2022–23

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.03.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 15.03.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 15.03.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, राँची, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची एवं नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | E/R TO PAINTING AND TATA BLUE SHEET WORK FOR STAFF QUARTER IN EX C.M SRI SIBU SOREN RESIDENCE AT MORABADI RANCHI FOR THE YEAR 2022-23. | 232550.00 | 4700.00 | 500.00 | 10 Days |
| 2 | E/R TO CONSTRUCTION OF SMALL ROOM IN EX C.M SRI SHIBU SOREN RESIDENCE AT MORABADI RANCHI FOR THE YEAR 2022-23. | 240800.00 | 4900.00 | 500.00 | 10 Days |
| 3 | E/R TO PAINTING WORK AND MISCELLANEOUS WORK FOR BACK SIDE THREE ROOMS IN EX. C.M SRI SIBU SOREN RESIDENCE AT MORABADI RANCHI FOR THE YEAR 2022-23. | 237300.00 | 4800.00 | 500.00 | 10 Days |
| 4 | E/R TO DEVELOPMENT OF GRASS LAWN IN CAMPUS OF E TYPE QUARTER NO 1 AT MAYER'S ROAD RANCHI FOR THE YEAR 2022-23 | 227100.00 | 4600.00 | 500.00 | 10 Days |
| 5 | LEAK REPAIR OF CIVIL COURT MAIN BUILDING, ANNEXI BUILDING AND EIGHT FAST TRACK COURT BUILDING AT CIVIL COURT CAMPUS AT RANCHI FOR THE YEAR 2022-23 | 218050.00 | 4400.00 | 500.00 | 10 Days |
| 6 | E/R TO KOTAH STONE WORK IN BACK SIDE VERANDAH AND PAVER BLOCK WORK IN BACK SIDE OPEN AREA IN EX C.M SRI SIBU SOREN RESIDENCE AT MORABADI RANCHI FOR THE YEAR 2022-23. | 236350.00 | 4800.00 | 500.00 | 10 Days |
| 7 | E/R TO FALSE CEILING, UPVC WINDOW AND FLOOR TILES FOR BACK SIDE ROOM IN SENIOR OFFICER'S OTR NO. 7 AT BOOTY ROAD RANCHI | 242150.00 | 4900.00 | 500.00 | 10 Days |
| 8 | E/R TO FLAG HOISTING STAGE. GABIAN, GAMLA PAINTING. GRILL PAINTING AND SAINITARY FITTING WORKS IN CIVIL COURT AT KUTCHERY ROAD RANCHI FOR THE YEAR 2022-23. | 203700.00 | 4100.00 | 500.00 | 10 Days |
| 9 | E/R TO BATH ROOM IN QTR NO D3 & D4 (NEW) AT DINDAYAL NAGAR BOOTY ROAD RANCHI FOR THE YEAR 2022-23 | 227300.00 | 4600.00 | 500.00 | 10 Days |
| 10 | E/R TO EXTERIOR PAINT WORK FOR RESIDENCE NO-01 AT BOOTY ROAD RANCHI FOR THE YEAR 2022-23. | 247000.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 11 | E/R TO CONSTRUCTION OF WATER TANK FOR FISH AREA IN RESIDENCE NO-01 AT BOOTY ROAD RANCHI FOR THE YEAR 2022-23. | 245600.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 12 | E/R TO MAIN BUILDING IN OFFICER'S FLAT NO-08 AT DINDAYAL NAGAR BOOTY ROAD RANCHI FOR THE YEAR 2022-23. | 246650.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 13 | E/R TO CONSTRUCTION OF SEPTIC TANK AND SANITARY WORK IN P.S FLAT NO 03 AT DINDAYAL NAGAR BOOTY ROAD RANCHI. | 227800.00 | 4600.00 | 500.00 | 10 Days |
| 14 | E/R TO GENERATOR ROOM OF YOJNA BHAWAN AT DORANDA RANCHI FOR THE YEAR 2022-23 | 248100.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 15 | E/R TO PAINTING OF GAMLA, FLOWER BED TREE IN THE HIGH COURT & JUDGES GUEST HOUSE, BUNGALOW NO-132 AND NYAYA SEWA-SADAN (JHALSA), RANCHI FOR THE YEAR 2022-23 | 248250.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 16 | E/R TO WATER PROOFING TREATMENT AND PAINTING WORK IN HEAD ROOM AT D TYPE QTR. NO 01 AND 03 (PTI RESIDENCE DINDAYAL NAGAR BOOTY ROAD RANCHI FOR THE YEAR 2022-23 | 248150.00 | 5000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 16 | PLANTATION AND MAINTENANCE OF GARDENING FOR CIRCUIT HOUSE AT CIRCULAR ROAD, RANCHI | 246650.00 | 5000.00 | 5000.00 | 10 Days |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 291901 Building(22-23)D

## 6 मार्च को होली मिलन व पत्रकार व नागरिक के बीच होगा मैत्री क्रिकेट मैच : धनेश्वर महतो

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा में होली के शुभ अवसर पर 6 मार्च दिन सोमवार को होली मिलन समारोह सह पत्रकार एकादश और नागरिक एकादश के बीच प्रदर्शनी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जायेगा। उक्त जानकारी प्रेस वार्ता में आयोजन समिति के प्रबंधक सह विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो एवं कोच समाजसेवी शंकर रवानी ने महुदा मोड़ में जानकारी दिया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाघमारा के लोक प्रिय विधायक विधायक ढुल्लू महतो होंगे , साथ ही बाघमार प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति, अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह, महुदा पुलिस अंचल निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी गंगा सागर ओझा एवं क्षेत्र सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विवाह भवन कला भवन के सामने धनबाद जिला परिषद संवेदक संघ की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें धनबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सभी संवेदको ने भाग लिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता आकाश रवानी ने की और संचालन रसाद खान ने किया उक्त कार्यक्रम में विशेष कलाकारों द्वारा गाने-बजाने का भी आयोजन किया। संघ के अध्यक्ष आकाश रवानी ने कहा कि होली भाईचारे का त्यौहार है और आज विभिन्न समुदाय के लोगों ने यहां पर आकर के होली मिलन समारोह को सफल बनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह संरक्षक पप्पू चौरसिया संवेदक काशीनाथ प्रसाद संवेदक मनोज रवानी, महबूब आलम, संदीप मंडल, बबलू तिवारी, सुमित घोष, समीर रवानी, मोहम्मद असलम, गोपीनाथ महतो, मुकेश सिंह, अजय गुप्ता, रंजन सिंह, मोहम्मद साहबउद्दीन, पंकज सिंह, गुड्डू चौधरी, धनेश्वर सिंह एवं सैकड़ों संवेदक उपस्थित थे।

## रंगोली, चित्रांकन व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड, महिला विकास समिति के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार 1 मार्च से लेकर 8 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करना है। इसी कड़ी में आज रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर रंगोली प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया गया। इसमें तेजस्विनी क्लब के किशोरियों एवं युवतियों ने मुख्य रूप से भाग लिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा रंगोली में प्रथम स्थान प्राप्त दीप्ति कुमारी, द्वितीय स्थान प्राप्त सुनीता कुमारी, तृतीय स्थान प्राप्त पुष्पांजलि कुमारी, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली हैप्पी रानी, द्वितीय स्थान पूजा कुमारी एवं तृतीय स्थान पुष्पा कुमारी को प्रदान किया गया। वहीं चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम दीप्ति कुमारी, द्वितीय अंजली कुमारी व तृतीय स्थान अलीशा खान ने प्राप्त किया। जिसे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## डिप्लोमा इन चाइल्ड हेल्थ कोर्स के लिए असर्फी हॉस्पिटल का चयन

**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** असर्फी हॉस्पिटल प्रबंधन ने प्रेस




विज्ञप्ति जारी कर बताया की असर्फी हॉस्पिटल धनबाद को डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड द्वारा डिप्लोमा इन चाइल्ड हेल्थ कोर्स के संचालन के लिए चिन्हित किया गया है। बताया की डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड, नई दिल्ली जिसे डी.एन.बी. के नाम से भी जाना जाता है, के द्वारा चिन्हित होने के बाद अब नीट द्वारा चयनित छात्र छात्रायें एम.बी.बी.एस की डिग्री लेने के बाद द्विवर्षीय डिप्लोमा इन चाइल्ड कोर्स कर सकेगें। डी.एन.बी द्वारा जारी पत्रादेश के अनुसार यह मान्यता 2023-27 सत्रों के लिए दिया गया है तथा असर्फी हॉस्पिटल में कार्यरत पीडियाट्रिक विभाग के चिकित्सकों को चिन्हित कोर्स के लिए फैकल्टी के रूप में भी मान्यता प्रदान किया गया है। ज्ञात हो कि रिम्स, रांची एवं एम.जी.एम जमशेदपुर में भी यह कोर्स संचालित हो रहा है। इस मान्यता का बहुत ही दूरगामी परिणाम होने कि संभावना है। असर्फी हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक विभाग में धनबाद एवं आसपास के ज़िलों के अति गंभीर बिमारी से ग्रसित नवजात एवं शिशु रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया जाता है। संकाय के फैकल्टी डॉ. शशांक शेखर एवं डॉ. मनीष कुमार ने मान्यता मिलने पर अपनी खुशी का इजहार किया है तथा पुरे हॉस्पिटल में उल्लास का माहौल है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आशीर्वाद जाँच घर के उद्घाटन के




अवसर पर जामाडोबा मे असर्फी हॉस्पिटल के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। विशेष रूप से ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, इसीजी, पल्स, ऑक्सीजन लेवल एवं आँखों की जाँच बिल्कुल मुफ्त मे की गई। शिविर का उद्घाटन ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान, वार्ड संख्या 14 की पार्षद पद की उम्मीदवार जुली परवीन एवं ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ ने किया। वहीं इस कार्यक्रम का संचालन दीपक चटर्जी एवं सय्यद अरमान ने किया तथा इसे सफल बनाने मे आरिफ सिद्दिकी, मो इमरान, मो वसीम, खुशबू फरहा, फौजिया परवीन, असर्फी हॉस्पिटल के सूरज मिश्रा, शेख रऊफ, ओम प्रकाश, ज्योती मुर्मू, मोनालिसा, सुजाता, फहमिदा तबस्सूम, सुरेश शर्मा आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## यूनिटी कप कैरम बोर्ड प्रतियोगिता संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** छाताबाद सामुदायिक भवन में साबिर खान मेमोरियल क्लब के तत्वाधान में शनिवार को यूनिटी कप कैरम बोर्ड टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर ग्रुप में मो रिंकू विजेता रहे जबकि मो जागीर उपविजेता बने। जूनियर यूनिटी टूर्नामेंट में मो असजाद विजेता तथा मो इमरान उपविजेता बने। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में वरीय अधिवक्ता दीप नारायण सिंह, पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान एवं फिरोज राजा ने पुरस्कार देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मो सोनू, मो चुन्नू, मो राजू, मो साहिल, मो सगिर, मो इमरान, मो टोनू, जितेंद्र यादव, मो मेराज, दिनेश, मो आतिफ आदि कि सराहनीय भूमिका रही। अंपायर की भूमिका मो सोनू एवं मो चुन्नू ने निभाई।

### एमआर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित

# सभी अधिकारियों से अभियान को सफल बनाने का अनुरोध

<u>प्रभात मंत्र संवाददाता</u>

**गिरिडीह :** समाहरणालय सभागार कक्ष में खसरा एवं रूबेला संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम को लेकर एमआर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन के चिकित्सक डॉ अमित कुमार तिवारी के द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से सभी अधिकारियों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि एक राष्ट्व्यापी अभियान के अन्तर्गत खसरा तथा रूबैला के प्रति सुरक्षा प्रदान करने के लिए खसरा-रुबैला (एम.आर.) का एक टीका स्कूलों तथा आउटरीच सत्रों में आरम्भ किया जाएगा। इस एम.आर. टीके को बाद में नियमित टीकाकरण




में शामिल कर लिया जाएगा। यह महत्वपूर्ण है कि इस अभियान के अन्तर्गत 9 माह से 15 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को यह टीका लगाया जाएगा, भले ही पहले उन्हें एम आर/एम.एम.आर. का टीका दिया जा चुका हो। मूल कारण खसरा रोग के सफाये तथा रुबैला को नियंत्रित करने के लिए 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को यह टीका दिया जाना अत्यावश्यक है। खसरा एक बेहद संक्रामक रोग है। यह इससे प्रभावित व्यक्ति के खांसने और छींकने से फैलता है। खसरा-रूबेला (एमआर) का टीकाकरण खसरा और रुबैला बीमारियो से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ ही यदि गर्भवती महिलाओं को रुबैला के प्रति प्रतिरक्षित किया जा चुका है। शिशु भी जेनिटल ला सिंड्रोम (सीआरएस) के प्रति सुरक्षित रहेंगे। आज के कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी संबंधित अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## यातायात पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**डबल हेलमेट का करें उपयोग, नहीं तो कटेगा चालान**

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यातायात पुलिस एवं परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार 4 मार्च को डबल हेलमेट, सीट बेल्ट तथा अन्य कागजात की जांच का अभियान चलाया गया। यातायात डीएसपी राजेश कुमार तथा जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह सिटी सेंटर व पुलिस लाइन के पास वाहन जांच अभियान में मौजूद थे। डीटीओ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले कई महीनों से यातायात नियमों की अवहेलना को रोकने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दोपहिया वाहन के साथ पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट लगाना अति आवश्यक है। वहीं यातायात डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि पिछले कई महीनों से डबल हेलमेट, सीट बेल्ट तथा काली फिल्म के खिलाफ यह अभियान जोरों से चलाया जा रहा है। अभियान से धनबाद वासियों में काफी जागरुकता भी आई है। मोटरसाइकिल चालक हेलमेट लगाकर चल रहे हैं, लेकिन उनके साथ पीछे बैठे लोग हेलमेट नहीं लगा रहे है।

## भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा की बैठक



**टुंडी ( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** टुंडी के रतनपुर स्थित स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा की बैठक की रूपरेखा तैयार करने को लेकर आज शनिवार को गिरिडीह लोकसभा के 16वीं सांसद रविन्द्र कुमार पाण्डेय पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और आगे की रणनीति में जुट गए। बताया जाता है कि कल रविवार को प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति की बैठक आहूत की गयी है इसी को लेकर बिशेष मंत्रणा की गयी मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव कमिश्रा, मनजीत अकेला, विक्रांत उपाध्याय, सुरेन्द्र , प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह राजेश चौधरी, राजेश सिंह,मनीष साव अशोक मिश्रा, सहित कई सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम पहुंची धनबाद

## नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों पर कार्रवाई का निर्देश

<u>प्रभात मंत्र संवाददाता</u>

**धनबाद :** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम शनिवार को धनबाद पहुंची। वहां आयोग की टीम ने परिसदन में बैठक की। इस मौके पर टीम ने बाल संरक्षण पर जोर दिया और बाल मजदूरी रोकने जैसे गंभीर मुद्दों पर कई निर्देश दिए। आयोग की टीम ने कहा कि माइनिंग से जुड़े उद्योगों में बाल मजदूरों को न लगाया जाये। इसे लेकर टीम गठन करने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया। कहा गया कि विशेष जांच दल गठित कर छापेमारी अभियान चलायें। कस्तूरबा गांधी विद्यालय के निरीक्षण के क्रम मे विद्यालय की नारकीय स्थिति को देखते हुए है स्कूल प्रबंधन को विशेष दिशा निर्देश दिए और संचालक को फटकार भी लगाई।



धनबाद डीएससी को कहा कि बीपीएल संबंधित नामांकन को लेकर जो भी स्कूल आनाकानी कर रहे हैं उन पर त्वरित कार्रवाई की जाए। इसके अलावा प्राइवेट स्कूल अगर परीक्षा से पूर्व पैसा जमा करने की जिद करते हैं और बच्चों को परीक्षा में बैठने ना देने की धमकी देते हैं तो उन पर भी कार्रवाई की जाए। इस दौरान टीम के सदस्यों ने बताया कि माइनिंग से जुड़े उद्योग, ईट भट्ठे, क्रशर उद्योग में बाल मजदूरी रोकने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने बताया कि माइनिंग उद्योग से जुड़े संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें आयोग के निर्देशों से अवगत कराया जाए। साथ ही कहा कि नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा स्कूली बसों की भी निगरानी करने का निर्देश दिया।

## डीडीसी ने सामाजिक सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना




<u>प्रभात मंत्र संवाददाता</u>

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज समाहरणालय परिसर से जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ को रवाना करने के बाद उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंड एवं पंचायतों का भ्रमण करेगा। इस दौरान महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं के संबंध में लोगों को जागरूक करेगा। इसका उद्देश्य हर योग्य व्यक्ति को योजना का लाभ प्रदान करना है। वहीं सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग कुमार बंधु कच्छप ने कहा कि आज से लेकर 10 दिनों तक जागरुकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंड एवं पंचायतों का भ्रमण करेगा। इस दौरान लोगों को केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय परिवार हितलाभ योजना इत्यादि के संबंध में जागरूक करेगा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग कुमार बंधु कच्छप, कार्यपालक पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के रंजीत, कृष्ण, प्रोमिला, मोहम्मद कादिर, टिंकू चन्द्र दास, रंजीत तुरी व अन्य कर्मी मौजूद थे।

## होली के अवसर पर सिंकदराबाद व दानापुर के बीच चलेगी होली स्पेशल

<u>प्रभात मंत्र संवाददाता</u>

**हाजीपुर :** होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेषल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है ।

इनमें से अब तक 36 जोड़ी स्पेषल ट्रेनों की सूचना पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जा चुकी है ।

इसी क्रम में आरा-बक्सर-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर के रास्ते सिकंदराबाद और दानापुर के मध्य 01 जोड़ी स्पेशल ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 07219 सिकंदराबाद-दानापुर होली स्पेषल 05 मार्च, 2023 (रविवार) को सिकंदराबाद से 10.00 बजे खुलकर सोमवार को 20.30 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 07220 दानापुर-सिकंदराबाद होली स्पेषल 09 मार्च, 2023 (गुरूवार) को दानापुर से 20.50 बजे खुलकर शनिवार को 04.40 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। इस प्रकार अब तक होली के अवसर पर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने/गुजरने वाली कुल 37 जोड़ी स्पेषल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है । इन स्पेशल ट्रेनों द्वारा कुल 170 फेरे लगाए जायेंगे ।

## माँ ने अपने ही बेटे पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप, बेटे ने आरोपों को बताया बेबुनियाद





**एमपीएल/निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिला के निरसा प्रखंड अंतर्गत पंडरा निवासी शुभ्रा तिवारी ने अपने ही कोख मे पले अपना सगा बेटा देवज्योति तिवारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे बड़े बेटे देवज्योति तिवारी ने धोखे से मुझसे एक कागजात पर दस्तखत करवा लिया। जिसमे मेरी सारी चल अचल सम्पत्ति का मालिकाना हक देवीज्योति तिवारी ने अपने नाम करवा लिया जब भी मै उनके पास उक्त कागज को दिखाने या देने की बात करती तो वह मेरी बातो को आनाकानी करते थे, शुभ्रा तिवारी ने आगे बताया कि मै तत्काल धनबाद न्यायलय मे जाकर लिखित आवेदन के साथ इसका बिरोध किया है। सुभ्रा तिवारी के बड़े बेटे देवज्योति तिवारी ने अपने ऊपर लगे सारे आरोपो को बेबुनियाद एवम निराधार बताया है ।

## महिलाओं को समानता का संवैधानिक अधिकार : सुजीत

**डालसा मना रहा है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा**



<u>प्रभात मंत्र संवाददाता</u>

**धनबाद :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान मे प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सुजीत कुमार सिंह के निर्देश पर बलियापुर प्रखंड कार्यालय मे महिला सशक्तिकरण हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि 4 मार्च से 11 मार्च 2023 तक जिले के सभी प्रखंडों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा मनाया जाएगा जिसमें जिले के दूर सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे महिलाओं तक संविधान वर्णित कानूनी अधिकार के बारे मे जागरूक किया जाएगा। इस कड़ी मे आज बलियापुर प्रखंड मे प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पैनल अधिवक्ता सुधीर सिन्हा एवं संचिता डे के द्वारा दर्जनों की संख्या में उपस्थित समाजसेविका एवं ग्रामीण महिलाओं को महिलाओं का कानूनी अधिकारों जैसे घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पोक्सो अधिनियम, पीएनडीटी अधिनियम, एसिड अटैक, लेबर अधिनियम, मातृत्व अधिनियम, भरण पोषण अधिनियम आदि के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

डालसा द्वारा शिविर के दौरान पंपलेट और स्टडी मैटेरियल का वितरण किया गया। न्यायाधीश के द्वारा कहा गया कि समानता का अधिकार संवैधानिक अधिकार है। इसकी संरक्षण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम हमेशा तत्पर है। जागरूकता शिविर को सफल बनाने में जेएसएस जलेश्वर दास और प्रखंड के कर्मचारीगण एवं डालसा सहायक सौरव सरकार, राजेश कुमार सिंह, पीएलबी हेमराज चौहान, अजीत कुमार दास, शैलेंद्र दास के द्वारा अहम भूमिका निभाई गई।

## आपूर्ति विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न

<u>प्रभात मंत्र संवाददाता</u>

**गिरिडीह :** समाहरणालय सभागार कक्ष में उप विकास आयुक्त, शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक तथा जिला आपूर्ति कार्यबल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वैसे राशन कार्डधारी जो पिछले कई महीनों से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं उनपर उप विकास आयुक्त ने सख्ती बरतने के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से जन प्रतिनिधियों को राशन का उठाव नहीं करने वाले लोगों की सूची उपलब्ध करायेंगे। सभी पी.वी.टी.जी परिवारों को प्रति माह समय पर खाद्यान्न का पैकेट उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। सोना सोबरन धोती साड़ी योजनान्तर्गत वस्त्रों का वितरण प्रखण्डस्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय जन प्रतिनिधियों के माध्यम से कराने की बात कही गई। अयोग्य / मृत / स्थानांतरित लोगों का नाम राशन कार्ड से हटाने की कार्रवाई, नया राशन कार्ड / सदस्यों का नाम राशन कार्ड में जोड़ने की कार्रवाई,,राशन कार्ड में छुटे हुए मोबाईल नंबर / आधार संख्या / बैंक खाता को जोड़ना, छः माह से राशन कार्ड उठाव नहीं करने वाले राशन कार्डधारियों की जांच करना, डूप्लीकेट यू.आई.डी. की जांच, धोती- साड़ी योजना के तहत वितरण एवं राशि जमा कराना, पेट्रोल सब्सिडी योजना के तहत लाभुकों को प्रेरित करना एवं ड्राईविंग लाईसेंसको जोड़ने की कार्रवाई कराना। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस ने समाहरणालय भवन व बिग बाजार में लगाया हर्बल गुलाल का स्टॉल

### लोगों ने खूब सराहा, हाथों हाथ बिक गए प्राकृतिक हर्बल गुलाल

<u>प्रभात मंत्र संवाददाता</u>

**धनबाद :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा होली पर्व को लेकर समाहरणालय, मिश्रित भवन तथा बिग बाजार में पलाश ब्रांड प्राक्रतिक हर्बल गुलाल का स्टॉल लगाया गया है। इस संबंध में जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती रीता सिंह ने बताया कि होली पर्व को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी अंतर्गत गोविंदपुर, बलियापुर तथा तोपचांची से लगभग 134 सखीमंडल की दीदीयों के द्वारा पलाश ब्रांड के अंतर्गत पलाश के फूल, बीट, चंदन, फल, पत्तियों, पालक, चुकंदर, मुल्तानी मिट्टी युक्त निर्मित प्राकृतिक हर्बल गुलाल का निर्माण पिछले एक माह से किया जा रहा है।




सखी मंडल की दीदीयों के द्वारा तैयार आर्गेनिक हर्बल गुलाल निर्माण के बाद पलाश ब्रांड के अंतर्गत आकर्षक पैकेजिंग के जरिए विभिन्न पलाश मार्ट एवं पलाश होली स्पेशल काउंटर समाहरणाल, उप विकास आयुक्त कार्यालय एवं बिग बाजार के पास स्टॉल में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया पलाश ब्रांड के तहत सखी मंडल के दीदीयों के द्वारा निर्मित प्राकृति हर्बल गुलाल स्थानीय बाजार में काफी पसंद किया जा रहा है। इस पहल से दीदीयों को त्योहार के समय अतिरिक्त आमदनी हो रही है।

# डीसी ने की समाज कल्याण विभाग के साथ समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समर अभियान, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, भी.एच.एस.एन.डी., प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण अभियान, भी.एच.एस.एन.डी. एवं टीकाकरण, पोषाहार, कुपोषण उपचार केंद्र में एनीमिक बच्चों का ईलाज, गर्भवती महिलाओं की एएनसी चेकअप एवं आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका का नियुक्ति से संबंधित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की ।उपायुक्त ने समर अभियान अंतर्गत कार्यों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये. उन्होंने समर अभियान के तहत डाटा एंट्री की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए. सावित्रीबाई फुले की समृद्धि योजना की समीक्षा कर उन्होंने ने छूटे हुए योग लाभुकों की चयन कर एक सप्ताह के अंदर योजना से जोड़ते हुए लाभान्वित करने का निर्देश दिया. साथ ही योजना का प्रखंड स्तर पर जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार करने की बात कही. मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से संबंधित आवेदनों को महिला परिवेक्षिक को ससमय विभाग में जमा करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने भी.एच.एस.एन.डी. में गर्भवती महिलाओं का ए.एन.सी. चेकअप की समीक्षा का आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने जिले के सभी एलेस को भी.एच.एस.एन.डी. के दिन आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित होकर फोटोग्राफ्स के साथ रिपोर्ट भेजने की बात कही। कुपोषण उपचार केंद्र में एनीमिक बच्चों का चयन करते हुए इलाज हेतु शत प्रतिशत बच्चों का भर्ती कराने का निर्देश दिया. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत मासिक प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। पूरक पोषाहार कार्यक्रम के अंतर्गत एम.एफ.ई.डी.एफ मैं माह 6 से 3 वर्ष के बच्चों एवं 6 माह से 6 वर्ष के अतिकुपोषित बच्चों को शिशु आहार मीठा दलिया एवं गर्भवती महिला एवं धात्री महिलाओं को मीठा दलिया एवं नमकीन दलिया वितरण वितरण की समीक्षा की। पूरक पोषाहार कार्यक्रम अंतर्गत 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी सेविका द्वारा केंद्र में गर्म ताजा भोजन मुहैया कराई जाती है जिसकी विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावे कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा, अनुमण्डल पदाधिकारी श्री महेन्द्र कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, जेएसएलपीएस डीपीएम श्रीमती मनीषा सांचा, महिला परिवेक्षिका, समाज कल्याण विभाग के कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जेएसएलपीएस की महिलायें हुई सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 के अवसर पर, दीनदयाल उपाध्याय कौशल योजना के तहत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के राज्य कार्यालय द्वारा आहूत सम्मान समारोह में सिमडेगा जिले से जेएसएलपीएस की प्रमुख जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती मनीषा मालिनी सांचा को कौशल विकास के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने के लिए नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनका कार्य समाज में खासकर महिलाओं के विकास के लिए प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है। इसके अतिरिक्त जिले के ठेठईटांगर से जेंडर सी आर पी एवं जलडेगा प्रखंड से जॉब रिसोर्स पर्सन को स्किल डेवलपमेंट में उत्कृष्ट कार्य पर नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया साथ ही प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भी प्रदान किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने जब्त ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध कारवाई कर दोनो अभियुक्त को भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंदगड़ी मोड़ से पुलिस अधीक्षक द्वारा जब्त ट्रैक्टर मालिक एवं चालक के विरुद्ध कारवाई करते दोनो अभियुक्त को गिरफ्तार कर शुक्रवार देर शाम जेल भेजा गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप से पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा शुक्रवार सुबह अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया था। जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए ट्रैक्टर मालिक लक्ष्मण उराँव एवं चालक नवीन उराँव को गिरफ्तार कर शुक्रवार देर शाम जेल भेजा गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर मालिक द्वारा पुलिस का रेकी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जबकि ट्रैक्टर चालक को अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए एवं खनन विभाग का राजस्व क्षति करने के आरोप में सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि अवैध बालू खनन एवं परिवहन मामला में तथा पुलिस का रैकी करने के आरोपी के विरुद्ध खनन एवं परिवहन विभाग कारवाई करते हुए सेन्हा थाना में कांड संख्या 30/23 दर्ज कर दोनो आरोपी अभियुक्त को लोहरदगा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के पश्चात मंडल कारा लोहरदगा भेजा गया।

## अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को अधिवक्ता संध अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी की अध्यक्षता में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रधान न्याधीश, कुटुम्ब न्यायालय, जिला न्यायाधीश, तृतीय सभी न्यायिक पदाधिकारियों के अलावा जिला अधिवक्ता संध के सभी सदस्य गन उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुमार सच्चिदानंद सिंह, मुरारीलाल अग्रवाल द्वारा होली से संबंधित कविताओं तथा चुटकुले से सभी का मन मोह लिए। कार्यक्रम को न्यायिक पदाधिकारियों के अलावा महासचिव लाल दीपक कुमार, हेमंत सिन्हा, विवेक कुमार, इत्यादि द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सह सचिव लाल धर्मेंद्र देव द्वारा किया गया।

## युवा सद्भवना मंच के तहत बालिका क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहतदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के नंदलाल प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में शनिवार को प्रखंड प्रशासन और पुलिस प्रशासन का संयुक्त तत्वाधान में बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैच का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ विजय कुमार थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया। बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान नंदलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु के 11 वीं और 12 वीं कक्षा की छत्राओ का दो टीम बनाया गया। जिसमें दोनों टीम को 8-8 ओवर का मैच खेलाया गया।खेल में पहले बैटिंग करते हुए 12 वीं बालिकाओं द्वारा 54 रन बनाकर जीत के लिये 55 रनों का लक्ष्य दिया गया। जिसमे 8 बॉल शेष रहते 11 वीं की छत्राओ ने 55 रन बनाकर मैच जीत लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने बालिका खिलाड़ीयों और ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि होली और सब -ए -बरात का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ सभी लोग मिल जुल कर मनायेंगे साथ ही सभी को पर्व का शुभकामना भी दिया।साथ ही कहा कि युवक युवती पढ़ाई के साथ साथ खेल पर ध्यान दें और सभी लोग सुख दुःख में एक दूसरे का साथ देते हुए मिल जुल कर रहें। बालक बालिका का खेल के क्षेत्र में कोचिंग दिया जा रहा है द्य उस में भाग लें वही थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने कहा की आपसी सौहार्द और एकता को बनाये रखने के उद्देश्य से सद्भवना मंच के तहत खेल कूद आयोजन कराया जाता है। इसके माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने में मदद मिलेगा और इसे लोग द्वेष,बुराई जैसा भवना को भूल कर गाँव मे एकता और प्रेम के साथ रहने का प्रयास करेंगे साथ ही कहा कि पर्व त्योहार या अन्य मौके पर भी किसी तरह की परेशानी होती है। तो थाना में आकर प्रशासन से अपनी समस्या रखें सभी लोगो का हर सम्भव मदद किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ मे लेने का कोशिश नही करेंगे तो अच्छा होगा। और गलत करने वालों के प्रति सख्त कानूनी करवाई किया जायेगा। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी विजय कुमार, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य के अलावे विद्यालय के छात्र छात्र और ग्रामीण मौजूद थे।

# महिला बंदियों के बीच चलाया गया विधिक जागरूकता कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय महिला आयोग एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के समन्वित प्रयास से दिनांक 04.03.2023 से 11.03.2023 तक पूरे देश में अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह मनाया जा रहा है। झालसा रांची के निर्देश पर एवं डालसा अध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में डालसा लोहरदगा भी 04 मार्च 2023 से लोहरदगा जिला के विभिन्न स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पीएलवी के सहयोग से प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल कारा लोहरदगा में संसीमित महिला कैदियों से की गई। उपस्थित महिला कैदियों को संबोधित करते हुए महिला अधिवक्ता मोमीना खातुन ने महिला अधिकारों से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। वहीं डालसा सचिव राजेश कुमार ने राष्ट्रीय महिला आयोग एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के बारे में बतलाया तथा किस तरह जिला विधिक सेवा प्राधिकार से महिलाएं इसका लाभ ले सकती हैं इस संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कई महिला बंदी के समस्याओं को सुना गया। कार्यक्रम के दौरान दो महिला बंदियों ने अन्य पांच महिला बंदियों को जो निरक्षर हैं को अगले एक माह में साक्षर बना देने का संकल्प लिया। मौके पर जेलर सुबोध कुमार भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ महिलाओं को लेकर कानूनी जागरूकता शिविर का समापन किया गया।

## भाजपा का बूथ स्तर पर सशक्त शक्ति केंद्र ही विजय का मूल मंत्र : मनीर उरांव



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला द्वारा पंचायत स्तर पर अल्पकालीन विस्तारक की कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय लोहरदगा में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने की एवं मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनीता सिंह उपस्थित थी। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने 89 शक्ति केंद्र से आए भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी ने 2014 से चुनाव लड़ने की जो रणनीति बनाई थी उसमें मतदान केंद्र को और सशक्त बनाने हेतु शक्ति केंद्र को सशक्त बनाने का निर्णय लिया है उसके निमित्त आज के बैठक उन शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं के साथ हो रही है जो देश एवं अपने क्षेत्र में विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनीता सिंह ने कार्यकर्ताओं को कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार अंतोदय जिसमें समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने की जो सोच दी थी उसे आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। आज लोहरदगा जिला के सुदूरवर्ती गांव में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक उनकी मूलभूत आवश्यकताएं पहुंच रही है चाहे उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना हो,जल ही जीवन है मिशन के माध्यम से प्रत्येक घर तक पीने का पानी पहुंचाने का कार्य कर रही है, आजादी के 70 वर्षो तक जिन गांव में बिजली नहीं पहुंची थी वहां तक बिजली पहुंचाने का भी काम कर रही है,आयुष्मान योजना के माध्यम से स्वास्थ्य योजनाएं चलाई जा रही है जिसमें गंभीर बीमारियों का आयुष्मान के माध्यम से इलाज कराया जा सकता है,मुद्रा योजना से बेरोजगारों को रोजगार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। यह सब योजनाएं आप सभी कार्यकर्ताओं के दम पर भारतीय जनता पार्टी को मिले वोट से केंद्र में सरकार बनी तब यह संभव हो पाया। आप सभी कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्र के माध्यम से सभी मतदान केंद्रों को सशक्त बनाना है। मतदान केंद्र में बैठक कर मतदान केंद्र समिति को और भी सशक्त बनाने के कार्य करते हुए वहां रहने वाले जनता को बताना है कि कमल के निशान पर मतदान करने के कारण नरेंद्र मोदी की सरकार बनी जिससे मोदी सरकार ने गरीब कल्याण के लिए प्रयास किया।

## होली व शब-ए-बरात पर्व को लेकर झखरा और बुटी में हुआ शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत झखरा व बुटी ग्राम में होली और शब ए बरात का त्योहार शान्ति एवं सौहार्द से मनाने को लेकर शान्ति समिति का बैठक आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देशानुसार थाना प्रभारी धनंजय पासवान के निर्देश पर ए एस आई राजेश शर्मा के नेतृत्व में होली व शब-ए-बरात पर्व शांति और आपसी सौहार्द के साथ मनाने को लेकर थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत झखरा और बुटी ग्राम मे शांति समिति का बैठक आयोजन कर ग्रामीणों को शांति, प्रेम व भाईचारा के साथ त्योहार मनाने का दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देश देते हुए कहा गया कि त्योहार के दौरान अश्लील और भड़काऊ गाना नही बजाना है। और सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक पोस्ट नही करने का भी सख्त निर्देश दिया गया। मौके पर वार्ड सदस्य मन्टू साहु, रामपती देवी के अलावे अफजल अन्सारी, राजेश जायसवाल, अमानुल्ला अन्सारी, गन्दूर उराँव, सराफत अन्सारी, धर्मदेव महतो, करमा उराँव, मुमताज अन्सारी, जहीरुद्दीन अन्सारी, रामदेव महतो, नूरहसन अन्सारी सहित दोनों समुदाय के गणमान्य सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा नेता सह जलडेगा सांसद प्रतिनिधि मिले हाथी पीड़ित परिवार से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि जलडेगा ने जलडेगा प्रखंड के ओरगा पहाड़ टोली में हाथी के उत्पात से पीड़ित परिवार से मिले। बताते चलें कि वहाँ जंगली हाथी ने बीती रात को लगभग 11 बजे के आसपास ओरगा पहाड़ टोली पहुंचकर गहरी नींद में सो रहे गरीबों के आशियाने को अंधेरी रात में गंभीर रूप से ध्वस्त कर दिया और घर में रखे अनाज भी खा गए। जंगली हाथी ने 20 मिनट के अंदर बहुत तेजी से तूफानी चाल में 5 घरों को ध्वस्त कर डाला, घर में सो रहे लोगों को और गांव वालों को भी संभालने का मौका नही दिया।रात में नेलशन जोजोवर, जिरगी जोजोवार, जोसेफ जोजावर, चामा जोजोवार और मनबोध जोजावर के घर को गंभीर रूप से तोड़ दिया है। पीड़ित परिवारों ने सांसद प्रतिनिधि से मुआवजा दिलाने की मांग रखी,उसके बाद सांसद प्रतिनिधि ने वन विभाग से संपर्क कर अविलंब मुआवजा, राहत सामग्री मोबिल तेल छड़, जूट बोरा आदि हाथी प्रभावित छेत्र में वितरण करने का निर्देश वन विभाग को दिया।

## मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज में मना लैम्प लाईटिंग कैपिंग समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में लैम्प लाईटिंग कैपिंग समारोह मनाया गया। जिसमें ए.एन.एम.की तीस छात्राएं और जी.एन.एम की चालीस छात्राओं को प्राचार्या संगीता कुमारी ने नर्सिंग शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा ने छात्राओं की उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए अपने संबोधन में छात्राओं को कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा पीड़ितों की सच्ची सेवा ही ईश्वर की सेवा है। विशिष्ट अतिथि कोलेबिरा प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, डॉ.के. के. शर्मा, बानो चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.रवि कुमार ने अपने विचार रखे और छात्राओं को कैपिंग सेरेमनी की शुभकामना दी। निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा ने कहा कि नर्सिंग शपथ आपको एक अलग पहचान देती है, इस स्कूल से निरंतर पंद्रह स्टेट टापर छात्राएं इस स्कूल का नाम रोशन कर रही है आप सब भी अपने मेहनत से मंजिल प्राप्त करें। आज के कार्यक्रम में डॉ.शेखर, रेलवे पुलिस बिजय पांडेय, थाना प्रभारी फिलिप मिंज, सचिव निभा मिश्रा डिप्टी डायरेक्टर बिल्लू अग्रवाल, प्रभा सुरीन अलबिना तोपनो, रश्मि बाड़ा, निभा खलखो, लीला, मटिलदा, बिनीता पन्नालाल, चूड़ामणि यादव और सभी अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कोर्डिनेटर रविकांत मिश्रा ने किया।

## जीवन को आसान बनाता है विज्ञान : शशिधर

# सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में विज्ञान एवं हस्तकला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में शनिवार को विज्ञान एवं हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा नगर क्षेत्र में विद्या भारती विद्यालयों के प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष विनोद एवं अजय प्रसाद और प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ सी वी रमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। अतिथियों का स्वागत और परिचय महिला आचार्य नीतू कुमारी ने किया। विज्ञान प्रदर्शनी में सुभाष उरांव, अंकित टोप्पो, रोहन उरांव, मुकेश उरांव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इन्होंने वॉटर डिस्टलेशन पर आकर्षक मॉडल बनाया दूसरा स्थान आर्यन साहू ने प्राप्त किया। इन्होंने हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट पर बहुत ही सुंदर मॉडल प्रस्तुत किया। तीसरा स्थान शशि कच्छप, सुषमाभिषेक लकड़ा, सुहानी टोप्पो एवं सोनी उरांव की टीम ने प्राप्त किया। इन्होंने ह्यूमन बॉडी की संरचना पर बहुत ही सुंदर मॉडल बनाया। हस्तकला प्रदर्शनी में सोनी कुमारी, रीना कुमारी तथा रोशनी उरांव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान आशीष तिर्की एवं विकास उरांव की टीम और तीसरा स्थान पूनम कुमारी तथा प्रियंका उरांव की टीम ने प्राप्त किया। विज्ञान प्रदर्शनी में रिया कुमारी, ईशा कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, सृष्टि श्रेया बागे,पायल वर्मा, अवंतिका कुमारी पुजारी, आकर्षी कुमारी, तनु कुमारी, बबली कुमारी, सोनाली मिंज, सोनी कुमारी, विक्की टोप्पो, रौशन उरांव, अंशु उरांव, आदित्य कुमार, रेहान फजल, आदित्य उरांव, अभिषेक तिग्गा, अमन उरांव, रोहित कुमार साहू, सत्यम कुमार, रामनंदन साहू, लाल अभिषेक नाथ शाहदेव, आशुतोष कुमार साहू, अंकित कुमार साहू, राज प्रजापति, राधेश्याम दास गोस्वामी, बादल कुमार, लाल रौनक नाथ शाहदेव, आदित्य राज, मृत्युंजय पाठक, विष्णु साहू, राजन साहू, अमित मुंडा, रोहित उरांव, रोहित उरांव, उज्जवल जयसवाल, अल्फा कुजूर, कोमल कुमारी साहू, नेहा कुमारी, पूजा कुमारी ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। कला प्रदर्शनी में मेहुल कुमारी, संजना कुमारी, होलिका उरांव, प्रफुल्लित केरकेट्टा, अंकित उरांव ने भी आकर्षक प्रदर्शनी प्रस्तुत की। विज्ञान में 20 और हस्तकला में 8 टीमों को मिलाकर लगभग एक सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायकों की टोली में रसायन की महिला आचार्य स्नेहा शर्मा और अंग्रेजी की महिला आचार्य चेतना प्रिया शामिल थी। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि सकारात्मकता और रचनात्मकता विद्यार्थियों की सफलता में कारगर भूमिका निभाती है। विज्ञान के बदौलत ही हमें यह वातावरण प्राप्त हुआ है।

## विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल ने आम जनता की समस्या के समाधान को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को बरवा टोली लोहरदगा में स्थित विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता,आम जनता के द्वारा कार्यालय पहुंच अपनी अपनी समस्या विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद के समक्ष रखी गई। ग्रामीणों के द्वारा आवेदन दे कहा गया कि कैरो प्रखंड के खवास अम्बवा में विगत कुछ दिनों से 25 केवी का ट्रांसफार्मर जली हुई थी जिसे तत्काल त्यौहार को देखते हुए बदलने का काम की मांग की गई। साथ ही भंडरा प्रखंड के हाटी कुंबा टोली में 100 केवी का ट्रांसफार्मर विगत कुछ महीनों से जली हुई है जिसे बदलने की मांग की गई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद के द्वारा संबंधित पदाधिकारी से बात कर होली एवं शबे बरात के त्यौहार को देखते हुए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलने की बात कही। ताकि शबे बरात एवं होली के त्यौहार में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न ना हो सके साथ ही पेसरार प्रखंड से आए ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम यह मांग किया गया कि ग्राम केरार में राशन से संबंधित एवं आवास से संबंधित समस्या आवेदन देकर रखी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए विधायक प्रतिनिधि ने संबंधित पदाधिकारी से बात कर जल्द सभी आम ग्रामीण जनता की जो समस्या है उसको निष्पादन करने का बात कही।

## होली व शब-ए-बारात को लेकर युवा सद्भावना दूत व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभगार में शनिवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में होली व सब-ए-बारात को लेकर युवा सद्भावना दूत व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुआ। बैठक में शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भंडरा प्रखंड हर क्षेत्र के लिए मिशाल है। भंडरा प्रखंड में सभी धर्म के लोग एक दूसरे के त्योहार में बराबर के भागीदारी निभाते है। उन्होंने कहा कि होली व सब-ए-बारात का त्योहार सभी को मिलकर मनाना है। इस दौरान कोई भी शरारती तत्व द्वारा आपसी सौहार्द खराब करने की कोशिश करता है, तो इसकी सूचना अविलंब प्रखंड प्रशासन को देना सुनिश्चित करें। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि आम जनता की खुशी के लिए भंडरा पुलिस प्रशासन प्रखंड के हर क्षेत्र में मुस्तैद रहेगी। भंडरा में अमन-चैन कायम रखने के लिए प्रखंड प्रशासन कृतसंकल्पित है। उन्होंने होली के दौरान अश्लील गाना नहीं बजाने की अपील की है। मौके पर रऊफ अंसारी, परमेश्वर महली, गुलाम अंसारी, तिवारी भगत, नित्यलेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन 16 व 17 मार्च को

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में संचालित लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल एवं अंधापन नियंत्रण उन्मूलन, झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 16 व 17 मार्च को मोतिताविंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। यह ऑपरेशन शहर के सद्दीक मंजिल चौक स्थित लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में होगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन देश के मशहूर नेत्र सर्जन डॉ. ध्रुव ज्योति सरकार करेंगे। इनके साथ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. एस. सिंह भी रहेंगे। मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वाले मरीजों का स्क्रीनिंग टेस्ट 12,13 व 14 मार्च को लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में किया जायेगा। मरीजों का रजिस्ट्रेशन, जांच, दावा, चश्मा व ऑपरेशन निःशुल्क होगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वाले मरीज लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में पहुंच कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। गौरतलब है को इस हॉस्पिटल में हर साल मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाता है। साथ ही समय-समय पर जांच शिविर लगा कर कई अन्य रोगों का भी निःशुल्क जांच कर उसका ईलाज किया जाता है। लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल के निदेशक डा ए अंसारी ने बताया कि मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वाले मरीज अस्पताल में पहुंच कर अपना निबंधन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पलामू से अंधापन नामक बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा। इसी प्रयास के तहत मोतियाबिंद के ऑपरेशन का कार्यक्रम रखा गया है।



### गुमला में अपराधियों ने दो युवकों को मारी गोली

**गुमला :** चैनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात अपराधियों ने दो युवकों को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर स्थिति में दोनों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के लंगड़ा मोड़ स्थित दो अलग-अलग घरों में घुसकर अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। घटना में राहिल अमन (18) और इमरान खान (22) घायल हो गए। दोनों के परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में भर्ती कराया, जहां से सदर अस्पताल गुमला भेजा गया। दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उनको रांची रिम्स रेफर कर दिया है। एक युवक के हाथ में और दूसरे की कमर में गोली फंसे होने की बात बताई जा रही है। घर में घुसकर युवकों को गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने चैनपुर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची चैनपुर की पुलिस जांच में जुट गई है। घटना में शामिल एक अपराधी की पहचान हो चुकी है, जो बरवे नगर चैनपुर का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस मुखबिरी के आरोप में नक्सली संगठन द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बम निरोधक दस्ते के कर्मियों का होगा बीमा

**रांची :** झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से नक्सल विरोधी अभियान में लगे बम निरोधक दस्ते के 59 कर्मियों का 55 लाख रुपये का बीमा होगा। इस संबंध में झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से टेंडर जारी किया गया है। टेंडर भरने की अंतिम तिथि 31 मार्च तय की गयी है। बीमा एक साल के लिए होगा। बीमा योजना के तहत प्रति कर्मचारी 2950 रुपये साल भर के लिए देय होंगे। बम निरोधक दस्ते के कर्मियों की मौत होने पर 100 प्रतिशत बीमा कवर दिया जायेगा। इसके तहत 55 लाख रुपये दिये जायेंगे। पूरी तरह से विकलांग होने पर भी 100 प्रतिशत बीमा का लाभ मिलेगा। आंशिक विकलांगता पर 50 प्रतिशत, चोट के कारण निजी या सरकारी अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 20 लाख रुपये का बीमा कवर मिलेगा। बम का पता लगाने, डिफ्यूज करने और सड़क दुर्घटना सहित अन्य दुर्घटना होने पर बीमा के तहत 15 लाख मिलेंगे।

## सारा अली खान की एक और फिल्म होगी ओटीटी पर रिलीज

**कम समय में लोगों के दिलों में खास जगह बनाया सारा ने**

एजेंसी

**मुंबई :** एक्ट्रेस सारा अली खान कम समय में लोगों के दिलों में खास जगह बना चुकी हैं। फिल्म केदारनाथ से एक्टिंग की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस की एक और फिल्म जल्द ही सीधा ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उनकी आगामी फिल्म गैसलाइट को निर्माताओं ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने का फैसला किया है। फिल्म में सारा के साथ विक्रांत मेसी भी नजर आने वाले हैं।



**गैसलाइट ओटीटी पर होगी रिलीज:** जानकारी के मुताबिक इस फिल्म को 31 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। गुलमोहर के प्रमोशन के दौरान अपनी दादी व दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर से बात करते हुए सारा ने कहा कि गैसलाइट का प्रीमियर मार्च में ही इसी प्लेटफॉर्म पर होगा। बता दें कि यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया है। फिल्म में चित्रांगदा सेन भी नजर आने वाली हैं।

**इन फिल्मों में दिखेंगी सारा:** इससे पहले सारा अली खान की पिछली फिल्म भी इसी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम अतरंगी रे था। इस फिल्म में उनके अलावा धनुष और अक्षय कुमार अहम भूमिकाओं में दिखे थे। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लोगों ने मिली जुली प्रतिक्रिया दी थी। वहीं, सारा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह जल्द ही लक्ष्मण उतेकर की फिल्म फिल्म में भी दिखेंगी। फिलहाल इस फिल्म के नाम की घोषणा नहीं की गई है। इसके अलावा वह मर्डर मुबारक नाम की फिल्म में भी अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाती नजर आने वाली हैं।

## मनीष सिसोदिया की रिमांड 6 मार्च तक बढ़ी

एजेंसी

**दिल्ली :** शराब नीति केस में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया की रिमांड दो दिन के लिए बढ़ा दी गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम को 6 मार्च तक सीबीआई कस्टडी पर भेज दिया। वहीं, सिसोदिया की तरफ से दाखिल जमानत याचिका पर कोर्ट 10 मार्च को फैसला सुनाएगा। आज यानी शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सिसोदिया की पेशी हुई। सीबीआई ने कोर्ट से तीन दिन के लिए उनकी कस्टडी मांगी थी। सिसोदिया 26 फरवरी को गिरफ्तार हुए थे। कोर्ट ने उन्हें 27 फरवरी को पांच दिन के लिए सीबीआई रिमांड पर भेजा था। रिमांड की अवधि आज यानी 4 मार्च को पूरी हो गई है। 27 फरवरी को कोर्ट ने सिसोदिया को 5 दिन की कस्टडी में भेजा था, जो 4 मार्च को पूरी हो गई। 27 फरवरी को कोर्ट ने सिसोदिया को 5 दिन की कस्टडी में भेजा था, जो 4 मार्च को पूरी हो गई। शुक्रवार को सिसोदिया ने निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में उन्होंने लिखा कि सीबीआई की पूछताछ में उन्होंने सहयोग किया है। जब भी उन्हें बुलाया गया, वे आए हैं। उन्होंने दलील दी कि उन्हें कस्टडी में रखने के पीछे अब कोई वाजिब कारण नहीं है, क्योंकि सारी रिकवरी तो सीबीआई कर चुकी है। कोर्ट ने कहा जमानत याचिका पर 10 मार्च को दोपहर 2 बजे सुनवाई होगी। कोर्ट ने सिसोदिया को 6 मार्च तक सीबीआई की कस्टडी में भेज दिया। सिसोदिया की कस्टडी बढ़ाने पर दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने कर्नाटक के दावणगेरे में निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी के एक नेता का बेटा 8 करोड़ रुपए के साथ पकड़ा गया, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई। हो सकता है कि बीजेपी उसे अगले साल पद्म भूषण दे दें। 8 करोड़ रुपए उसके घर से मिले और गिरफ्तार मनीष सिसोदिया को किया। मनीष सिसोदिया के घर पर छापेमारी के दौरान कुछ नहीं मिला था। राउज एवन्यू कोर्ट में सिसोदिया की पेशी से पहले ही सीबीआई ऑफिस के बाहर पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स और सीआरपीएफ को तैनात कर दिया गया। सिसोदिया को कोर्ट ले जाने के लिए सीबीआई ऑफिस से गाड़ियों का बड़ा काफिला रवाना हुआ। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। सीबीआई ने 26 फरवरी को सिसोदिया को 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। 27 फरवरी को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को सिसोदिया की 5 दिन की कस्टडी दी थी। 28 फरवरी की सुबह कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की।



## राहुल गांधी ने विदेश की धरती पर भारत का मान बढ़ाया : कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस का दावा है कि चार बार के सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी को संबोधित करते हुए भारत का मान ही बढ़ाया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा राहुल गांधी पर आधारहीन आरोप लगा रही है। सुप्रिया ने कहा राहुल गांधी जब कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी जैसे शैक्षणिक संस्थान में अमेरिका और चीन के बीच के द्वंद में भारत की भूमिका और लोकतंत्र पर चर्चा करते हैं तो वे भारत का मान बढ़ाते हैं न कि अपमानित करते हैं। राहुल ने वहां कहा था कि आर्थिक तरक्की के लिए विकासशील देशों को उत्पादन पर जोर देना होगा। जिससे किसी एक का एकाधिकार न होने पाए। सुप्रिया ने कहा कि चीन मुद्दे पर राहुल गांधी से सवाल पूछने के बजाय भाजपा नेताओं को पीएम मोदी से सवाल पूछना चाहिए। वो पीएम मोदी ही हैं जो जिनपिंग के साथ झूला झूलते नजर आए थे। भारत-चीन सीमा विवाद पर पीएम मोदी ने ही चीन को क्लीनचिट दी है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में दिए अपने संबोधन के दौरान देश की बुराई की है। जबकि कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी ने वहां देश का मान बढ़ाया है।ले किन उनके बयान को भाजपा गलत तरिके से पेश कर रही है।



## पानी को लेकर होगा आर पार की लड़ाई : मुन्ना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** अगर पानी की समस्या का समाधान हमारे वार्ड वासियों का नहीं हुआ तो पूरे शहर का पाइप लाइन सप्लाई लाइन बंद कर दिया जाएगा. यह निर्णय वार्ड नंबर 20 के वासी मजबूरी में ले रहे हैं। क्योंकि यह वही कहानी चरितार्थ करती है जल बिन मछली प्यासी। पूरे शहर का सप्लाई लाइन हमारे पंपू कल पर निर्भर है और हम लोगों को ही पानी नहीं मिलता है। और निगम व पीएचडी अफसर और कर्मचारी अच्छी तरह समझ ले की अगर हमारे वार्ड में पानी नहीं मिला तो आप जितने भी अफसर हैं उनका भी सप्लाई लाइन बंद किया जाएगा। वार्ड नंबर 20 के पूर्व वार्ड कमिश्नर के प्रतिनिधि मुन्ना कुमार ने आरोप लगाया है कि वर्तमान वार्ड पार्षद निकम्मा हो गया है। उसको जन समस्याओं से कुछ लेना ही देना नहीं है. मैं वार्ड नंबर 20 की जनता की ओर से पीएचइडी कर्मी निगम कर्मी एवं बिजली विभाग के कर्मियों से अनुरोध करता हूं आग्रह करता हूं कि वार्ड नंबर 20 की समस्या का पानी बिजली की समस्या का समाधान करें। अन्यथा इस बार आर-पार की लड़ाई होगी। जिसकी सारी जिम्मेवारी आप सभी निगम कर्मियों एवं पीएचडी कर्मियों की होगी।



**डेडिकेटेड प्रीमियर स्कूल डीपीएस सुदना के बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन**

## क्वालिटी एजुकेशन डीपीएस की पहचान : डा. श्वेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर में स्थित डेडिकेटेड प्रीमियर स्कूल (डीपीएस) का वार्षिक परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। मौके पर स्कूल के बच्चों ने अपने हाथों से बनाकर विभिन्न प्रकार के क्राफ्ट और कैलीग्राफी का स्वयं ही प्रदर्शन किया।आईआईटी गुरु ई. विनय मेहता ने कहा कि यह स्कूल में बच्चों को 3डी लर्निंग आधार बनाकर शिक्षा दी जा रही है। इसमें छात्रों को फाउंडेशन लेवल में सीबीएसई एवं एनसीईआरटी के पैटर्न पर पढ़ाया जाता है। इसके बाद एडवांस लेवल में बच्चों को स्पीड एक्यूरेसी एवं क्रिटिकल एनालेसिक करने के लिए अधिक से अधिक प्रैक्टिस कराया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य है छात्र प्रतियोगिता परीक्षा जैसे ओलंपियाड केवीपीवाई और एनटीएसई इत्यादि की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि डेडिकेटेड प्रीमियर स्कूल के 20 बच्चे 100 प्रतिशत अंक लाने में सफल हुए हैं जबकि 27 बच्चे 95 प्रतिशत, 22 बच्चे 90 और 28 बच्चे 80 प्रतिशत के बीच अंक लाने में सफल रहे हैं। शेष सभी बच्चे 70 प्रतिशत अंक लाकर उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। मेहता ने कहा कि नेशनल साइंस ओलंपियाड में कक्षा 6 के बच्चों में अस्मित सम्राट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 63वां रैंक हासिल किया। तीसरी कक्षा की छात्रा श्रेया निधि ने गणित में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 53 रैंक हासिल की है। प्रथम वर्ग के दिव्यांशु दिव्य ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान प्राप्त किया है।डीपीएस की संरक्षक डॉ श्वेता कुमारी ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए डीपीइस की पहचान है। डीपीएस के प्राचार्य क्षितिज कुमार ने कहा कि बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से हमारी हौसला बढ़ा है।



## नीतीश ने राजद के सामने कर दिया आत्मसमर्पण : उपेन्द्र कुशवाहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अररिया :** विरासत बचाओ नमन यात्रा के तहत पश्चिम चंपारण के भितिहरवा आश्रम से यात्रा पर निकले राष्ट्रीय लोक समता दल के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के पूर्व राज्य मंत्री उपेंद्र कुशवाहा अररिया के फारबिसगंज में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने पार्टी को गिरवी रख राजद के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने पार्टी को गिरवी रख कर राजद के हाथों खुद को आत्मसमर्पण कर दिया है। जब आधा राजद शासन के अन्दर है, तब बिहार में फिर से लॉ एंड ऑर्डर की वास्विकता दिखने लगी है। उन्होंने कहा कि कल जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे तो उनके साथ रहने वाले लोगों का क्या हश्र होगा, वह झलक दिख रही है।उन्होने कहा कि पार्टी में रहते उन्होंने आईना दिखाने का काफी प्रयास किया, लेकिन जिन कारणों से उन्होंने पार्टी छोड़ी उन्हें कारणों को बताते हुए जदयू की नेत्री ने भी शुक्रवार को पार्टी छोड़ी है।उन्होंने कहा कि जदयू में दो चार लोग हैं जो अपनी उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं और अब जदयू का अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने इसका मूल कारण नीतीश कुमार के बिहार को गलत रास्ते पर ले जाने का निर्णय बताया।इसी कारण से पार्टी की दुर्गति हो रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा से लैस जननायक कर्पूरी ठाकुर की जो विरासत थी।



## पर्यावरणविद कुशल ने पौधारोपण कर वृक्षों पर किया रक्षाबंधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** टीपू सुल्तान के जन्म भूमि कर्नाटक के मैसूर जिले के श्रीरंगापटनम और कर्मभूमि बेंगलुरु जिले के लालबाग समेत कई स्थानों पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, बिपिएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार और प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, कर्नाटक के नवमनोनित प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण हेगड़े एवं सचिव अंजू बंसल के साथ पौधा रोपण कर वृक्षों पर रक्षाबंधन किया। वहीं उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म की पाठ भी पढ़ाया। कार्यक्रम के उपरांत आंध्र प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर ने पर्यावरण धर्मगुरु व सचिव, कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष व सचिव को सम्मानित किया। वनराखी मूवमेंट के प्राणेता कौशल ने बताया है कि बेंगलुरु में मेट्रो लाइन चालू करने में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की गई है जिस अनुपात में पेड़ों की कटाई की गई है उससे 10 गुना पौधों की रोपाई नहीं की गई है। जिससे यहां का मौसम में भारी परिवर्तन हुआ और तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई हैं। तापमान घटाने के लिए जिस तरह 1790 में टीपू सुल्तान ने कई देशों से पौधा लाकर अपने कर्म क्षेत्र में लगाया था जो आज लालबाग से प्रसिद्ध है । उसी तरह पर्यावरणविद कौशल ने पर्यावरण धर्म और वन राखी मूवमेंट के तहत जंगल लगाओ जंगल बचाओ को लेकर 1983 में कर्नाटक आया था और 25 वर्ष पूरा होने के उपरांत सिल्वर जुबली मनाने के लिए 2008 में आया था। इसके बाद 2015 में महात्मा गांधी कृषि विश्वविद्यालय बेंगलुरु में आकर पौधरोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन किया। इसके बाद 2023 में 15 दिनों से दक्षिण भारत के प्रवास के दौरान विभिन्न जगहों पर पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन किया जा रहा है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि उनके द्वारा चलाए गए निशुल्क पौधा वितरण सह रोपन के 56 वर्ष और पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के 46वां वर्ष पूरा होने के उपरांत पिछले वर्ष नेपाल भूटान समेत देश के 10 राज्यों में दो लाख पौधों का वितरण सह रोपण के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया था । जिसकी शुभारंभ माह जुलाई में पलामू प्रमंडलीय आयुक्त ने छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर से निशुल्क पौधा वितरण शिविर एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया था। पर्यावरणविद कौशल ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए दक्षिण भारत के कई राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए 17 फरवरी से ही दौरे पर हैं । अब तक झारखंड समेत बिहार ,बंगाल, उत्तर प्रदेश ,छत्तीसगढ़ तमिलनाडु सात राज्यों 14 जिलों में कार्यक्रम का आयोजन किए जा चुके हैं। उसी की कड़ी में कर्नाटक में कार्यक्रम का संचालित किया जा रहा है ।इसके बाद केरल, आंध्र प्रदेश और पांडिचेरी में भी कार्यक्रम किए जाएंगे । साथ ही कार्यक्रम को वृहद आकर देने के उद्देश्य से उन प्रदेशों में नए अध्यक्षों और सचिवों की नियुक्ति भी किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में आंध्र प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर, ओशो,संगीता, धनंजय कुमार, धनिया,शांतनु कुमार, प्रसाद, संतोष कुमार आदि शामिल थे।



## जनजातीय समाज में होलिका दहन नहीं, फगुआ काटने की है परंपरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** आधुकिता के इस दौर में बहुत की परपंराएं अपना अस्तित्व खोती जा रही हैं, पर कुछ रीति-रिवाज ऐसे हैं, जो बड़े-बड़े झंझावातों के बीच भी अपने को बचाकर रखने में सफल रही हैं। उन्ही परंपराओं में एक है फाग या फगुआ काटना जिसे संवत काटना भी कहते हैं। आम तौर पर रंगों के त्योहार होली के पूर्व फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाता है, जिसमें लकड़ियों को जमाकर उसे जलाया जाता है, लेकिन जनजातीय समाज और दक्षिणी छोटानागपुर के खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, सिंहभूम आदि जिले में गैर आदिवासियों द्वारा होलिका दहन की नहीं, फाग काटने की परंपरा है। फाल्गुन पूर्णिमा की रात को शुभ मुहूर्त में गांव के पाहन द्वारा सेमल या एरंड की डालियों पर खेर घास या पुआल लपेटकर उसे जलाया जाता है और जलती हुई डालियों को गांव के लोग तलवार या दूसरे धारदार हथियारों से काटते हैं। पूजा के दौरान पाहन द्वारा पूजा-अर्चना के बाद मुर्गे की बलि दी जाती है। फाग जलने से उठने वाले धुएं की दिशा देखकर पाहन भविष्यवाणि करता है कि उस वर्ष वर्षा कैसी होगी और खेती-किसानी की स्थिति क्या होगी। फाग काटने के पूर्व रात को गांव के पुरुष और बच्चे सामूहिक रूप से नाचते-गाते फाग काटने वाले स्थान जिसे फगुवा टांड़ कहा जाता है। वहां पहुंचते हैं और पाहन द्वारा पूजा-अर्चना के बाद फाग या संवत काटते है। पहला फाग काटने का अधिकार गांव के पाहन को ही है। पाहन के बाद ही गांव के लोग संवत काटते हैं। दूसरे दिन अर्थात होली के दिन गांव के लोग ढोल-मांदर की थाप पर नाचते-गाते फगुवा टांड़ पहुंचते हैं और वहां की राख का लगाते हैं और दूसरे को भी भस्म का टीका लगाकर एक दूसरे को होली और नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं।

### फाग काटने को लेकर प्रचलित हैं कई किंवदंतियां

आमतौर पर होलिका दहन की कहानी राजा हिरण्यकश्यप और उसकी बहन होलिका से जुड़ी हुई है, पर छोटानागपुर के जनजातीय समाज इस धार्मिक मान्यता के अनुसार होलिका दहन नहीं करते हैं। आदिवासी बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन के लिए सेमल की डाली में खैर घास या पुआल लपेटकर पूजा-अर्चना और मुर्गे या भेड़, बकरे की बलि देने के बाद पाहन द्वारा पूजा के दीप से ही उसमें आग लगाई जाती है। जब डाली जलने लगती है, तब पाहन सहित गांव के सभी लोग डाली को धारदार हथियार से काटते हैं। इसे ही फाग काटना कहा जाता है। कर्रा प्रखंड के जोजोदाग गांव के हरि पाहन बताते हैं कि कबिला काल के समय जनजातीय समाज शिकार पर ही आश्रित था। शिकार के दौरान एक बार रास्ते में बड़ा सांप मिला जिसे सांसूडी कहते हैं, जो सांस से ही जानवरों को खींचकर अपना निवाला बना रहा था। भविष्य में किसी प्रकार का नुकसान ना हो इसके लिए सभी ने उस विशालकाय सांप को मारने का निर्णय लिया। उसी समय एक महिला ने सुझाव दिया कि क्यों ना आग लगाकर धधकते आग को माथे पर लेकर उस रास्ते से गुजरा जाए। रास्ते से गुजरने पर सांप अपनी सांस से उसे अपनी ओर खिंचेगा और आग व राख से बुरी तरह घायल हो जाएगा। इसके बाद सभी मिलकर उसे मार देंगे। ऐसा ही किया गया। महिला आग को माथे पर लेकर उस रास्ते से गुरजने लगा तो सांप उसे अपनी ओर खींचा। इसके बाद आग व राख से सांप अंधा हो गया और घायल हो गया। इसके बाद लोगों ने उसे मार दिया। सांप सेमल के पेड़ पर रहता था। आदिवासियों ने उस पेड़ में सूखे खैर बांधकर उसमें आग लगा दी, ताकि कोई दूसरा सांप अगर हो तो वह भी जिंदा न रहे। इसलिए फाग के दिन आदिवासियों में सेमल की डाली पर खैर बांधकर जलाने की परंपरा है। तोरपा प्रखंड के उकड़ीमाड़ी गांव के ग्राम प्रधान हरखू मुंडा बताते हैं कि प्राचीन समय में सारू पहाड़ नाम का एक विशाल पर्वत था, जिस पर एक सेमल का पेड़ था। उस पेड़ पर दो राक्षस रूपी गिद्ध सोनो और रूपों रहते थे। दोनों गिद्धत मनुष्य के छोटे-छोटे बच्चों को अपना आहार बना लेते थे। इससे लोग परेशान होने लगे और बच्चों की जान की रक्षा के लिए भगवान शंकर से विनती करने लगे। महादेव ने इन गिद्धों को मारने के लिए लोहार से 12 मन का धनुष और नौ मन का तीर बनाने के लिए कहा। ठीक फागू चंदो अर्थात फागुन पूर्णिमा के दिन एक मचान बनाकर भगवान महादेव वहां बैठ गए और पूर्णिमा की चांद की रोशनी से देखकर पेड़ पर बैठे दोनों गिद्धों को मार गिराया। उस सेमल के पेड़ पर और कोई राक्षस ना रह सके, इसके लिए गांव वालों ने सेमल के पेड़ को आग लगाकर जला दिया। राक्षसों के मारे जाने की खुशी में गांव वालों ने दूसरे दिन जमकर उत्सव मनाया। उसके बाद से ही फागुन पूर्णिमा दिन सेमल के पेड़ को जलाने की परंपरा और दूसरे दिन उत्सव मनाने की परंपरा की शुरुआत हुई, जो आज भी चल रही है।

